सुप्रभात
रांची, मंगलवार
21.05.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 306



5वें चरण में 8 राज्यों की 49 सीटों पर 57.47% से अधिक वोटिंग, बंगाल में हिंसा

# वोटरों का उत्साह भीषण गर्मी पर भारी

## चतरा में 62.96, हजारीबाग 64.32, कोडरमा में 61.60% वोटिंग, गांडेय विस उपचुनाव में 68.26% मतदान

| ओवरआल मतदान | 63.00 % |
|---|---|
| चतरा | 62.96 % |
| हजारीबाग | 64.32 % |
| कोडरमा | 61.86% |
| गांडेय विस उपचुनाव | 68.26% |

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश के 8 राज्यों की 49 लोकसभा सीटों के लिए सोमवार को पांचवे चरण का मतदान शांतिपूर्ण रहा। वहीं झारखंड में दूसरे चरण की तीन (चतरा, हजारीबाग और कोडरमा ) लोकसभा सीटों पर मतदाताओं ने भीषण गर्मी और नक्सली धमकी के बावजूद बढ़चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया। कहीं से हिंसा की कोई बड़ी खबर नहीं है। आयोग के अनुसार तीनों सीटों पर शाम 7:00 बजे तक ओवरऑल 63.00 प्रतिशत वोटिंग हुई। चतरा-62.96 %, हजारीबाग-64.32 % और कोडरमा में 61.86% मतदाताओं ने वोट डाले।

लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर कोई उत्साहित था। हर आम और खास ने अपने-अपने घरों से निकलकर वोट कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। वहीं गंडेय विधानसभा उपचुनाव में सबसे अधिक 68.26% मतदाताओं ने मतदान किया।

ईवीएम जमा होने के बाद फाइनल मतदान प्रतिशत जारी होगा। वोटिंग में दिखा उत्साह, पर पिछले सम कम हुई वोटिंग। धूप में मतदान के लिए खड़े रहे और अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मतदाताओं के इस उत्साह को देखकर लोग यह भी कहते दिखे कि मतदाताओं के उत्साह के आगे भीषण गर्मी भी हार गयी।



### गांडेय व तीनों लोकसभा सीटों पर गठबंधन मजबूत : कल्पना



**रांची।** गांडेय विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने वोटिंग के दौरान पार्टी नेताओं के साथ गिरिडीह की कई बूथों का जायजा लिया। सोनबाद में मतदान केंद्र से बाहर निकलने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात की और कहा कि मतदाता मतदान के लिए उत्साहित हैं, जो बेहद सुखद तस्वीर है। उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव समेत तीनों लोकसभा सीटों के मतदान को देखते हुए पता चलता है कि इंडिया गठबंधन मजबूत है। तीनों संसदीय सीटों व गांडेय में भाजपा की हार तय है।

### दिग्गजों ने डाले वोट, किया जीत का दावा

**गिरिडीह** सांसद और एनडीए के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपनी पत्नी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और अपनों के साथ रजरप्पा के बूथ नंबर 196 पर अपना वोट डाला। कोडरमा विधायक नीरा यादव झरीतांड के बूथ संख्या 239 पर अपने परिवार के साथ पहुंची और लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने पैतृक गांव कारी के आबुकातू पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीट जीतकर देश में एनडीए को टक्कर देगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के कोदाईबांध में मतदान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने अपनी पत्नी नीलिमा सिन्हा के साथ हजारीबाग के सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुपाद स्थित मतदान केंद्र में वोट डाले। कोडरमा लोक सभा के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सह बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने अपने गांव बगोदर के खंभरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 404 में मतदान किया। केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने करियाबर की बूथ संख्या 196 पर अपने परिवार के साथ मताधिकार का प्रयोग किया। गांडेय उपचुनाव में झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन अलग अलग बूथ पर जाकर मतदान का जायजा ले रही थीं। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपने गांव पंचायत सचिवालय आरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 313 में परिवार के साथ पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा है। भाजपा अपने घोषणाओ के अनुरूप पूरे जनसमर्थन के साथ सरकार बनायेगी। बूढ़ा पहाड़ से सटे बंदुआ मतदान केंद्र पर मतदाताओं की भारी भीड़ थी।

### गांडेय के मतदाताओं में भारी उत्साह

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में 68.26 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### इनकी प्रतिष्ठा दावं पर

इस चरण में एक केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मंत्री समेत तीन मौजूदा विधायकों की किस्मत दांव पर है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा से उम्मीदवार हैं। चतरा से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, हजारीबाग से मनीष जायसवाल और जेपी पटेल, जबकि बगोदर से विधायक विनोद सिंह की किस्मत दांव पर है।

### शांतिपूर्ण रहा मतदान

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि दिनभर हुए मतदान में कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से शाम सात बजे तक का आंकड़ा जारी कर दिया गया है।

### हजारीबाग में दो बूथों पर नहीं पड़े वोट

चुनाव आयोग ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 183 और 184 पर लोगों ने वोट बहिष्कार किया है। इस वजह से वहां एक भी वोट नहीं पड़े हैं।

### इवीएम में आती रही तकनीकी खराबी

दिनभर चले मतदान के दौरान ईवीएम में कई जगह से तकनीकी खराबी की सूचना आती रही। इस कारण काफी संख्या में वैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट बदलना पड़ा। मतदान के दौरान तीनों संसदीय क्षेत्र में 24 वैलेट यूनिट,16 कंट्रोल यूनिट और 87 वीवीपैट बदले गये। आंकड़ों के मुताबिक चतरा में 14 वैलेट यूनिट, 07 कंट्रोल यूनिट और 38 वीवीपैट बदले गए हैं। वहीं कोडरमा में 08 वैलेट यूनिट, 08 कंट्रोल यूनिट और 28 वीवीपैट बदले गए। हजारीबाग में भी ईवीएम में तकनीकी खराबी की सूचना आई। हजारीबाग में 02 वैलेट यूनिट,01 कंट्रोल यूनिट और 21 वीवीपैट बदले गये।

### 2019 की तुलना में कम हुई वोटिंग

2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोटिंग प्रतिशत कम होता दिख रहा है। अंतिम वोटिंग प्रतिशत 21 मई को देर शाम तक आयोग द्वारा जारी किया जायेगा। सोमवार शाम छह बजे तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले चुनाव में चतरा में 64.98%, कोडरमा 66.68% और हजारीबाग में 64.85% मतदान हुए थे। गांडेय की बात करें तो यहां विधानसभा चुनाव 2019 में 69.56 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## न्यूज डायरी

### सड़क हादसे में 19 बैगा आदिवासियों की मौत

कवर्धा ( छत्तीसगढ़)। तेंदूपत्ता तोड़ कर लौट रहे 19 बैगा आदिवासियों की सड़क हादसे में मौत हो गयी। जंगल से लौटते वक्त रास्ते में उनका वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट गड्ढे में पलट गया। बैगा आदिवासियों की मौत पर पीएम मादी दुख जताया है।

### बोकारो में आज राजनाथ सिंह की सभा, सुरक्षा कड़ी

**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 को धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के पक्ष में बोकारो में चुनावी सभा करेंगे। राजनाथ सिंह की सभा बोकारो के सेक्टर दो सी स्थित मैदान में 12:35 बजे होगी। इसे ले कर सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।

### 22 को गोड्डा और रांची में प्रियंका गांधी की सभा

**रांची।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी 22 को गोड्डा और रांची में प्रदीप यादव और यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगी। जारी शिड्यूल के अनुसार वह 22 को विशेष विमान से सुबह 10.30 बजे रांची पहुंचेगी। यहां से गोड्डा जायेंगी और जनसभा कर रांची लौटेंगी। रांची में यशस्विनी सहाय के लिए वोट मांगेंगी।

### मो मुखबर ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति

तेहरान। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद प्रथम उप राष्ट्रपति मोहम्मद मुखबर को सोमवार को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति घोषित किया। दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के सम्मान में पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। भारत में भी एक दिन का शोक रहेगा।



## चतरा, कोडरमा और हजारीबाग संसदीय सीट पर एनडीए और इंडी गठबंधन के अपने-अपने जीत के दावे

# तीनों सीटों पर जनता ने एनडीए का किया समर्थन: आदित्य साहू

### गांडेय विस उपचुनाव में एनडीए की जीत का दावा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के साथ गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया। श्री साहू सोमवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग के पदाधिकारी एवं चुनाव कार्य में लगे सभी कर्मचारियों का भी आभार जतासया है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया और एनडीए को भरपूर समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण के मतदान संपन्न होने के बाद जनता ने फिर एक बार केंद्र में मोदी जी की सरकार बनाने के लिए राज्य में अब तक हुए चुनाव में सभी सात संसदीय सीटों को एनडीए को योगदान कर दिया है।

उन्होंने कहा कि कोडरमा, हजारीबाग और चतरा के साथ गांडेय उपचुनाव में वहां के मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर मतदान किया। उन्होंने कहा कि यह मतदान तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार करने के लिए है। साथ ही, यह मतदान भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने के लिए हुआ है। यह मतदान सनातन विरोधियों को सबक सिखाने के लिए हुआ है। यह मतदान आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा महिला, किसान सभी को ठगने वाली नीति और नीयत के खिलाफ हुआ है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं तारिक इमरान उपस्थित थे।

### झारखंड की सभी 14 सीटें और गांडेय सीट जीत रहे : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य की तीन लोकसभा सीट एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव संपन्न होने पर जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एनडीए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगा। गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भी एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि 400 पार का लक्ष्य एनडीए के लिए कठिन नहीं है। पिछली बार भी भाजपा ने 303 सीटें जीती थी। एनडीए ने 353 सीट जीती थीं। अब 47 सीट ही आगे बढ़ाना है जो जनता के आशीर्वाद से संभव है।

# पांचवें चरण में संपन्न मतदान में इंडी गठबंधन की ही जीत : सोनाल शांति

### राष्ट्रीय मुद्दों के साथ ही झारखंड के स्थानीय मुद्दे भी इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के दूसरे चरण के तीन लोकसभा क्षेत्र और गांडेय विधानसभा के लिए हुए मतदान में इंडी गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने मतदाताओं का आभार प्रकट किया है। श्री शांति ने कहा कि तीनों लोकसभा सीटों में भारी मतों से जीत की भूमिका तय करने के साथ ही जनता ने अपने मूड को स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें विकास, रोजगार, को छोड़कर और कोई भी मुद्दे प्रभावित नहीं कर सकते हैं। राष्ट्रीय मुद्दों के साथ ही झारखंड के स्थानीय मुद्दे भी इंडी गठबंधन के पक्ष में है। कांग्रेस ने जिस संजिंदगी से जनता के मर्म को समझकर उनके हित के मसलों को अपने घोषणा पत्र में जगह दिया है और साथ ही उन्हें पूर्ण करने की समय सीमा निर्धारित की है उससे जनता का विश्वास चुनाव के विभिन्न चरणों में मजबूत होता चला गया।

श्री शांति ने कहा कि झारखंड से भाजपा का सफाया सभी लोकसभा सीटों से तय है पूरे देश में झारखंडी एकता का परचम लहराएगा। जनता से झूठे वादों और प्रतिदिन मोदी शाह की युगल जोड़ी द्वारा झूठे आंकड़े पेश किए जाने के कारण जनता ने भाजपा को पूरी तरह नकार दिया है। इस चरण के चुनाव ने साबित कर दिया है कि जनता ने संविधान बचाने के लिए अपना साथ इंडी गठबंधन को दिया है। इस चरण में से इंडी गठबंधन की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। श्री शांति ने कहा कि जिस तरह का जन समर्थन गांडेय विधानसभा में कल्पना सोरेन को मिला है उसे पता चलता है कि झारखंडी समाज आदिवासी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को भुला नहीं है और झारखंड के महागठबंधन सरकार के प्रति उनका भरोसा कायम है।

### श्रम कानून रूपी हथियार को पीएम मोदी ने कर दिया भोथर : जेएमएम

**रांची।** झामुमो ने मोदी के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है जिसमें जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जमशेदपुर में प्रधानमंत्री मोदी का भाषण श्रम कानून का उल्लंघन है। सुप्रियो ने कहा कि मोदी कॉपर माइंस पर बोल रहे हैं, जमशेदपुर के उद्योग के लिए बोला लेकिन, मजदूरों के हित में बात न कर उनकी मांगों पर कुठाराघात कर दिया। मोदी ने टाटा के हित के लिए अंबानी, अडाणी इंटरप्राइजेज के लिये बोला, लेकिन श्रम कानून पर बंदिश लगा कर मजूदरों पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने श्रम कानून के हथियार को भोथर किया है।

## खबर एक नजर में

### संजीव लाल व जहांगीर आज कोर्ट में होंगे पेश

**रांची।** ईडी 32.30 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव कुमार लाल एवं उसका सेवक जहांगीर आलम से पूछताछ कर रही है। पूछताछ की अंतिम दिन मंगलवार है। अदालत ने 21 मई तक के लिये पुलिस रिमांड की अनुमति दी है। 14 दिनों की पुलिस रिमांड पूरी होने पर दोनों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा। जहां से न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया जायेगा। पूछताछ में टेंडर कमीशन से संबंधित कई अहम जानकारियां ईडी को हाथ लगी है। ईडी ने तीन बार में कुल 14 दिन की पुलिस रिमांड ली है। मालूम हो कि ईडी ने छह मई को देर रात संजीव लाल एवं जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था। सात मई को अदालत में पेश किया गया था। ईडी ने दोनों को आठ मई को जेल से अपने साथ लेकर पूछताछ कर रही है।

### आरोपी कोयला कारोबारी की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** कोल लिंकेज घोटाले से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व आरोपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 3 जून निर्धारित की है। ईडी ने कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर जेएसएमडीसी से सब्सिडी पर आवंटित 86 हजार टन कोयले को बाहर की मंडी में अवैध तरीके से बेचकर 70 करोड़ रुपए प्रोसिड ऑफ क्राइम से आय अर्जित करने का आरोप है।

### विनोद सिंह की जमानत अर्जी पर हुई सुनवाई

**रांची।** बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी दोस्त आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को पीएमएलएल के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 6 जून निर्धारित की है। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये अदालत से अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। इसके लिये उनके अधिवक्ता ने 15 अप्रैल को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि ईडी ने जमीन घोटाले में जांच पूरी करते हुए हेमंत सोरेन के साथ बिनोद कुमार सिंह को भी सह अभियुक्त बनाया है। इसी के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। गिरफ्तारी के बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अब तक हेमंत सोरेन समेत आठ आरोपी जेल में है।

### मनी लाउड्रिंग : दो आरोपियों पर आरोप गठन 27 को

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी राकेश कुमार सिंघानिया एवं महावीर प्रसाद रूगंटा पर आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई 27 मई को होगी। दोनों पर 4.33 करोड़ रुपये की मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है। सोमवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी। लेकिन नहीं हो सकी। मामले में आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी अदालत ने पूर्व में ही खारिज कर चुकी है। ईडी ने पहले ही कंपनियों की 4.10 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। दोनों पर लौह अयस्क की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर अवैध कमाई कर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है। दोनों पर मनी लाउंड्रिंग के आरोप में 2022 में केस किया गया है।

### सीताराम रवि के रूप में संघर्ष का साथी खो दिया : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सीताराम राम के आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि वे परिवार के इस दुख के घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। इधर, शिक्षक नेता चितरंजन कुमार ने कहा कि एक सुलझे हुये सामाजिक कार्यकर्ता हमारे बीच से चला गया। इसकी भरपायी संभव नहीं है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

# गोड्डा और रांची में प्रियंका गांधी की चुनावी सभा कल, प्रदीप और यशस्विनी के लिए मांगेंगी वोट

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महासचिव स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी 22 मई को झारखंड दौरे पर आयेंगी। यहां वो राज्य में अंतिम चरण में होने वाले चुनाव के लिए चुनावी सभा करेंगी। प्रियंका गांधी की पहला चुनावी सभा गोड्डा के मेला मैदान में है। वहीं नामकुम में लोवाडीह के हाईटेंशन मैदान में भी वो चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। प्रियंका गांधी की दोनों चुनावी सभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन मौजूद रहेंगी। इसके अलावा प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता और अन्य गठबंधन दलों के नेता भी कार्यक्रम में होंगे।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रियंका गांधी 22 मई को सुबह 9 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगी। यहां से वो हेलिकॉप्टर से गोड्डा जायेंगी। गोड्डा के मेला मैदान में प्रियंका गांधी गोड्डा से पार्टी प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगी। इसके बाद वे हेलिकॉप्टर से नामकुम आयेंगी। जहां पर दोपहर 1 बजकर 55 मिनट में वो लोवाडीह के हाईटेंशन मैदान में रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद 3 बजकर 20 मिनट में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगी।

# केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड दौरे पर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड आयेंगे। वे धनबाद लोकसभा के बोकारो स्टील सिटी सेक्टर 2-सी स्थित दुर्गा पूजा मैदान में दोपहर 12.30 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय भी मौजूद रहेंगे। बाबूलाल मरांडी बोकारो की जनसभा और गिरिडीह लोकसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन लेंगे हिस्सा। श्री मरांडी गिरिडीह लोकसभा के गिरिडीह जिले के टुंडी प्रखंड स्थित हाई स्कूल मैदान में आयोजित स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में 2 बजे भाग लेंगे। श्री मरांडी गिरिडीह जिले के पीरटाड़ प्रखंड स्थित हरलाडीह मैदान में 3.00 बजे से बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुनील सिंह, लोकसभा संयोजक प्रकाश सेठ, प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश पंडित भी रहेंगे।

# वोटिंग के दिन जंगली जानवरों से करें वोटरों की सुरक्षा, तैनात करें वनकर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य निर्वाचन आयोग ने झारखंड के वन विभाग को निर्देश दिया है कि मतदान के दिन जंगली जानवरों से मतदाताओं की सुरक्षा करें। रांची लोकसभा क्षेत्र के तहत सिल्ली, अनगड़ा और सिकिदरी में हाथियों का भ्रमण होता रहता है। रांची लोकसभा के लिए 25 मई को वेटिंग होनी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने वन विभाग को ऐसा निर्देश पहली बार दिया है। कहा है कि इस लोकसभा क्षेत्र के जंगली इलाकों पर विशेष नजर रखें।

**ट्रेंड वनकर्मियों को करें तैनात** आयोग ने वन विभाग को ये स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि रांची के ऐसे क्षेत्रों में वन विभाग के ट्रेंड कर्मचारियों को तैनात रखें। अगर मतदान के दौरान जंगली हाथी या अन्य जंगली वन्य जीवों का विचरण होता है, तो मतदाता और मतदानकर्मियों को सुरक्षा दी जा सके।

**100 वनकर्मियों को किया गया है तैनात** : रांची डीओएफओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि जिले के सिल्ली और सिकदरी क्षेत्र में आए दिन जंगली हाथियों का विचरण देखा जाता है। इसीलिए करीब 100 वन कर्मचारियों और संबंधित वन समिति के लोगों को जंगली क्षेत्रों में तैनात किया गया है। चुनाव के दिन जितने भी कर्मचारी पोलिंग बूथ पर पहुंचेंगे, वन विभाग के कर्मचारी उन्हें न सिर्फ सुरक्षा देंगे, बल्कि निर्देशों की जानकारी भी देंगे।

**एलीफेंट अलर्ट एप उपयोग करने का निर्देश** : डीएफओ ने बताया कि चुनाव से पहले वन विभाग द्वारा लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि जंगली क्षेत्र से मतदाता अकेले न जाएं। कुछ लोगों को साथ लेकर चलें। अगर कहीं भी हाथी के आने की सूचना मिलती है, तो एलीफेंट अलर्ट एप का भी उपयोग करें। सुरक्षाकर्मियों को भी वन विभाग द्वारा जानकारी दी जायेगी।

### मोदी सरकार के लिए बुद्धिजीवी वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण : कर्मवीर सिंह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग समाज का अगुवा है। इसका समाज में महत्वपूर्ण स्थान है। यह वर्ग बड़े समूह को अपने अपने क्षेत्र में प्रभावित करता है। इसलिए राष्ट्र की मजबूती के लिए इस वर्ग को बढ़ चढ़ कर नेतृत्व करना चाहिये। श्री सिंह ने प्रदेश कार्यालय में प्रबुद्ध वर्ग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आम चुनाव चल रहा है। जनता का मिजाज तीसरी बार मोदी सरकार के लिए स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी, विकास विरोधी, सनातन विरोधी इंडी गठबंधन के लोग जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। ऐसे में प्रबुद्ध वर्ग जनता के बीच जायें और उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों और इंडी गठबंधन की विकास विरोधी, सनातन विरोधी नीतियों को बतायें। बैठक में सुमन चौबे, धीरेंद्र त्रिपाठी, पप्पू रजक, उमेश कुमार, आनंद कुमार ठाकुर आदि थे।

### जेएमएम और कांग्रेस ने की चुनाव आयोग से जांच कराने की मांग

# निशिकांत दुबे का एक करोड़ लोन का पैसा आखिर किसका : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गोड्डा लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा नामांकन के दौरान सौंपे गए शपथ पत्र में अभिषेक झा से एक करोड़ लोन लिये जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वहीं गोड्डा सीट से ही निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक झा ने लोन देने से इनकार किया है। इसके बाद सोमवार 20 मई को कांग्रेस और जेएमएम का एक शिष्टमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिलकर लिखित शिकायत की है।

कांग्रेस प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा और जेएमएम नेता मुस्ताक आलम ने मामले की जांच कराने की मांग की। सीईओ ने शिष्टमंडल को समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**पैसे के लेन-देन से उठे पर्दा : राकेश सिन्हा** : शिष्टमंडल ने कहा है कि अभिषेक झा ने लोन नहीं देने और अपने शपथ पत्र में उनके द्वारा किसी तरह का जिक्र नहीं किया जाना बड़ा सवाल खड़ा करता है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा चुनाव आयोग से इस मामले की जांच कर निशिकांत दुबे और अभिषेक झा की उम्मीदवारी को रद्द करने की मांग की है।

राकेश सिन्हा ने कहा है कि यदि यह काला धन है तो ईडी और सीबीआई के द्वारा क्यों नहीं करवाई की गई। यदि सफेद धन है तो इसका जिक्र शपथ पत्र में क्यों नहीं किया गया है। निशिकांत दुबे यदि अभिषेक झा से लोन लिये हैं तो या तो चेक से लोन लिये होंगे या कैश से इसका जिक्र होना चाहिए था। ऐसे में इसकी जांच जरूर होनी चाहिए।


**कमल फूल छपा वोटर स्लिप बांटे जाने पर भी आपत्ति** : जेएमएम नेता मुस्ताक आलम ने इस पैसे पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि इसकी जब तक जांच नहीं होगी, तब तक इस मामले से पर्दा नहीं उठेगा। उन्होंने बीजेपी द्वारा कमल फूल छपा वोटर स्लिप बांटे जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बीते चौथे चरण के चुनाव में भी इस तरह की शिकायत थी और आज भी इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। यह आचार संहिता उल्लंघन का मामला है।

## वोटिग में दिखा उत्साह, पर पिछले चुनाव से कम हुई वोटिग

# 5वें चरण में हर आम व खास ने किया वोट

**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर कोई उत्साहित है। बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा ले रहा है। सोमवार को झारखंड की तीन सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग संसदीय सीट पर 5वें चरण की वोटिंग हुई। इसमें हर आम और खास ने अपने-अपने घरों से निकलकर वोट कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

### बाबूलाल मरांडी ने किया वोट



कोडरमा के धनवार स्थित बूथ संख्या 114 में पहुंचकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वोटिंग की। उन्होंने कोदाईबांध में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोटिंग करने के बाद उन्होंने कहा कि अबकी एनडीए के चार सौ पार सीट आएंगे।

### अन्नपूर्णा देवी ने डाला वोट



केंद्रीय मंत्री और कोडरमा सीट से एनडीए की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने वोट डाला। बूथ पर वह अपने परिवार के साथ पहुंची थीं। मतदान करने से पहले उन्होंने पूजा अर्चना की। उसके बाद करबियार पहुंची, जहां बूथ संख्या 196 में अपना वोट डाला।

### विनोद कु. सिंह ने की वोटिंग



इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोकसभा सीट से प्रत्याशी विनोद सिंह ने भी वोटिंग की। वो भी अपने गांव बगोदर के खंभरा पहुंचे और बूथ संख्या 404 में मत डाला। वह भी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे थे।

### वोटिंग से खुश हुए यशवंत



हजारीबाग में पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने वोट डाला। वे पत्नी के साथ सदर प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुपाद स्थित बूथ पर पहुंचे। वोटरों की भीड़ देखकर वो काफी खुश हुए। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

### सीपी चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी ने की वोटिंग



गिरिडीह सांसद और एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने अपनी पत्नी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी और लोगों के साथ रजरप्पा के बूथ नंबर 196 पर अपना वोट डाला।

### कालीचरण सिंह ने डाला वोट



चतरा से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वह अपने गांव पंचायत सचिवालय आरा पहुंचे। वहां मतदान केंद्र संख्या 313 पर जाकर वोटिंग की। इस मौके पर उन्होंने जीत का दावा किया।

### सत्यानंद भोक्ता ने की वोटिंग



राज्य सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वह अपने पैतृक गांव कारी के आबुकातू पहुंचे और वोट डाला। उन्होंने कहा कि इस बार प्रत्याशी बदलें हैं, लोग भी बदलाव के लिए वोट करें।

### नीरा यादव ने किया मतदान



कोडरमा विधायक और पूर्व मंत्री नीरा यादव ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने झरीतांड स्थित बूथ नंबर 239 पर पहुंचकर वोट डाला। लोगों से अपील की कि वो घर से बाहर निकलें और देशहित में अपने मत का प्रयोग करें।

## तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सात मामले दर्ज

# झारखंड में पांचवें चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न: के रवि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदानकर्मी इवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए मतदान केंद्रों से वापस लौटने लगे हैं। उन्होंने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न मतदान का अनुमानित वोट प्रतिशत 63 रहा है। उसमें सबसे अधिक अनुमानतः 64.32 प्रतिशत मतदान हजारीबाग में हुआ है। वहीं चतरा में मतदान प्रतिशत 62.96 रहा है। जबकि, सबसे कम 61.86 प्रतिशत मतदान कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है।

दूसरी ओर गांडेय विधानसभा उपचुनाव में वोट प्रतिशत 68.26 रहा है। यह आंकड़ा शाम पांच बजे तक का है। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में राज्य पुलिस मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी एवी होमकर के साथ संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान तीनों संसदीय क्षेत्रों से जुड़े सात जिलों में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सात मामले दर्ज किये गये हैं। उसमें पलामू में 2, लातेहार में 2, हजारीबाग में 2 और गिरिडीह में एक एफआइआर हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य में चुनाव लड़ रहे 244 उम्मीदवारों में से 66 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शातिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्धसैनिक बल और झारखंड पुलिस के कुल 44 हजार जवानों की तैनाती की गयी थी। तीनों लोकसभा क्षेत्रों की सीमा तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार और छत्तीसगढ़ से जुड़ने के कारण संबंधित राज्यों से समन्वय बनाते हुए सीमा पर लगातार चौकसी की गयी। नक्सली गतिविधियों को पूरी तरह बाधित किया गया और लोगों को भयमुक्त वातावरण में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टी के वापस लौटते वक्त भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है। पुलिस के वरीय अधिकारी फील्ड में बने हुए हैं।

सांसद सेठ का हातमा, ओरमांझी, टाटीसिल्वे, धुर्वा में संपर्क अभियान

# पीएम नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज को दिया सम्मान: संजय

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने सोमवार को सरना समाज के लोगों के साथ हतमा स्थित जगलाल पहान के आवास में बैठक की। इसमें लोकसभा चुनाव में सरना समाज ने बढ़-चढ़कर कर संजय सेठ को मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। जगलाल पहान ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो समाज को अपना परिवार मानती है। भाजपा एसटी संपर्क अभियान के संयोजक रवि मुंडा ने कहा कि कांग्रेस 60 वर्षों से सिर्फ आदिवासी समाज को ठगने का काम किया है। 1951 में सरना धर्म कोड को भी इसी सरकार ने हटाया था। आज समाज के बीच विधवा विलाप कर पुणरू समाज को ठगने का काम कर रही है। श्री सेठ ने कहा कि भाजपा ही है जिसने झारखंड राज्य अलग किया। अनुसूचित जनजाति मंत्रालय का निर्माण किया। भगवान बिरसा मुंडा के गांव जाने वाले पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। इससे पहले कांग्रेस के किसी भी राष्ट्रीय नेता या प्रधानमंत्री ने भगवान धरती आबा के गांव जाना उचित नहीं समझा। संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज की उन्नति प्रगति यह नरेंद्र मोदी की पहली प्राथमिकता है।

बैठक में बल्कि उरांव बिरसा पहन, सुनील टोप्पो, बबलु मुंडा, अजय कच्छप, निर्मल पाहन, अरुण पाहन, नकुल तिर्की, करण नायक, अजय कश्यप, सुनीता टोप्पो अर्जुन राम, विश्वास उरांव, मीणा लिंडा, संजय टोप्पो, राजीव रंजन मिश्रा मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे। इधर, ओरमांझी के कुकुई गांव में सांसद सेठ ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि किसानों को अनुदान के तौर पर 6000 नीम कोटेड यूरिया सहित कई काम किये गये हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सुरेंद्र महतो, अमरनाथ चौधरी, धर्मनाथ महतो, सत्यदेवा मुंडा, दुर्गा महतो, मनोज चौधरी, सोनाराम महतो, तारालाल महतो जीत नाथ बेदिया, राजेश गुप्ता, विक्रांत तिवारी, संतोष गुप्ता सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# केंद्र की मोदी सरकार ने युवाओं को किया बेरोजगार : यशस्विनी

**मांगा जनसमर्थन**

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा, जनसंपर्क और रोड शो कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में देश के युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया है। कांग्रेस की सरकार आयेगी तो युवाओं की समस्याओं को दूर किया जायेगा। कांग्रेस सरकार सबसे पहले खाली पड़े 30 लाख पदों में युवाओं को नौकरी देगी, साथ ही शिक्षित युवाओं को अप्रेंटिसशिप योजना के तहत एक साल तक एक लाख रुपये दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों के बारे में सोचती है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि कांग्रेस को वोट देकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं।

**महंगाई, बेरोजगारी से मुक्ति और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस को वोट दें : सुबोधकांत**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में सिर्फ पूंजीपतियों की सेवा की है। जिस कारण अमीर और अमीर हो गए और गरीबों का जीवन मुश्किल हो गया है। देश में महंगाई व बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री कभी भी बातें नहीं करते हैं, क्योंकि महंगाई कम होगी तो उनके पूंजीपति मित्रों की कमाई कम हो जायेगी। उन्होंने कहा कि देश से महंगाई, बेरोजगारी से मुक्ति और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस को वोट देकर यशस्विनी सहाय को विजयी बनाकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें।

**यहां चला अभियान** : कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं के साथ कांटाटोली, लालपुर, अरगोड़ा, हरमू, चर्च रोड, डंगरा टोली, गुदरी, कर्बला चौक, चर्च रोड, कोनका रोड, गुंगू टोली गोस्नर कंपाउंड आदि क्षेत्रों में मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## रांची संसदीय क्षेत्रों का किया गया रैंडमाइजेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की उपस्थिति में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व उम्मीदवारों के समक्ष समाहरणालय में अवस्थित एनआईसी में रैंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल बैलेट यूनिट-114, कंट्रोल यूनिट-89, वीवी पैट्स -24 का ईवीएम (बीयू, सीयू ,एंड वीवी पैट्स) का फस्ट सपलमेंटरी रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान वरीय नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह उप समाहर्ता भूमि सुधार सदर, रांची मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, डी.आई.ओ. रांची राजीव कुमार व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। यहां बता दें कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडमाइजेशन कर तय किया जाता है कि कौन सा बीयू-सीयू/वीवीपैट किस मतदान केन्द्र में भेजा जायेगा।

## संजय सेठ के समर्थन में चला जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में जनसंपर्क अभियान विधायक सीपी सिंह के नेतृत्व में हरमू रोड, कार्ट सराय रोड, अपर बाजार में चलाया गया। इस दौरान अबकी बार 400 पार नारे के साथ तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को लेकर जनता से अपील की गयी। जनसंपर्क अभियान में अजय मारू, विनोद महतो, संजय जायसवाल, कृपा शंकर सिंह, ललित नारायण ओझा, मुनचुन राय, बलराम सिंह, मुकेश मुक्ता, जितेंद्र वर्मा, ओम प्रकाश पांडे, सुजीत शर्मा, अनीता वर्मा, नंदकिशोर अरोड़ा, पुरेंद्र सिंह, राजकुमार जायसवाल, रौनक सिंह राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मारपीट का आरोपी साक्ष्य में अभाव में बरी

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी अमित गुप्ता की अदालत ने मारपीट मामले में आरोपी सहोदर भाई रोशन उज्जवल कच्छप एवं संदीप कच्छप को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों पर मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी नामकुम निवासी पूनम तिर्की की मां के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप था। घटना को लेकर पूनम तिर्की ने नामकुम थाना में 24 सितंबर 2017 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से छह साल में कोई गवाह प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसका लाभ आरोपियों को मिला।

## इंडी गठबंधन की प्रत्याशी को जिताने के लिए रांची महानगर महिला कांग्रेस ने झोंकी ताकत

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष नीतू देवी ने हटिया, धुर्वा, जगन्नाथपुर, कांके, नामकुम, किशोरगंज, हरमू, रातू रोड,अरगोड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस क्रम में उन्होंने लोगों से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देने की अपील की। नीतू देवी ने कहा कि महिलाओं,युवाओं सहित सभी वर्गों के नागरिकों के हितों के संरक्षण के लिए कांग्रेस पार्टी कृतसंकल्पित है। जनहित में बनाई गई कांग्रेस पार्टी की कल्याणकारी नीतियों से देश की जनता लाभान्वित हो रही है। उन्होंने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व जिप अध्यक्ष सुंदरी तिर्की, रेखा सांगा, रीता देवी, शिवंती देवी, राखी प्रियदर्शनी, संगीता देवी सहित काफी संख्या में महिला कार्यकताएं मौजूद थीं।

### एचइसी को बचाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी को विजयी बनाने की अपील



रांची। जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो और कांग्रेसी नेता मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में धुर्वा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के में घूम घूम कर प्रत्याशी सुश्री सहाय के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। लोगों को यह भी बताया जा रहा था कि किस तरह केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार एचईसी कारखाने को बंद करना चाहती है। वेतन नहीं मिलने से कर्मियों की स्थिति बद से बदतर हो गयी है।

## सड़क-चापानल की सुविधा उपलब्ध नहीं करा सके भाजपा के सांसद : प्रीती तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी के हेहल क्षेत्र अंतर्गत सुंदर नगर, राधा नगर और पहाड़ी टोला सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। मोहल्ले में सड़क, चापानल की सुविधा उपलब्ध कराने में भाजपा के सांसद विफल रहे हैं। उक्त बातें सुंदर नगर मुहल्ले की निवासी प्रीति तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद संजय सेठ का आवास भी सुंदर नगर (काजू बागान) क्षेत्र में ही है बावजूद इस क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। मोहल्ले की सड़क जर्जर है। बरसात में सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। यही हाल मोहल्ले में पेयजल का भी है। काफी दिनों से इस मोहल्ले में पेयजल की समस्या बनी हुई है। मोहल्ले के लोग पेयजल के लिए अन्य स्त्रोतों पर निर्भर हैं।

उन्होंने बताया कि कई चापानल लगे, लेकिन उसमें से अधिकतर खराब पड़े हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में भाजपा सांसद की उदासीनता साफ झलकती है।

## मटका किंग आनंद वर्मा, संदीप थापा और बिट्टू मिश्रा समेत पांच आरोपी जिलाबदर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। एसएसपी चंदन सिन्हा की अनुशंसा पर डीसी राहुल सिन्हा ने पांच अपराधियों को जिलबदर किया है। आठ अपराधियों को थाना में हर दिन हाजिरी लगाने का आदेश दिया है। कोतवाली डीएसपी ने संदीप थापा, मटका किंग आनंद वर्मा और बिट्टू मिश्रा को जिला बदर करने के लिए रांची एसएसपी से अनुशंसा की थी। जिन्हें जिला बदर किया गया है, उनमें आनंद वर्मा, बलिराम साहू, विजय सिंह उर्फ गेंदा सिंह, संदीप थापा, राजीव कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा है। वहीं, डीसी ने आकाश गुप्ता, कारो पाहन, छोटू लोहरा, मनमोहन लोहरा, अभिषेक शर्मा, मो. मुस्तफा, अनिल कुमार सिंह और सुभाष साहू को प्रतिदिन थाने में हाजिरी लगाने को कहा है।

# स्टेट बैंक ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं को जागरूक करने उद्देश्य से सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को दिनेश कुमार यादव, उप विकास आयुक्त ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रशासनिक कार्यालय से शुरू हुई जो कचहरी चौक, अटल वेंडर मार्केट, शहीद चौक होते हुए अलबर्ट एक्का चौक तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। रैली में उप महाप्रबंधक आलोक रंजन, क्षेत्रीय प्रबंधक, प्रमोद कुमार, सहायक महाप्रबंधक विश्वजीत कुमार सिन्हा, गायत्री शर्मा, मनोज कुमार प्रसाद, दीपक वर्णवाल, अहमद अली खान, सुशांत स्टेट बैंक अधिकारी संघ के राजन कुजूर एवं अखिलेश कुमार स्टेट बैंक कर्मचारी संघ के गौतम घोष एवं सोहन पासवान संपर्क अधिकारी कुमार राहुल सहित बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्यों में भाग लिया।

**लोगों ने संगीनों के साये में किया मतदान**

## 18 साल पूर्व नक्सलियों ने गिरिडीह के चिलखारी में खेली थी खून की होली

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के भाई और बेटे समेत 20 की गयी थी जान**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। 18 साल पहले गिरिडीह के चिलखारी में नक्सलियों ने खून की होली खेली थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के भाई नूनू मरांडी और बेटे अनूप मरांडी की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस चिलखारी में वोटर्स ने नक्सलियों के खौफ को दरकिनार करते हुए लोकतंत्र में आस्था रखी। शाम तक उस जगह पर 75 प्रतिशत की वोटिंग हुई। मतदाताओं ने अपने मत का सदुपयोग किया। लोगों ने बंफर वोट दिया।

गौरतलब हो कि 26 अक्टूबर 2007 को गिरिडीह के चिलखारी में फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच के दौरान नक्सलियों ने चारों तरफ से मैदान को घेर लिया था और मंच के ऊपर चढ़कर नुनूलाल मरांडी को सामने आने के लिए कहा और फायरिंग शुरू कर दी थी। इस गोलीबारी में 20 लोगों की मौत हो गयी थी। इस गोलीकांड में बाबूलाल मरांडी के बेटे अनूप मरांडी को भी नक्सलियों ने निशाना बना लिया था। लोगों का कहना है कि उन्हें पता है कि वोट लेने के बाद नेता फिर इस क्षेत्र की अनदेखी करेंगे, बावजूद वे लोग मतदान कर रहे हैं। सिर्फ यही सोचकर मतदान कर रहे हैं कि शायद अबकी बार क्षेत्र का कुछ बेहतर हो। यहां के लोगों ने बताया कि इस बार वोटर लिस्ट से कुछ लोगों का नाम काट दिया गया है जो जीवित हैं।

**मामला खूंटी का, दोनों पत्नी-पत्नी नशे के थे आदि**

## मामूली विवाद में पत्नी ने की पति की हत्या, आरोपी पत्नी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

खूंटी। मामूली विवाद में पत्नी ने पति की जान ले ली। घटना खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र के उसराम गंझू टोली की है। रनिया थाना पुलिस ने आरोपी पत्नी को जेल भेज दिया है। रनिया पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात नशे की हालत में एक पत्नी ने अपने पति की बसीला से वार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पुलिस को रविवार को मिली। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी अस्पताल भेज दिया।



**आरोपी महिला को किया गिरफ्तार** : तोरपा सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने बताया कि रविवार सुबह रनिया थाना पुलिस को गंझु टोली के ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि गांव में एक पत्नी ने देर रात अपने पति की हत्या कर दी है। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर लिया और पति के शव के पास बैठी आरोपी पत्नी को हिरासत में लेकर थाना ले आयी। आरोपी महिला का नाम राधिका देवी है। वहीं मृतक की पहचान सोमालाल सिंह (45 वर्ष) के रूप में की गई है।

**पति-पत्नी में हुई थी नोक-झोंक**

पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद बताया कि पति-पत्नी नशे के आदि थे और किसी न किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। शनिवार रात को भी दोनों में किसी बात पर नोक-झोंक हुई थी। इस बात पर पत्नी ने गुस्से में आकर घर में रखे बसीला से सिर में गंभीर वार कर पति सोमलाल सिंह की हत्या कर दी।

Estd. : 2000
Affiliation No. : 3430183
D.A.V. ALOK PUBLIC SCHOOL
ISO- Certified, an English Medium Senior Secondary Co-Ed., Day cum Boarding School
Pundag, Ranchi - 04, Jharkhand ☎ 7033073440, 7782075070
For Detail Visit : www.davalok.org.in

ADMISSION OPEN (SESSION : 2024-25)
Std. XI (Science, Commerce & Arts) for CBSE/ICSE & Other Boards

Admission Form available at School Counter (8.00 AM to 4.00 PM) or it may be downloaded from school website. ● Cost of Admission Form Rs. 1000/-

SCHOLARSHIP SCHEME FOR DESERVING STUDENTS

| OUTSIDERS | 10TH MARKS IN PERCENTAGE | SCHOLARSHIP |
|---|---|---|
| XIth Science (Math/Bio) Marks in (Eng+Maths+Science) | (a) 75% - 80%<br>(b) 81% - 90%<br>(c) 91% - 100% | 50% in Admission Fee<br>70% in Admission Fee<br>90% in Admission Fee |
| XI (Commerce) Marks in (Eng+Maths+SST) | (a) 70% - 80%<br>(b) 81% - 90%<br>(c) 91% - 100% | 50% in Admission Fee<br>70% in Admission Fee<br>90% in Admission Fee |
| XI (Arts) Marks in (Eng + SST) | (a) 60% - 80%<br>(b) 81% & above | 50% in Admission Fee<br>70% in Admission Fee |

SPECIAL FEATURES :
- Scholarship in Tuition Fee upto 100% for 91% to 100% marks holder in 10th Board.
- Hostel (For Boys) - Std II onwards ( Rs. 21500/- Quarterly).
- Special care for Weak & Extraordinary students.
- Suitable school time table/routine.
- Bus Facility available.
- Cricket Academy

Result at a Glance
XII Sc. Aliya Afzal 93 %
XII Sc. Tasnim Raza 87%
XII Com Humble Hassan 80%
Xth Sahil Barik 94%

FEW SEATS ARE AVAILABLE FOR PN, LKG, UKG, STD I - STD IX

Branch : At Gargaon, Near Power Grid, Ranchi-Bero Road, Ranchi ☎ 7033073440
ADMISSION OPEN
Admission Form Available at School Counter.

### गिरिडीह लोकसभा के डुमरी-नवाडीह के पिलपिलो उपरघाट में कार्यकर्ताओं संग की बैठक

# जेएमएम की चाल को अब समझ चुकी है गिरिडीह की जनता : सुदेश महतो






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनाव देश को आगे ले जाने के लिए है। यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे लेकिन जो लोग गिरिडीह की जनता को बरगला रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए की उनका प्रधानमंत्री कौन होगा। पहले उन्हें अपना प्रधानमंत्री का नाम बताना चाहिए फिर जनता से वोट मांगना चाहिए था। जेएमएम को विकास की नहीं, उन्हें कोयले में हिस्सेदारी की चिंता है। सुदेश कुमार महतो सोमवार को गिरिडीह लोकसभा के डुमरी नवाडीह के पिलपिलो उपरघाट में संगठन के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में सहयोगी भाजपा के कार्यकर्ता और आजसू के ग्राम प्रभारी तथा पंचायत प्रभारी संयुक्त रूप से शामिल थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोधी जब देखा कि ऐसे वे चुनाव जीत नहीं सकते इसलिए वो अपना रणनीति बदला है। इसकी रूपरेखा बहुत पहले से तैयार किए गए थे। चुनाव जीतने के लिए बी टीम तैयार किया। एक सुनियोजित तरीके से उस टीम को खाद पानी देकर हमारे विरुद्ध खड़ा किया गया। आज जो गिरिडीह में बाधा खड़ी की जा रही है वह उसी का हिस्सा है। बी टीम के सहारे एक बड़े समाज की वोट बैंक को तोड़ने की साजिश रची गई है। इसे समझना होगा। पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव चुनाव के आंकड़े उन्हें पता है कि कैसे पिछली चुनाव में एनडीए को एक बड़े समाज का 70 फीसदी वोट मिला था। इसी समाज के वोट को बी टीम के सहारे छीनना चाहते हैं। जेएमएम के इसी चाल को समझने की जरूरत है। उसे वोट देना मतलब वोट की बर्बादी करना है। उसे वोट देना मतलब वोट की बर्बादी करना है। उसे वोट देना मतलब देश को पीछे धकेलने की कलंक लेना है। उसे वोट देना मतलब विकास में रुकावट डालने वालों का साथ देना है। पूरे देश में साजिश चल रही है। जेएमएम ऐसी साजिश का हिस्सा पहले भी रही है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह की जनता मथुरा महतो को खूब जानती समझती है। मथुरा जी जनता की वोट और नोट दोनों लेते हैं। चुनाव में वोट और बाद में उनके ही कॉलेज में पढ़ाई कर रहे क्षेत्र की जनता के बच्चों से मोटी फीस। गिरिडीह की जनता मन बना ली है। अपने लोकप्रिय प्रत्यासी चंद्रप्रकाश चौधरी को भारी मतों से जिताकर मोदी के हाथ को मजबूत बनाने की ठान लिया है। अबकी बार 400 पार के नारा को साकार करेगी।

## पवित्रम संस्कार वाटिका समर कैंप संपन्न



### योगा, क्रिएटिविटी, सेवा कार्य, पर्यावरण, गो महत्ता, भारतीय संस्कृति की शिक्षा दी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पवित्रम मातृशक्ति द्वारा आयोजित दो दिवसीय पवित्रम संस्कार वाटिका समर कैंप का समापन सोमवार को हुआ। इस मौके पर बच्चो ने अपने अपने माता पिता की चरण वंदना की। पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि दो दिनों तक बच्चों ने ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेते हुए खूब मस्ती की। बच्चों को मंत्रोच्चारण के साथ गो पूजन, अग्निहोत्र, गायत्री मंत्र का पाठ, भोजन मन्त्र आदि अजय भरतिया के मार्गदर्शन में सिखाया गया। इस अवसर पर पवित्रम सेवा परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भरतिया, हरिराम गुप्ता, किशन संघई, संजय सिंघल, परितुष अग्रवाल, अभिषेक जालान, आलोक डोकानिया, अभिषेक सिन्हा, हर्ष गुप्ता, महेंद्र भग्नानिया, अनिल जैन एवं मातृशक्ति की सभी बहने उपस्थित थी।

## ध्यान शांति है और योग जीवन का मूलमंत्र : डॉ टीके शांडिल्य

### डीएसपीएमयू में योग पर कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) सभागार में विश्वविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी इकाई और सहज योग ट्रस्ट केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय था- सहज योग ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति और संतुलित जीवन प्राप्त करना। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि सहज योग ध्यान एक सरल, समय सम्मानित तकनीक है। यह हमारे दैनिक जीवन में तनाव को कम करने और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से एक बेहतर क्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह उनके लिए विशेष तौर पर उपयोगी साबित होगा, जब ध्यान के माध्यम से विद्यार्थी में आंतरिक परिवर्तन की अनुभूति होगी।

इससे वह नैतिक, एकीकृत, एकाग्र और संतुलित हो कर अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि इसके नियमित अभ्यास से हम अपने अंदर के तनाव को कम करने के साथ अच्छे स्वास्थ्य की ओर बढ़ सकते है और अपने को केंद्रित कर एक संतुलित जीवन जीने की ओर कदम बढ़ा सकते है। इसके पूर्व सहज योग केंद के विभिन्न वक्ताओं ने सहज योग की सामूहिक कुंडलिनी जागरण के विषय पर स्लाइड प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रकाश डाला और कहा की इसके नियमित अभ्यास से आत्म साक्षात्कार की अनुभूति प्राप्त की जा सकती है।

सहज योग मन को शांत और शांतिपूर्ण बनाकर जीवन की प्रतिकूल स्थितियों और तनावों से निबटने के लिए हमें मानसिक तौर पर मजबूत बना देता है, ताकि हम जीवन में संतुलन कायम कर सकें। उन्होंने इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों से इसे अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, सहज योग केंद्र के सदस्य, शिक्षक, कर्मी और एनएसएस, एनसीसी इकाई के विद्यार्थी मौजूद रहे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## बीएयू में समेकित मछली पालन मॉडल की स्थापना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला में समन्वित मछली-बत्तख-सब्जी की खेती की इकाई स्थापित की गई है। इसमें विद्यार्थियों और किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय में एक 30 डिसमिल के तालाब में मछलीपालन, बांध पर ही बत्तख पालन का घर बनाकर खाकी कैम्बल जाति का 40 बत्तख पालन किया जा रहा है। साथ ही, पपीता, भिंडी, कद्दू, करेला सेम एवं मिर्च लगाये गये हैं। सब्जियों में भिंडी का उत्पादन आने लगा है। तालाब में प्रतिवर्ष प्रति हेक्टेयर 4300 किलोग्राम मछली का उत्पादन अनुमानित है।

## अमन साहू गैंग से निकाले गये बॉबी साव समेत पांच अपराधी!

**रांची।** पतरातू में पुलिस पार्टी पर हमला बोलने और गोली चलानेवाले पांच अपराधी को अमन साहू गैंग से निकाल दिया गया है। गैंग के मयंक सिंह ने इस संबंध में प्रेस रीलिज जारी किया है। जारी रिलीज में कहा गया है कि बॉबी साव रांची जेल में बंद गैंग के सदस्य सैफ अंसारी, जगत साहू उर्फ लकी, राजन साव और राहुल दुबे को गैंग से निकाला जा चुका है। इन लोगों का गैंग से कोई लेना देना नहीं है।

**बॉबी और राजन साव ने बिना आदेश पुलिस पर चलायी थी गोली :** विज्ञप्ति में कहा गया है कि राहुल दुबे ने बिना अमन साहू के आदेश के कुजू में कोयला लिफ्टर कल्याण पांडे पर गोली चलायी थी और गैंग का पैसा गबन करके अपने निजी काम में लगाया था। वहीं राहुल दुबे को लेकर आये दिन अमन साहू के नाम से छोटे-मोटे व्यापारियों से वसूली की शिकायते मिल रही थी, जबकि सैफ अंसारी ने जेल में रहकर गैंग के सदस्यों के बारे में अनर्गल बयानबाजी की। इसमें अलावा बॉबी साव और राजन साव ने पतरातू में बिना सोचे समझे पुलिस पार्टी पर गोली चलायी।

## निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में समर कैंप शुरू

### पहले दिन बच्चों को योगाभ्यास तथा डांस सिखाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** बच्चों की मस्ती से निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में सोमवार से चार दिनी समर कैंप का आगाज हुआ। कैंप के पहले दिन विद्यालय के कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों को योगा कंपटीशन के साथ-साथ नृत्य भी सिखाया गया। इस दौरान सभी बच्चे रंग- बरंगे परिधानों में उपस्थित थे। इस कारण विद्यालय का हॉल इन्द्रधनुष के रंगों के समान काफी आकर्षक दिखाई पड़ रहा था। पहले ही दिन बच्चों ने काफी मनोरंजन का आनंद लिया तथा नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए मिकी माउस झूला मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने झूले का जमकर आनंद लिया और सारे स्ट्रेस को भुला दिया। कैंप ने बच्चों को ऊर्जा और उत्साह के साथ हर्ष और खुशियों से सराबोर कर दिया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने बताया कि समर कैंप का आयोजन न सिर्फ मनोरंजन का स्रोत है, बल्कि इसमें बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है। कैंप से बच्चों के सर्वांगीण विकास में बल मिलता है। वहीं, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय हर वर्ष बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा उनके आत्म बल में वृद्धि के लिए समर कैंप का आयोजन करता है। श्री शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास करने तथा सीखने को कहा, क्योंकि योग से हमें सभी तरह के रोगों से मुक्ति मिलती है और एक नई ऊर्जा का संचार होता है। योगा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न आसन जैसे गरुड़ासन, भुजंगासन गोमुख आसन इत्यादि का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों को स्नैक्स और रसना भी दिया गया। बच्चों के साथ कुछ अभिभावकों ने इस मौके का लुत्फ उठाया। उन्होंने बताया कि बच्चे एक दिन पहले से ही समर कैंप में आने के लिए काफी उत्साहित व उत्सुक थे। इस तरह के आयोजन से बच्चों में विद्यालय आने के प्रति रुझान बढ़ती है । साथ ही अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका मोनीबाला शर्मा, किरण कुमारी ,निधि कुमारी, अनामिका छेत्री तथा अन्य शिक्षक - शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सीताराम रवि के निधन पर शोक जताया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के असामयिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक जताया है। उनके पार्थिव शरीर को सोमवार को पार्टी मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिये लाया गया। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के आकस्मिक निधन की सूचना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायी है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिवार को इस भीषण दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना मिली। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के निधन की दुखद खबर मिली। यह पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में सांसद आदित्य साहू व डॉ प्रदीप वर्मा, महामंत्री मनोज सिंह, बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, राकेश प्रसाद, भानु प्रताप शाही, सुबोध सिंह गुड्डू सहित अन्य शामिल हैं।

## डीपीएस रांची इंडियाज बेस्ट स्कूल्स अवार्ड से सम्मानित

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल राँची को गुरुग्राम स्थित प्रसिद्ध संगठन करियर 360 द्वारा शिक्षा सत्र 2023-2024 के लिए इंडियाज बेस्ट स्कूल्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विद्यालय ने 'डे स्कूल कैटेगरी' के अंतर्गत एएएए+ ग्रेड प्राप्त किया है। करियर 360 ने विद्यालय के छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन, संकाय गुणवत्ता और स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मात्रात्मक मापदंडों को देखते हुए यह सम्मान दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को विद्यालय के शैक्षणिक निर्माण में अपना योगदान देने के लिए बधाई दी है।

### निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ विष्णु के पास सबसे अधिक 19 करोड़ रुपये

# छठा चरण : झारखंड में 24 उम्मीदवार करोड़पति, 28 पर कई आरोप

### सात निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं करोड़पति, जमशेदपुर के नौ उम्मीदवार करोड़पति

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची में 25 मई को वोट डाले जायेंगे। इस चुनावी अखाड़े में कुल 91 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें 24 उम्मीदवार खांटी करोड़पति हैं, जिसमें सात निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं। यानि यूं कहें कि झारखंड की धरती भी धन कुबेरों से भरी पड़ी है। वहीं 28 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। सबसे अधिक जमशेदपुर से चुनाव लड़ रहे नौ उम्मीदवार करोड़पति हैं। इसी सीट से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ विष्णु के पास सबसे अधिक 19,91,09,050 रुपए हैं।

#### धनबाद सीट से ये उम्मीदवार हैं करोड़पति

ढुल्लू महतो (बीजेपी)- 7,01,20,183, जगदीश रवानी (निर्दलीय)-4,33,10,790, मोहम्मद फैसल (निर्दलीय)- 2,47,63,540 था परवेज नैयर (आजाद समाज पार्टी)- 2,56,15,000 खांटी करोड़पति उम्मीदवार हैं।

#### गिरिडीह सीट से ये उम्मीदवार हैं करोड़पति

चंद्रप्रकाश चौधरी (आजसू)- 4,98,49,182, कमल प्रसाद (बीएसपी)-4,89,32,607 और मथुरा महतो (झामुमो)- 4,48,70,755 रुपये के मालिक हैं।

#### जमशेदपुर सीट से ये उम्मीदवार हैं करोड़पति

बबलू प्रसाद दांगी (निर्दलीय)- 2,26,96,000, विद्युत वरण महतो (बीजेपी)- 3,83,45,063, डोमन चंद्र (भागीदारी पार्टी)- 2,0256,300, इंद्रदेव प्रसाद (निर्दलीय)-1,50,14,677, जीतेंद्र सिंह (निर्दलीय)- 2,15,34,859, मनोज गुप्ता (लोकहित अधिकार पार्टी)- 1,16,04,000, साधु चरण (निर्दलीय)- 1,94,03,880, सौरभ विष्णु (निर्दलीय)- 19,91,09,050 और सुकुमार सोरेन (भारत आदिवासी पार्टी)- 1,01,34,000 भी करोड़पति हैं।

#### रांची सीट से ये उम्मीदवार हैं करोड़पति

धर्मेंद्र तिवारी (भारतीय जनतंत्र मोर्चा) - 9,06,94,064, हरिनाथ साहू (लोकहित अधिकार पार्टी)- 4,72,74,133, कोलेश्वर महतो (निर्दलीय)- 3,09,10,000, निपु सिंह (राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी)-1,24,83,319, पंकज कुमार रवि (पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया)-1,97,04,520, यशश्विनी सहाय (कांग्रेस)- 2,41,30,667, सर्वेश्वरी साहू (सनातन भारत दल)- 1,11,30,790 और संजय सेठ (बीजेपी)- 2,41,52,085 रुपये के मालिक हैं।

### इन उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज हैं आपराधिक मामले

**धनबाद सीट के इन उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज हैं मुकदमें :** दीपक कुमार दास (पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया), ढुल्लू महतो, जगदीश रवानी (निर्दलीय), मो. इकबाल अंसारी (निर्दलीय), मो. तफजुल हुसैन (निर्दलीय) और संजय कुमार (अखिल भारतीय हिंदू महासभा) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### जमशेदपुर सीट के इन उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज हैं मामल

अरूण कुमार (भारतीय आजाद सेना), विद्युत वरण महतो (बीजेपी), जूझा सोरेन (निर्दलीय), मनोज गुप्ता (लोकहित अधिकार पार्टी), प्रणव महतो (बीएसपी) और समीर मोहंती (झामुमो) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**रांची सीट के इन उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज हैं मामले :** अनिनुल अंसारी (निर्दलीय), देवेंद्रनाथ महतो (निर्दलीय), धर्मेंद्र तिवारी (भारतीय जनतंत्र मोर्चा), हरिनाथ साहू (लोकहित अधिकार पार्टी), मिंटू पासवान (एसयूसीआई), पंकज कुमार रवि (पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया), प्रदीप चंद्र महतो (निर्दलीय), रामहरि गोप (अंबेदकर पार्टी ऑफ इंडिया), रंजना गिरि (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया) और संजय सेठ (बीजेपी) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### गिरिडीह सीट के इन उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज हैं मामले

चंद्रप्रकाश चौधरी(आजसू), द्वारका प्रसाद लाल (निर्दलीय) , जयराम महतो (निर्दलीय), पप्पू कुमार निषाद (भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी), प्रमोद राम (पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया) और सुनीता टुडू (निर्दलीय) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# सीसीएल के ट्विटर हैंडल पर हैं 20 हजार से अधिक फॉलोअर्स

### कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी और सीआईएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीसीएल का आधिकारिक ट्विटर हैंडल @ रांची सीसीएल ने 20,000 फॉलोअर्स का एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पार कर चुका है। अब इस लोकप्रिय प्लैटफार्म एक्स ( ट्वीटर ) पर अलग अलग पृष्ठभूमि के 20 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। यह उपलब्धि कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि और सोशल मीडिया के माध्यम से हितधारकों के साथ जुड़ने के सीसीएल के प्रयासों का प्रमाण है। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कर टीम सीसीएल को बढ़ी दी। सीआईएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने इस उपलब्धि के लिए सीसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने सूचना प्रसारित करने और जनता के साथ जुड़ने में सोशल मीडिया के महत्व को रेखांकित करते हुए , कोयला उद्योग के बारे में अपडेट, समाचार और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए ट्विटर का लाभ उठाने में सीसीएल के प्रयासों की सराहना की।

विभागाध्यक्ष (सीसी & पीआर) आलोक कुमार ने सभी फॉलोअर्स का आभार जताते हुए कहा कि हम हितधारकों के कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि को देखकर रोमांचित हैं। सभी फॉलोअर्स से मिले फीडबैक से प्रेरित होकर हम प्रभावी संचार हेतु नवीन तकनीकों का बेहतर प्रयोग हेतु प्रयासरत हैं। हम हितधारकों के साथ जुड़ने, जानकारी साझा करने और कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सार्थक उपयोग करना जारी रखेंगे। गौरतलब है कि सीसीएल का आधिकारिक ट्विटर हैंडल @ रांची, सीसीएल से जुड़े अपडेट, समाचार प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था। यह हैंडल सीसीएल के कोयला उत्पादन, खनन संचालन, सुरक्षा पहल और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों पर सक्रिय रूप से जानकारी साझा कर रहा है। सीसीएल हितधारकों के साथ संचार और जुड़ाव को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीसीएल के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और हितधारकों के साथ जुड़ाव के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। सीसीएल के सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को मिलाकर 90 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं।

स्पीड न्यूज

### सड़क हादसे में दो घायल

**मांडर।** एनएच मुख्य पथ पर स्थित मुड़मा गांव के निकट सोमवार शाम हुए सड़क हादसे में पच्चीस वर्षीय सोनी परवीन और उनका सात माह का बच्चा घायल हो गया। वहीं इस हादसे में सड़क पर गिरने से मुड़मा निवासी बाइक सवार अठारह वर्षीय अनीस अंसारी को भी गंभीर चोटें आयी है। बताया जाता है कि चान्हो के सोनचीपी गांव की रहने वाली सोनी परवीन अपने सात माह के बच्चे शिफान अंसारी को गोद में लेकर ऑटो से उतरने के बाद सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट मुड़मा से मांडर की ओर जा रहे बाइक सवार अनीस अंसारी ने उन्हें धक्का मार दिया। तीनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

### पुलिस ने चोरी में संलिप्त अल्फाज को भेजा जेल

**मांडर।** पुलिस ने चोरी में संलिप्त अल्फाज अंसारी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया टांगरबसली निवासी अल्फाज ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर बीती रात को टांगरबसली नवाटांड़ रोड में सियारपतरा के समीप परयागो से शादी समारोह से लौट रहे अजय उरांव से मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया था। लूटपाट के क्रम में ही भागने के दौरान अजय उरांव के पीछे आ रहे अन्य साथी वहां पहुंचे जिन्होंने खदेड़कर अल्फाज अंसारी को पकड़ लिया। जबकि उसके चार साथी वहां से भाग निकलने में सफल रहे। पकड़े गये अल्फाज ने लूट की घटना में शामिल अपने अन्य साथियों की जानकारी पुलिस को दी है जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### विचारधारा से चुनाव लड़ेंगे : दामोदर सिंह

**सोनाहातू/राहे।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति समर्थित निर्दलीय रांची लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो पिछले 16 दिनों से होटवार जेल के न्यायिक हिरासत में हैं। विचारधारा की लड़ाई को मजबूती देते हुए पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा प्रत्याशी दामोदर हांसदा ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। देवेंद्र नाथ महतो के विचारधारा के साथ चुनावी प्रचार प्रसार हेतु केंद्र महिला मोर्चा के अध्यक्ष दमयंती मुंडा, कुर्मी विकास मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार, झारखंड पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर महतो, पंचपरगना फाइटर के केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो द्वारा चुनावी प्रचार जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है। सोमवार को सिल्ली,राहे, नामकुम, ओरमांझी एवं नीमडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क महा अभियान चलाया गया।

### एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में आजसू ने किया बैठक

**राहे।** एनडीए भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान कराने को लेकर आजसू पार्टी राहे प्रखंड कमेटी ने सोमवार को कई गांव में बैठक कर लोगों को मतदान करने की अपील की गयी। प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ के नेतृत्व नावाडीह ,होटलो, अंबाझरिया, पंचायत के कई गांव में ग्राम कमेटी, चूल्हा प्रमुख, महिला समिति के साथ बैठक कर प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में कमल फूल छाप में मतदान करने को कहा गया।

# दहकते अंगारों के बीच नंगे पांव चलकर शिवभक्तों ने दिया भक्ति व शक्ति का परिचय

## बेड़ो प्रखंड का प्रसिद्ध जरिया मंडा धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



जरिया मंडा के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का सामूहिक रूप से उद्घाटन करते अतिथि।

**बेड़ो।** श्री मंडा पूजा समिति जरिया बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित चार दिनी मंडा पूजा समारोह धार्मिक अनुष्ठान लोटन सेवा,धूआं सूआं,फूलखूंदी, झूलन व जतरा के दौरान निकली शोभायात्रा के साथ सोमवार को संपन्न हो गया। शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ व आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा अर्चना किया। धार्मिक अनुष्ठान पुजारी कश्यप दास गोस्वामी व पाट भोक्ता कलेश गोप की अगुवाई में शिवभक्तों ने फूलखूंदी के दौरान दहकते लाल अंगारों के बीच नंगे पांव चलकर भगवान भोलेनाथ व मां दुर्गा की आराधना करते हुए भक्ति व शक्ति का परिचय दिया। वहीं फूलखूंदी के बाद करमचंद भगत स्टेडियम जरिया में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का राज्य सभा सांसद सह लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व कुलपति डॉ रविन्द्र नाथ भगत, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत, 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर, प्रो मंगा उरांव, डॉ बंकिम चन्द्र अधिकारी, केसीबी कॉलेज बेड़ो के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी, पंसस विशेश्वर उरांव व सुकरा उरांव आदि ने सामूहिक रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान नागपुरी के प्रख्यात कलाकारों में क्रमशः उर्मिला महंतो, इग्नेश कुमार चिंता देवी, अनिल मुंडा, सूरज कुमार, राहुल जैक्शन, खुशी व वर्षा तथा पायल ग्रुप के म्यूजिशियनों ने रातभर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात साहू व ब्रजेश महतो ने किया। वहीं सोमवार को मंदिर परिसर में झूलन के दौरान शिवभक्तों को झूलन खूंटे से झूलाया गया।

इस दौरान शिवभक्तों ने श्रद्धालुओं के बीच श्रद्धा के फूल बिखेरा। जिसे पाने की ललक व होड़ श्रद्धालुओं के बीच देखने को मिलेगी। वहीं जतरा के दौरान ग्रामीणों ने शक्ति का प्रतीक काड़ा झण्डा, ढोल, ढाक, मांदर व नगाड़ा के साथ परंपरागत नाच गान करते हुए शिव मंदिर की परिक्रमा किया। साथ ही जतरास्थल में विभिन्न खोड़हा टीम के साथ जतरा,माठा,लूझरी आदि राग रागिनियों के साथ परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। जो पर्व का आकर्षण रहा। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों में राजीव रंजन अधिकारी, प्रेम महतो, राजेश बड़ाईक, मन्नू बड़ाईक सुरेंद्र महतो,नंदू महतो, रोहित महतो, छेदन महतो, अजय सिंह, सुखदेव कच्छप, शशि अनामिस एक्का ,प्रिंस एक्का व बनेश्वर महतो आदि ने सराहनीय योगदान दिया ।

# चार दिवसीय अंडर 14 टी- 20 क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का आगाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में चार दिवसीय अन्डर 14 टी- 20 क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का आगाज सोमवार को मैक्लुस्कीगंज के सखुआ टांड स्थित राजा बंगलों स्थित खेल मैदान में किया गया। इस दौरान झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाध सहदेव, पूर्व अंतराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच शेखर बोस, खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट,नितेश नाथ साहदेव, जितेंद्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत इस टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। चार दिनों चलने वाले इस टूनार्मेंट में जमशेदपुर के कदमा क्रिकेट एकेडमी, केबल टाउन क्रिकेट अकादमी एवं रांची के हरमू यूथ क्लब, अरविंदो यूथ क्लब की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है। प्रत्येक टीम तीन - तीन मैच एक खेलेगी। 23 मई को टूनार्मेंट का फाइनल खेला जाएगा। वही उद्घाटन मैच केबल टाउन क्रिकेट क्लब व अरविंदो एकेडमी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में छ विकेट खोकर प्रतीक राज के आतिशी 56 रन की मदद से 133 रन बनाया।जवाबी परी खेलते हुए अरविंदो एकेडमी निर्धारित ओवर में छः विकेट खोकर 106 रन ही बना सकी ।

वहीं दूसरा मैच कदमा क्रिकेट एकेडमी जमशेदपुर और हरमू रांची के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में हरमू की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर रिशु के 37 रनो की पारी के बदौलत 109 रन बनाए वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी कदमा क्रिकेट अकादमी निर्धारित ओवर में आठ विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। वहीं कदमा क्रल्ब के समर प्रताप सिंह ने तीन विकेट चटकाए। टूनार्मेंट को सफल बनाने में राजीव वर्मा, संजीव वर्मा, मनीष वर्मा, संयोग सागर सचिन गिरि गुरजीत सिंह सत्यम सिंह चंदर सिंह दयाशंकर साहु सहित अन्य का सराहनीय योगदान हैं।

## बेदिया समाज की बैठक, भाजपा को समर्थन देने का अहवान



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव आरा-केरम में सोमवार को रांची जिला के विभिन्न प्रखंड के बेदिया समाज की बैठक हुई। बेदिया विकास परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे रांची लोकसभा प्रत्याषी सांसद संजय सेठ ने कहा आदिवासी सामज के हित का दावे कोई भी कर लें। लेकिन समाज के लोग भी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ही आदिवासिंयों को सबसे ज्यादा सम्मान देने व हितकार्य किए गए हैं। उन्होने उपस्थित बेदिया समाज को आष्वस्त करते हुए कहा चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले संसद सत्र में ही स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया का चित्र संसद भवन में लगाने के लिए मांग की जाएगी। साथ ही उन्होने 25 मई को चुनाव में कमल फूल छाप वोट देने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों के हांथो को मजबूत करने की अपील किया। वहीं जीतनाथ बेदिया ने कहा बेदिया समाज को भाजपा द्वारा निष्चित ही सम्मान देने का कार्य किया गया है। उम्मीद जताया कि समाज के लोगों को किसी समस्याओं को सांसद संजय सेठ द्वारा ही समाधान कराया जा सकता है। वहीं उपस्थित समाज के लोगों ने एक स्वर में भाजपा का समर्थन करने अहवान किया। कार्यक्रम का संचालन संचालन मुखिया रमेश बेदिया व गोपालराम बेदिया ने किया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, ने भी संबोधित किया।

## उत्तीर्ण छात्राओं को दी गयी विदाई



**इटकी।** हमीदा गर्ल्स एकेडमी प्रांगण में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को विदाई दी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं ने नात, नज्म, गीत, नाट्य सहित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल शमशा परवीन ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें और कामयाबी हासिल कर अपने माता पिता और क्षेत्र का नाम रौशन करें। कार्यक्रम में शारका जमाल, शीबा फरहीन, अम्बरा सिम्मी, नौशाब समरीन व नुजहत सहित अन्य मौजूद थे। इधर सेमरा गांव स्थित जीजेएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को समर कैंप का आयोजन कर उसे ग्रीन डे के रूप में मनाया गया। कैंप में बच्चें हरे पोशाक पहन कर शामिल हुए। बच्चों द्वारा रैंप वॉक, कविता, नन फायर फूड आदि प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका चंद्रनिमा कुमारी, जयश्री दास, विराज तिर्की, रिंची कुमारी, सोनल, अलीशा, मारिया आदि शामिल थे।

### अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो, चार महिलाएं घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के दूधिया मोड़ के समीप बेड़ो पुरना पानी-लापुंग मार्ग पर सोमवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे अनियंत्रित होकर एक सवारी ऑटो नं जेएच 01 एफ 4174 के पलटने से ऑटो में सवार चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों में कपरिया नेहालु गांव निवासी 40 वर्षीय जौरी उरांव पति बंधना उरांव, 45 वर्षीय जल सहिया सरोज उरांव पति तेला उरांव 30 वर्षीय बालमुनि उरांव पति शिव चरण भगत और 22 वर्षीय बासमती उरांव पति रंजीत उरांव तीनों नेहालु अम्बा टोली गांव निवासी है।

जिन्हें ऑटो चालक सुकरा उरांव व मंगु भगत ने ग्रामीणों के सहयोग से चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।

# दो माह से बंद है बेड़ो लोहरदगा रोड स्थित सामुदायिक शौचालय

**बेड़ो प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों को शौच करने को लेकर हो रही भारी परेशानी**

**बेड़ो के घने आबादी क्षेत्र वाले चौक चौराहा में नहीं है ग्रामीणों के लिए यूरिन करने की कोई भी व्यवस्था**

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा रोड स्थित बंद पड़ा सामुदायिक शौचालय।

**बेड़ो।** एक ओर सरकार जहां स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों में शौचालय का निर्माण किया गया है, लेकिन गांव से प्रखंड मुख्यालय पहुंचने वाले महिला व पुरुष खुले में ही शौच जाने को मजबूर हो रहे हैं। बेड़ो में प्रत्येक दिन हजारों ग्रामीणों की आवाजाही बेड़ो में होती है। वही बेड़ो पहुंच जाने के बाद ग्रामीण शौच के लिए इधर-उधर भटक कर रह रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित कुछ ग्रामीणों ने बताया कि बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के बगल में सामुदायिक शौचालय तो है लेकिन शौचालय के बंद रहने के कारण ग्रामीण खासकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आखिर महिलाओं के इन दर्द को कौन समझेगा। चुनाव के समय जनप्रतिनिधि और सरकारी कार्यक्रम के दौरान सरकारी पदाधिकारी प्रखंड मुख्यालय बेड़ो को मॉडल प्रखंड के रूप में विकसित करने को लेकर बातें तो करते हैं लेकिन बेड़ो प्रखंड मुख्यालय का हाल बेहाल है। बेड़ो के घने क्षेत्र आबादी वाले चौक चौराहा में दुकानदार व प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों के लिए यूरिन करने के लिए शौचालय की भी कहीं कुछ सुविधा नहीं है जिसके कारण दुकानदार व ग्रामीण भी खुले में शौच जाने को मजबूर है। इधर लोहरदगा रोड स्थित सामुदायिक शौचालय का देखरेख कर रहे छोटन महली ने बताया कि टंकी भर जाने के कारण शौचालय को मजबूरन बंद करना पड़ा है। उन्होंने अपने स्तर से स्थानीय जन प्रतिनिधि से टंकी साफ करने को लेकर मौखिक रूप से बात भी रखे हैं लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी सामुदायिक शौचालय की टंकी का सफाई नहीं हो पाया है। जिसके कारण पिछले दो माह से सामुदायिक शौचालय बंद है और ग्रामीणों को भारी समस्याएं हो रही है।

## एक नजर में

### कुटे में श्रमदान कर तालाब का निर्माण

सिकिदिरी। सिकिदिरी के नीचे कुटे महतो टोली के ग्रामीणों ने श्रमदान कर छोटा तालाब नुमा जलाशय का निर्माण किया है ।समाजसेवी कृष्णा महतो के नेतृत्व में महतो टोली के 10 स्वयं सहायता महिला समूह की महिलाओं और पुरुषों के एक सप्ताह के अथक प्रयास से तालाब का निर्माण कर डाला ।कृष्णा महतो ने बताया कि गांव में किसी की मृत्यु होने पर तीन कर्म और दसकर्म के अवसर पर श्मशान घाट के समीप पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्नान सहित अन्य कर्मकांडो में काफी परेशानी और असुविधा होती थी ।श्रमदान में कमलेश महतो,भुवनेशवर महतो,रमेश महतो,आनंद महतो,नंदलाल महतो,भोला महतो,मुरली महतो,खलेश महतो,मंगल मुंडा व महिला समूह की शीला देवी,जानती देवी,सारो देवी,फूलो देवी,रंजीता देवी,सुमित्रा देवी रैमुनी देवी आदि की भूमिका रही।

### कचहरी परिसर में बाईक चोर सक्रिय एक दिन में दो बाईक पर किया हाथ साफ

अनगड़ा ।कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत कचहरी परिसर में बाईक चोर इन दिनों सक्रिय हो गए हैं। और केश मुकदमा को लेकर कचहरी आने वाले लोगों का बाईक को अपना शिकार बना रहे हैं। सोमवार को अनगड़ा थाना क्षेत्र के चिलदाग ग्राम निवासी सलीम अन्सारी और नामकोम थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोचबोंग खरसीदाग निवासी दिलीप बड़ाईक के पैशन प्रो बाईक पर हांथ साफ कर दिए ।बताया गया कि सलीम अन्सारी अपना काला रंग का पैशन प्रो बाईक संख्या खल्-02र-9724 तथा दिलीप बड़ाईक अपना लाल रंग का पैशन प्रो बाईक संख्यांखल्-01अइ-9857 बाईक से केश के सिलसिले में कचहरी गए थे तथा न्यू बार भवन स्थित बाईक स्टेन्ड में अपनी अपनी बाईक को खड़ा करके वकील के पास गए थे। काम काज निपटाने के बाद दोनो जब वापस आए तब तक अज्ञात चोरों ने उन दोनों के बाईक पर हांथ साफ कर चुके थे। इस सम्बंध मे सलीम अन्सारी ने कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। वही दिलीप बड़ाईक के आवेदन को यह कहकर नही लिया गया कि उनके पास उस समय आधार कार्ड नही था ।बताया गया कि दो दिन पूर्व भी उसी परिसर से एक और बाईक की चोरी हुयी थी।

### आजसू ने संजय सेठ को वोट करने की अपील की

सिकिदिरी। आजसू पार्टी की एक बैठक सोमवार को चाडू पंचायत प्रभारी शिबू महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरातू ,हेसातू और चाडू पंचायत के पंचायत प्रभारियों के ने भाग लिया। मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी का रीढ़ चुल्हा प्रमुख,ग्राम प्रभारी और पंचायत प्रभारी है। इसके माध्यम से 2024 में झारखंड में नया स्वरूप देखने को मिलेगा। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए मतदान करने की अपील की गई। बैठक में केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी,बीरबल बैठा,जगरनाथ महतो,राजेश पाहन,राजकुमार सिंह, राजकुमार बेदिया, किरण देवी,निर्मला देवी,सीता देवी,शीला देवी,रंजीत महतो,सुरेंद्र महतो,किशोर मुंडा, महाबीर महतो,फुलेंद्र महतो,ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।

### झारखंड पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ दशम वर्ग सफल छात्रों के अभिभावकों सम्मनित किया गया

**खलारी।** झारखण्ड पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दशम वर्ग के सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को उनके बेहतरीन मार्गदर्शन के लिए सम्मानित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अभिभावकों ने विद्यालय के दिन प्रतिदिन नये नये कृतिमान स्थापित कर रहा है। साथ ही साथ अपने बच्चों की 12 वीं की पढाई भी इसी विद्यालय से करायेंगे। विद्यालय पढ़ाई के साथ साथ बच्चों में संस्कार भी दे रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चौहान अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय की नींव आपसी विशवास एवं सहयोग पर टीका हुआ है। इसी को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय 12 वीं में भी एनके पिपरवार में अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखेगा।

### प्रकाश लकड़ा ने संजय सेठ के लिए मांगा वोट

**सिकिदिरी।** आजसू नेता प्रकाश लकड़ा ने सोमवार को नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव मे सोहराई बेदिया की अध्यक्षता में बैठक कर लोकसभा चुनाव पर रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रकाश लकड़ा ने एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए मतदान करने की अपील की ताकि देश में मजबूत और सशक्त लोकतंत्र की स्थापना हो सके।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 336 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Va. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate:_BIDYUT BARAN MAHATO, KRISHNAPUR, ADITYAPUR INDUSTERIAL AREA, NIT, SARAIKELA KHARSAWAN, PIN-832109

Name of political Party:__BHARTIYA JANATA PARTY____________

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election :_LOKSABHA 2024____________

* Name of Constituency:___09, JAMSHEDPUR____________

I__BIDYUT BARAN MAHATO____________(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM, JAMSHEDPUR | SAKCHI PS CASE NO-03/2022 DATED 06/01/2022 | PENDING POLICE BAIL ON 03/04/2024 | U/S-188/269/270/290/IPC AND 51(B) DISASTER MANAGEMENT ACT-2005 |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences-NIL

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Imposed Punishment |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| | | | |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned din place of name of constituency.

# एआई तकनीक की धूम

एआई तकनीक की गुणवत्ता से लैस सर्च इंजन के सामने आने की बात कही जा रही है है। कहा जा रहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संचालित यह सर्च इंजन कालांतर गूगल के सर्च इंजन की बादशाहत को चुनौती दे सकता है। ओपनएआई द्वारा निर्मित इस सर्च इंजन की कभी भी घोषणा की जा सकती है। बताया जाता है कि इस कार्य में ओपनएआई ने बड़ी संख्या में गूगल के विशेषज्ञों को इस प्रोजेक्ट के लिये अपने अभियान में शामिल किया है। निश्चित रूप से इसके सक्रिय होने से कई तरह के बदलाव देखने में आएंगे। दरअसल, इस सर्च इंजन को लेकर इसलिए भी उम्मीदें बढ़ चुकी हैं क्योंकि ओपनएआई का दूसरा उपक्रम चैटजीपीटी पहले ही दुनिया में धूम मचा चुका है। इसकी सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2022 के अंत में शुरू हुए चैटजीपीटी के अब तक दुनियाभर में दस करोड़ मासिक उपयोग करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि ओपनएआई के नये सर्च इंजन के अस्तित्व में आने से चैटजीपीटी की क्षमताओं का भी विस्तार होगा। यह माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई की नई कामयाबी होगी। जिससे कालांतर ज्ञान की तलाश में इंटरनेट पर सर्च इंजन का प्रयोग करने वाले जिज्ञासुओं को सटीक जानकारी मिल सकेगी। निश्चित रूप से सर्च इंजन से मिलने वाली जानकारी महज तकनीकी नहीं होनी चाहिए। अब चाहे मूल पाठ हो या अनुवाद उसमें मौलिकता की महक होनी ही चाहिए। निश्चित रूप से जानकारी तार्किक होने के साथ ही आसान भी होनी चाहिए। ऐसे में आने वाले समय में इंटरनेट जगत में नए एआई आधारित सर्च इंजन से नई क्रांति की उम्मीद की जा रही है। दुनिया में सबसे युवा और प्रतिभाओं के देश भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित व्यवस्था में अपनी पकड़ बनाने के लिये नई पहल करनी होगी।

# आर्थिक मुद्दे गायब

आम चुनावों के परिणाम से भारत का आर्थिक भविष्य, खासकर राजनीतिक अर्थव्यवस्था की वजह से महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित होगा। देश की कुल कामकाजी आबादी में 45 फीसदी का हिस्सा रखने वाले कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले साल सिर्फ 1.8 फीसदी रही। नतीजा यह हुआ कि देश के 40 प्रतिशत लोगों को सब्सिडी वाले मुफ्त भोजन का सहारा लेना पड़ रहा है। शहरों में भी रोजगार की स्थिति खराब है। करीब 10 करोड़ से ज्यादा युवा न तो पढ़ाई और न ही नौकरी कर रहे हैं। युवाओं को कम वेतन वाली सरकारी नौकरियों के लिए आपस में कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है, वहीं दूसरी तरफ विनिर्माण (उत्पादन) का क्षेत्र भी सिमटकर सकल घरेलू उत्पाद का सिर्फ 13 फीसदी रह गया है। फ्रांस के शाही घराने के राजाओं की तरह ही अभिजात्य वर्ग अपने एक सीमित समुदाय वाले दायरे में ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहे हैं। दूसरी ओर शेयर बाजारों में तेजी दिख रही है और पूंजी लगाने से मुनाफा बढ़ रहा है और इन सबका फायदा सिर्फ उन्हें ही मिल रहा है। आमलोगों की तनख्वाह वहीं की वहीं ठहरी हुई है जबकि पूंजीपति खूब खर्च कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए कोई ठोस और दीर्घकालिक रणनीति भी नजर नहीं आ रही है। देश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच बढ़ती असमानता वास्तव में गंभीर राजनीतिक और आर्थिक सवाल खड़े कर रही है। इसमें बेरोजगारी की समस्या या ग्रामीण क्षेत्रों की परेशानियों को भी नहीं स्वीकारा गया है। अगर मौजूदा सरकार को पूर्ण बहुमत या उससे ज्यादा सीटें मिल जाती हैं तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि लोगों के लिए अर्थव्यवस्था की स्थिति शायद उतना अहम मुद्दा नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था सबसे ज्यादा मायने रखती है। धन के असमान वितरण से देश का विकास गुणवत्तापूर्ण नहीं हो सकता है।

# नयी शिक्षा नीति से बड़े बदलाव संभव



मोदी सरकार कोरोना संक्रमण में बगैर किसी बहानेबाजी के अपने सुधार कार्यक्रम में लगी है। अभी 1986 में बनी शिक्षा नीति के अनुसार ही शिक्षा व्यवस्था को संचालित किया जा रहा था। 1992 में इस नीति में कुछ बदलाव जरूर किया गया, पर उसे पर्याप्त नहीं माना जा रहा था। इसलिए भाजपा ने 2014 के अपने चुनाव घोषणा-पत्र में नई शिक्षा नीति लाने का भी अहम वादा किया था। सत्ता में आने के बाद उसने इस दिशा में कदम भी उठा दिया था। आखिरकार व्यापक सलाह-मशविरों और सुझावों के बाद के. कस्तूरीरंगन समिति द्वारा तैयार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति घोषित कर दी गई है। स्वाभाविक ही इससे शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित बदलाव की उम्मीद जागती है। नई शिक्षा नीति का मकसद स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक समय की मांग के अनुसार पाठ्यक्रमों में बदलाव और उसके जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवाओं को प्रतस्पिर्धी परिवेश के लिए तैयार करना है। इससे युवाओं में कौशल विकास, नवोन्मेषी अनुसंधान और रोजगार के नए अवसर पैदा करने में मदद मिल सकती है। नई शिक्षा नीति का जोर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और कौशल विकास के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर भी है। इसके अलावा शिक्षा खर्च को छह फीसद तक ले जाने का संकल्प है। अब मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदल कर फिर से शिक्षा मंत्रालय हो गया है।

हमारी प्रतिस्पर्धा अब वैश्विक हो गयी है। यूपीए सरकार के समय ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने की बात उठी थी। उसके अनुसार शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने और रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रणाली बनाने का संकल्प लिया गया था। मगर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पाई थी। फिर हमारे देश में जिस तरह शिक्षा क्षेत्र में विषमता बढ़ती गई है, उसमें बुनियादी शिक्षा और फिर उच्च शिक्षा के स्तर पर व्यावहारिक बदलाव करने की मांग उठती रही है। फिलहाल सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों की पढ़ाई-लिखाई के स्तर और सुविधाओं में बहुत बड़ा अंतर नजर आता है। इसे लेकर व्यापक सामाजिक असंतोष भी देखा जाता है। इस अंतर को पाटना बहुत जरूरी है। फिर उच्च शिक्षा के स्तर पर हमारे देश के विश्वविद्यालय पढ़ाई-लिखाई के तरीके, अनुसंधान, सुविधाएं आदि के पैमाने पर दुनिया के विश्वविद्यालयों के सामने फिसड्डी साबित होते रहे हैं। इस स्थिति से उबरने की जरूरत भी रेखांकित की जाती रही है। अब उच्च शिक्षा केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत विद्यार्थियों को एक से दूसरे देशों में भेजने का मामला नहीं रह गया है। यह व्यावसायिक मामला भी है। नई शिक्षा नीति में इसे ध्यान में रखते हुए सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को प्रोत्साहित और विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है।



-डॉ मेरी ग्रेस

> हमारी प्रतिस्पर्धा अब वैश्विक हो गयी है। यूपीए सरकार के समय ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था विकसित करने की बात उठी थी। उसके अनुसार शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने और रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रणाली बनाने का संकल्प लिया गया था। मगर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पाई थी। फिर हमारे देश में जिस तरह शिक्षा क्षेत्र में विषमता बढ़ती गई है, उसमें बुनियादी शिक्षा और फिर उच्च शिक्षा के स्तर पर व्यावहारिक बदलाव करने की मांग उठती रही है।

नई शिक्षा नीति में इस बिंदु पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है। फिर पाठ्यक्रमों का स्वरूप रोजगार और विशेष योग्यता अर्जित करने, अनुसंधान आदि के आधार पर तैयार करने पर जोर दिया गया है। दरअसल, अब शिक्षा प्रणाली को न सिर्फ अपने देश की, बल्कि वैश्विक जरूरतों के मुताबिक ढालना बहुत जरूरी है, ताकि विज्ञान, तकनीकी शिक्षा, सामाजिक विज्ञान आदि क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। नई शिक्षा नीति से यह मकसद सध सकता है। नई एजुकेशन पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए इसरो के पूर्व प्रमुख के कस्तूरीरंगन की कमेटी ने देशभर की अलग-अलग संस्थाओं से जानकारियां लीं। इनमें एक बड़ी आवाज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भी रही। बताया गया है कि आरएसएस से जुड़े कुछ लोगो भी शिक्षा नीति की ड्राफ्टिंग में शामिल रहे हैं। इसके लिए बकायदा संघ के कार्यकताओं, भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, सरकार के प्रतिनिधि और शिक्षा नीति के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष की मुलाकात भी हुई।

भाषा के फॉर्मूले परः हालांकि, केंद्रीय कैबिनेट ने जिस शिक्षा नीति को मंजूरी दी है, उसमें सरकार बीच का रास्ता अपनाती दिखी है। माना जा रहा है कि संघ के सुझाव के मुताबिक ही एचआरडी मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय करने पर सहमति बनी। संघ की अन्य कई मांगों पर केंद्र सरकार ने दूरी बना ली। खासकर बच्चों के लिए एक स्टेज पर तीन भाषाओं के फॉमूर्ले के प्रस्ताव पर। केंद्र सरकार ने उस प्रावधान को महत्व नहीं दिया है, जिसमें हिंदी को 6वीं क्लास के बाद अनिवार्य भाषा करार दिया गया था। खासकर तमिलनाडु के राजनीतिक दलों के विरोध के बाद, जिन्होंने इसे हिंदी को थोपने की तरकीब बताया था।

लेकिन केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को जिस ड्राफ्ट को मंजूरी दी, उसमें भाषाई मामलों के लिए राज्यों को ज्यादा छूट दी गई है और कहा गया है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। यानी छात्र जो भाषा सीखेंगे वो राज्य सरकार, क्षेत्र और खुद छात्रों का चुनाव होगा, जब तक तीन में से दो भाषाएं स्थानीय ही होंगी।

विदेशी यूनिवर्सिटी के फॉमूर्ले परः दूसरी तरफ आरएसएस से जुड़े संगठन स्वदेशी जागरण मंच के कड़े विरोध के बावजूद नई शिक्षा नीति में विदेशी यूनिवर्सिटियों के लिए भारत में कैंपस खोलने का प्रावधान जोड़ा गया है। हालांकि, इसके साथ ही आरएसएस की भारत के प्राचीन ज्ञान पर जोर देने की बात को नई नीति में रखा गया है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि इस तरह के तत्व छात्रों को स्कूली पाठ्यक्रम के जरिए सही और वैज्ञानिक जरियों से ही पढ़ाए जाएंगे। नई शिक्षा नीति पर आरएसएस से जुड़े लोगों ने कहा कि उनकी मांगों को माना गया और वे नई नीति से काफी खुश हैं।

## खास बात

### लू से अत्यधिक मौत

**भारत** के साथ-साथ दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू-स्खलन, सुनामी, ग्लेशियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाए तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की मानें तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकार्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रैल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है।

# धारणा और भाव

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनद सरस्वती**


**जब** मैं सत्रह साल का था, तब तक मैं ऐसे सवाल पूछ रहा था, जिनका जवाब कोई नहीं दे सकता था। मैं धारणा और अनुभव के बीच अंतर जैसी चीजों के बारे में सोचता था। मैंने अपने मामा और मेरी छोटी बहन के साथ इस तरह के विषयों पर बहुत बात की, लेकिन इससे मेरी प्यास नहीं बुझी और मुझे पता था कि मुझे जाना होगा। मैंने घर से अपनी रवानगी स्थगित कर दी, जब तक कि एक दिन मेरे पिता ने मुझे अपनी जेब से नब्बे रुपये देकर बाहर नहीं निकाल दिया। इस प्रकार मेरा भटकना जीवन शुरू हो गया।

अपनी यात्रा के दौरान मैं एक बहुत पुराने स्वामी से मिला जिन्होंने मुझे अपने आश्रम में रहने के लिए आमंत्रित किया। उन्हें तंत्र विद्या का अद्भुत ज्ञान था और उन्होंने मुझे बहुत सी बातें सिखाईं। हालांकि मैं जानता था कि मैं उसे कभी नहीं भूलूंगा, वह मेरा गुरु नहीं था और नौ महीने के बाद मैंने छोड़ दिया और भटकता रहा। इसके तुरंत बाद मैं ऋषिकेश पहुंचा जहां मैंने स्वामी शिवानंद के बारे में सुना। मैं उसके पास गया और पूछा कि उच्चतम चेतना का अनुभव कैसे किया जाए। उसने मुझे अपने आश्रम में रहने के लिए कहा और वह मेरा मार्गदर्शन करेगा। इसलिए मैंने मठवासी जीवन का पालन किया, लेकिन फिर भी, लंबे समय तक मैं अपने अस्तित्व के उद्देश्य के बारे में हैरान था। मुझे लगा कि आदमी एक साधक था, फिर भी मैं वास्तव में नहीं जानता था कि मैं क्या चाह रहा था और अक्सर भयानक सवाल के साथ छोड़ दिया गया था।

**(प्रस्तुति : योगाचार्य मुक्तरथ)**

## कॉर्टून वर्ल्ड

खाद्य सुरक्षा पर मारामारी




## लेटर टू एडिटर

### आर्थिक विकास

**सतत** आर्थिक वृद्धि के काल में ताकतवर पुरुष या महिला के ही हाथ में ही कमान रही है। ऐसे ताकतवर शख्स दो तरह के होते हैः बाजार को मजबूत करने वाले या नागरिक स्वतंत्रताओं में कटौती करने वाले नेता। डॉ मनमोहन सिंह इसके अपवाद थे जिन्होंने बेहद कमजोर नेता होते हुए भी नागरिक स्वतंत्रता पर कोई चोट पहुंचाए बगैर बाजारों को सशक्त बनाया।

**– श्रीनारायण, हजारीबाग**

### बेहाल उच्च शिक्षा

**उच्च** शिक्षा के स्तर पर हमारे देश के विश्वविद्यालय पढ़ाई-लिखाई के तरीके, अनुसंधान, सुविधाएं आदि के पैमाने पर दुनिया के विश्वविद्यालयों के सामने फिसड्डी साबित होते रहे हैं। इस स्थिति से उबरने की जरूरत भी रेखांकित की जाती रही है। अगर हमें विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति पूरी ताकत से दर्ज करानी है तो हमें शिक्षा को सुधारना ही होगा।

**– राजेन्द्र प्रसाद, रांची**

जब भारत जाति, मत-मजहब, क्षेत्र, भाषा और तमाम अन्य भागों में विभाजित होकर बोलता है, तब हमारी खंडित आवाज को दुनिया दबाने का कार्य करती है। जब 135 करोड़ की आबादी का भारत एक साथ बोलता है, तब वह दुनिया के सामने सबसे बड़ी ताकत बनकर खड़ा होता है।

**- आदित्यनाथ योगी**

## रोचक ट्वीट

गांडेय में बेटी कल्पना सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। बारिश के बीच जिस प्रकार जनता वहां डटी रही, यह हमारी सरकार के कामकाज का सर्टिफिकेट है।

**-चंपई सोरेन, सीएम**





**जमशेदपुर** में जन-आशीर्वाद का ये अद्भुत दृश्य भावविभोर करने वाला है। जनता-जनार्दन का यह स्नेह मुझे दिन-रात काम करने के लिए प्रेरित करता है। जोहार जमशेदपुर, जोहार झारखंड!

**– नरेन्द्र मोदी**

# योगी आदित्यनाथ को हटाने का भ्रम फैलाते केजरीवाल

**डॉ सौरभ मालवीय**

## चुनाव 2024

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले डेढ़-दो वर्षों से अमित शाह को पीएम बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे प्रधानमंत्री पद छोड़ कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जायेगा। यद्यपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा - आने वाले पांच सालों में मोदी-योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाले हैं। सियासी गलियारे में इस बयान को अरविंद केजरीवाल के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के पश्चात भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 75 वर्ष की आयु के पश्चात भी अपने पद पर बने रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। इसके अतिरिक्त पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी स्पष्ट कर चुके हैं कि 75 वर्ष के पश्चात सेवानिवृति वाली बात पार्टी के संविधान में नहीं है। इस प्रकार की बातें केवल दुष्प्रचार के लिए बोली जा रही हैं। इसमें दो मत नहीं कि भाजपा का संगठन अत्यंत सुदृढ़ है।

प्रदेश की जनता भी उनके विकास एवं जनहित के कार्यों से अति प्रसन्न एवं संतुष्ट है, तभी उसने उन्हें दूसरी बार मुख्यमंत्री चुना। सर्विदित है कि उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जाता है, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। इसीलिए उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बना रहता है। अपने उत्कृष्ट कार्यों एवं सुशासन के कारण उन्होंने दो बार भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाई है। भारतीय जनता पार्टी ने भी योगी आदित्यनाथ के कार्यों को सराहा तथा उन्हें प्रदेश की बागडोर सौंप दी। लोकसभा चुनाव 2024 पाचवें चरण तक आते आते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 49 दिनों में कुल 111 जनसभाएं सहित 144 जनसभाएं किये हैं।

इसके अलावा योगी अबतक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चूकें है । मुख्यमंत्री ने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर प्रदेश की चुनावी कमान संभाल ली थी। 27 मार्च से 19 मई तक कुल 50 दिनों में मुख्यमंत्री लगातार चुनाव प्रचार में लगे हुये है। अब तक उन्होने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड सो किया है। योगी की जनसभाओं में अपार भीड़ उनको सुनने के लिए प्रचंड गर्मी में भी जुट रही है ।

# बढ़ते जनसंख्या दबाव के बीच रोजगार देने में सफल मोदी सरकार

**डॉ मयंक चतुर्वेदी**

## सामयिक

**देश** की जनता ने अटल सरकार के बाद दस साल कांग्रेस को भी दिए थे, लेकिन आंकड़े यही बता रहे हैं कि एनडीए की सत्ता में जिस गति से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार कार्य कर रही थी, वह गति कांग्रेस की मनमोहन सरकार आते ही धीमी पड़ गई थी। इस स्थिति में भारत की आम जनता ने फिर से भाजपा की ओर आशा भरी नजरों से देखा। उसके बाद की स्थिति पूरी दुनिया के सामने मौजूद है। भारत कहां था और अब कहां से कहां पहुंच गया है! यह विश्व देख रहा है, कहना होगा कि दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत विकास के सभी आंकड़े तोड़ रहा है।

मोदी सरकार और पिछली मनमोहन सरकार के बीच भारत की जनसंख्या और उसके दबाव के बीच संतुलन को यदि देखें तो जब मनमोहन सरकार 2004 में सत्ता में आई तब देश की जनसंख्या 1.136 बिलियन थी जो दस वर्ष के कार्यकाल में बढ़कर 2014 की स्थिति में 1.307 बिलियन पर जा पहुंची थी। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने, तब यही जनसंख्या का ग्राफ बढ़कर 2015 में 1,322,866,505 हो गया और 2024 आते-आते यह जनसंख्या का आंकड़ा 1,441,719,852 को पार कर गया।

पिछले दस सालों में 12 करोड़ अनुमानित जनसंख्या बढ़ी है। यह नवीनतम आंकड़ा भारत की जनसंख्या (लाइव) वल्डोमीटर के अनुसार है। यानी कि देश में एक ओर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा था तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनका मंत्रीमण्डल अपने प्रयासों से आर्थिक क्षेत्र में नवाचार करते हुए रोजगार बढ़ाने के कार्य में जुटे हुए थे । देखा जाए तो मनमोहन सिंह के कांग्रेस कार्यकाल की 4.7 प्रतिशत', भारत की आर्थिक विकास दर निराश करती है। 2012-13 में औद्योगिक विकास दर घटकर 20 साल के निचले स्तर एक प्रतिशत पर आ गई थी। बैंकों के नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स 2013 में 50 प्रतिशत बढ़ गए थे, जिसकी रिपोर्ट भी मौजूद है। रुपया विश्व की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक हो गया था । लेकिन आज ऐसा बिल्कुल नहीं है। वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अपेक्षा से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सीएजीआर मुद्रास्फीति पर 2004-14 के बीच यह 8.7 प्रतिशत थी, जो अब 2014-24 के बीते दस सालों के बीच 4.8 प्रतिशत हो गई है।

इसी तरह से भारत का विनिर्माण पीएमआई 2008 के बाद से उच्चतम स्कोर पर मार्च में 59.1, वित्त वर्ष 24 के अंत तक बैंक एनपीए दशक के सबसे निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर पहुंच जाने की उम्मीद जताई जा रही है। अन्य विदेशी मुद्राओं के मुकाबले रुपया सबसे बेहतर स्थिति में है। अभी भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा, यही अनुमान दुनिया की हर एजेंसी का है।

**मोदी शासन के दौरान 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए**

देश में मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। घरेलू शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट जो हाल ही में मोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभावः प्रतिमान में बदलाव शीर्षक से सामने आई है। पूरी केस स्टडी पर आधारित है, जिसमें मुख्यतौर पर 80 अध्ययनों को शामिल किया गया है, जिसमें सरकारी योजनाओं के आंकड़े भी शामिल हैं। यहां ये सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर समावेशी विकास के उद्देश्य से काम कर रहा ये घरेलू शोध संस्थान स्कॉच ग्रुप 2014 से 2024 के बीच सालाना कम से कम 5.14 करोड़ पर्सन-ईयर्स रोजगार पैदा करने का डेटा प्रस्तुत करता है । वस्तुतः पर्सन-ईयर इस बात का पैमाना है कि किसी व्यक्ति ने पूरे साल कितने घंटे काम किया।

यह रिपोर्ट बता रही है कि गत दस साल में 19.79 करोड़ रोजगार सरकारी योजनाओं के जरिए इनडायरेक्ट रोल की वजह से पैदा हुए हैं, जबकि 31.61 करोड़ रोजगार सरकार की लोन-आधारित योजनाओं के कारण संभव हो सके हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में जो कहा है वह भी समझने योग्य है। पीएम मोदी ने बताया है कि पिछले 10 साल में जो माइक्रो फाइनेंस हुआ है, इस माइक्रो फाइनेंस के कारण देश में बहुत रोजगार उपलब्ध हुआ है।

# हजारीबाग क्षेत्र के भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल में शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव हुआ संपन्न

- भुरकुंडा कोयलांचल में 55, भदानीनगर में 65 व बासल क्षेत्र में 75 प्रतिशत हुआ मतदान
- महिलाओं व पहली बार वोट करने वाले युवक-युवतियों में मतदान के प्रति दिखा खासा उत्साह

**खबर मन्त्र संवाददाता**









**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईभीएम में कैद हो चुका है। भुरकुंडा कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्रो में 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतो का प्रयोग किया। सुबह से कोयलांचल क्षेत्र में जहां मतदान का प्रतिशत धीमी रहा वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं की काफी भीड़ वोट देने के लिए मतदान केंद्रों में उमड़ी रहा। धीरे-धीरे मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। भुरकुंडा कोयलांचल में 55 प्रतिशत, भदानीनगर क्षेत्र में 65 प्रतिशत और बासल क्षेत्र में 75 प्रतिशत मतदान हुआ। सोमवार को हजारीबाग लोकसभा के जिन उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी, उनमें एनडीए के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल, इंडिया गठबंधन के कांग्रेसी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, बसपा के मो. मोइनउद्दीन अहमद, भाकपा के अनिरूद्ध कुमार, लोक अधिकारी पार्टी कुंज बिहारी कुमार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी छठी देवी, पिपुल पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के निशांत कुमार सिन्हा, भारतीय आजाद सेना के प्रकाश सोनी, ममता पार्टी के भुनेश्वर बेदिया, झापा के राजकुमार, भागीदारी पार्टी श्याम बिहारी प्रजापति, निर्दलीय अभिषेक कुमार, मनोज कुमार बेदिया, विनोद कुमार राणा, शशिभूषण केसरी, संजय कुमार मेहता, मो. मेराज कुल 17 उम्मीदवार शामिल हैं। मतदान को लेकर सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मतदाता निर्धारित समय सुबह सात बजे से बूथ पर पहुंचकर कतार में लग गये थे। और यह सिलसिला देर शाम पांच बजे तक चलता रहा। लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवक-युवतियों और किन्नरों में खासा उत्साह दिखा। कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के लिए महिलाएं काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा ली। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन काफी मुस्तैद नजर आई।

## स्कूली बच्चों ने दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में की मदद



लोकसभा चुनाव में भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी व स्कूली बच्चों ने काफी मदद की। पंचायत प्रतिनिधियों और खास करके स्कूली बच्चों के इस कार्य की चहुंओर खूब प्रशंसा हो रही है। बच्चों ने व्हीलचेयर के माध्यम से क्षेत्र के दर्जनों महिला-पुरूष दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं पतरातू सीओ अमित भगत ने भी दिव्यांग खेपा बाबा सहित अन्य दिव्यांगजनों को जल्द से जल्द कैसे मतदान कराया जाये इसकी सफल व्यवस्था में मुस्तैदी से डटे दिखें।

### चिल-चिलाती धूप में भी महिला वोटरों में मतदान के प्रति दिखा खासा उत्साह

हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में महिला वोटरों का मतदान के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। इस चिल-चिलाती धूम में भी सुबह सात बजे से शाम पांच बजे कतारवद्ध खड़ा होकर महिलाओं व युवतियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबुती में अपनी भूमिका निभाई। इस दौरान महिलाओं ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए मतदान के लिए औरों को भी प्रेरित किया।

### किन्नर समाज ने उत्साह के साथ किया मतदान, दूसरों को भी किया प्रेरित

हजारीबाग लोकसभा चुनाव में किन्नर समाज के लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया। बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय मतदान केंद्र में किन्नर समाज के सन्नी कुमार यादव, मन्नु कुमार, मुन्नी हिजारा, टीना सिंह, बुद्ध बहादुर लांबा, सोमनाथ, मंटु मांझी, दशरथ राम, प्रमोद शर्मा आदि ने मतदान के बाद अपने अंगुली पर लगे स्याही के निशान को दिखाते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबुती के लिए मतदान जरूरी है। उन्होंने खुद के साथ-साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।

## पहली बार वोट करने वाले युवक-युवतियों में खुशी की लहर




हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में पहली बार वोट करने वाले युवक-यवितयों ने मतदान के बाद खुशी का इजहार किया। उन्होंने अपने उंगली पर स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि माता-पिता व बड़े-बुजुर्गों को वोट करने जाते देखते थें तो सोचते थें कि हम कब वोट करेंगे। 18 आयु वर्ष पुरा होने के बाद जब इस वर्ष लोकसभा चुनान में हमें भी मतदान करने का अधिकार मिला तो हमें बहुत खुशी हुई। इधर लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए हैदराबाद से अपने घर आई रिभर साईड निवासी सह जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के सेवानिवृत प्रो. शंभु प्रसाद की पुत्री सीबी सौर्या कंपनी से छुट्टी लेकर प्लेन से भुरकुंडा रिभर साईड अपने घर पहुंची। मतदान करने के बाद उंगली में लगे स्याही को दिखाते हुए सेल्फी लेते हुए खुशी का इजहार किया। कहा कि लोकतंत्र में आज उनकी भी भागीदारी होना उनके लिए काफी यादगार रहेगी।

## शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने में जुटी थी पुलिस-प्रशासन



हजारीबाग लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पतरातू पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ बिरेंद्र कुमार राम और पतरातू सीओ अमित भगत के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन लगातार विभिन्न मतदान केंद्रों पर जा-जाकर निरीक्षण करते हुए जायजा लेते रहें। विधि-व्यवस्था बनाये रखने और शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान मुस्तैदी से तैनात रहें।

## स्पीड न्यूज

### रसोइया धमना के मतदाताओं ने कायम किया रिकॉर्ड, 80 प्रतिशत किया मतदान

**बरही।** लोकसभा आम चुनाव के पांचवे चरण का मतदान सोमवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बरही प्रखंड में मतदाताओं का काफी उत्साह देखने को मिला। बरही प्रखण्ड में लगभग 64 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें रसोईया धमना पंचायत के मतदाताओं ने अपने उत्साह के दम पर एक रिकॉर्ड स्थापित किया और पंचायत वासियों ने 80 प्रतिशत मतदान कर बरही प्रखंड में सबसे अधिक मतदान करने वाला पंचायत में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कर डाला। वही केदारुत पंचायत के मतदाताओं ने निराश किया और 48 प्रतिशत मतदान के साथ बरही प्रखंड के सबसे कम मतदान करने वाले पंचायत में अपना नाम दर्ज किया है। बहरहाल चुनाव का रिजल्ट 4 जून को आएगा लेकिन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के लिए बरही प्रखंड के मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग कर प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम में कैद कर दिया है।

### लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**चरही।** चुरचू प्रखंड के आठों पंचायत में हजारीबाग लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव में मतदाताओं के बीच काफी उत्साह देखा गया।सबसे ज्यादा उत्साह उन मतदाताओं में देखा गया।जो पहली बार अपने मतों का प्रयोग किया। महिला-पुरुष मतदाता रविवार सुबह 6.30 अपने-अपने मतदान केंद्रों में मतदान के लिए कतार बद्ध पंक्ति में खड़े हो गए।और मतदान प्रारंभ होने का इंतजार करते रहे।सुबह सात बजते ही मतदान की प्रक्रिया शुरू होते ही मतदाताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।मतदान केंद्रों पर महिला-पुरुष दिव्यांगों और बुजुर्गों को प्राथमिकता दी गई थी।मतदान केंद्रों पर कार्यरत कर्मियों ने बुजुर्ग महिला-पुरुष मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर ले जाकर मतदान कराने का काम किया गया।वहीं पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा वर्ग के महिला-पुरुष के लिए सुविधा दी गई थी।मतदाताओं को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुविधा मुहैया कराया गया था।साथ ही पानी का व्यवस्था किया गया था।चुरचू प्रखंड में शाम 5 बजे लगभग 70 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है।

## बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं ने भी अपना मतदान करने में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया

**कृष्णा करमाली**

रजरप्पा। झारखंड के हजारीबाग, चतरा एवं कोडरमा जिलों में सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए पांचवे चरण का मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे से प्रारंभ हो गया था। शाम पांच बजे तक वोट डाले गए। लोगों में काफी उत्साह था। बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं ने भी अपना मतदान करने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रामगढ़ जिले के तीन प्रखंडों में पांचवे चरण की वोटिंग हुई। इनमें चितरपुर, दुलमी तथा गोला प्रखंड शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के प्रति यहां लोगों का उत्साह देखते बन रहा था।

**पहले मतदान, फिर जलपान**

गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी उनकी धर्मपत्नी सह रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी भी अपने परिवार संग आरबी हाई स्कूल सांडी चितरपुर स्थित बूथ केंद्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप भी अपने घरों से निकले और मतदान करें। आपकी सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाएगी। मजबूत लोकतंत्र और सशक्त भारत के निर्माण के लिए जरूरी है अपने मत का प्रयोग करना।

**हार्ट अटैक से वोटर की मौत**

बूथ न. 193 उत्क्रमित उच्च विद्यालय भुचुंगडीह चितरपुर के समीप अख्तर हुसैन उम्र 62 वर्ष हार्ट अटेक से मृत्यु हो गईं। यह जानकारी परिजन एवं मौजूद लोगों ने दी। बताते चले कि मतदान के लिए बूथ जा रहे थे। इनका शव का पंचनामा बीडीओ ज्ञानमनी एक्का, चितरपुर सीओ दीपक मिंज की मौजूदगी में हुई।

### लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर मतदान के दौरान लोगों में रहा खासा उत्साह

## मौसम की मार का नहीं दिखा असर कहीं धीमी कहीं तेजी नजर आई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोला(रामगढ़)।** 18वीं लोकसभा लिए हो रहे हजारीबाग लोक सभा के चुनावी महापर्व को लेकर गोला प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को 21 पंचायत के सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव के दौरान लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लोगों में उत्साह के साथ अच्छी खासी भीड़ देखी गई। लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ने लगा तो मतदान की गति में थोड़ा सा ठहराव सा आ गया था। फिर तीन बजे के बाद मतदान की गति में तेजी आई। कुछ मतदान केंद्रों में चुनावी प्रक्रिया में थोड़ा विलंब हुआ। चुनाव आयोग द्वारा शान्ति व्यवस्था को चाक चौबंद करने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की पुरी तैयारी कर रखी थी। सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में पुरुषों के अपेक्षा महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान कई मतदान केंद्रों पर विकलांग मतदाताओं को व्हील चेयर के माध्यम से मतदान केंद्रों तक पंहुचाया गया, जिसमें महत्वपूर्ण तौर पर गोला के एक बुथ में बीमारी से ग्रसित एक दैनिक अखबार के एक वरीय पत्रकार चंद्रदीप बक्सी ने भी अपना मतदान किया। प्रचंड गर्मी के वजह 62 से 65 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी मतदान केन्द्रों पर सीसी टीवी कैमरा लगाया गया था साथ ही सभी मतदान केन्द्रों में सुरक्षा को लेकर महिला व पुरुष पुलिस बलों का आवंटन किया गया था। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर जिला व प्रखंड प्रशासन का सरहनीय योगदान रहा। चुनाव आयोग के दिशानिदेशों के तहत सभी बुथों में पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

## दारू प्रखंड में लोकसभा के पांचवी चरण का मतदान शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** लोकसभा के पांचवी चरण का मतदान को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। दारू प्रखंड के सभी बूथो पर मतदाता सुबह 6:00 बजे से ही मतदान केंद्र में वोट डालने के लिए लंबी कतारों में लगे रहे। बता दे की दारू प्रखंड में कुल मतदाता कि संख्या 41807 है जिसमें 20324 महिला मतदाता, 21483 पुरुष मतदाता है इनमे से ही 1700 नई मतदाता जुड़े हैं। चुनाव आयोग विधि व्यवस्था को बनाए रखने के प्रखंड मे 9 सेक्टर बनाएं थे। पूरे प्रखंड में 56 मतदान केंद्र था। युवा पीढ़ी रोजगार एवं राष्ट्रहित को लेकर अपना मतदान किया वहीं महिलाओं ने महिला सुरक्षा एवम् देशहीत को लेकर अपना मतदान किया। प्रखंड के गोपलों, बक्सीडीह , भटभीघा, दारूडीह, चिरवा बूथ की मशीन में कुछ टेक्निकल खराबी के कारण देरी से मतदान शुरू हुआ जिसके कारण मतदाता परेशान नजर आए। लोग 6:00 बजे सुबह से कतार में लग रहे। प्रखंड का पोलिंग रिपोर्ट 11:00 बजे तक 34.10% रहा वही लगभग 3:00 बजे 61.80% वोटिंग रहा। पूरे दारू प्रखंड का फाइनल वोटिंग प्रतिशत प्रतिशत रहा। प्रखंड के कुल मतदाता में से 13399 पुरुषों ने अपना मतदान किया वहीं 14915 महिलाओं ने अपना मतदान किए। महिलाओं का वोट प्रतिशत अधिक रहा। पुरुषों का मत प्रतिशत 62.37 प्रतिशत वहीं महिलाओं का मत प्रतिशत 73.39 प्रतिशत रहा। पूरे प्रखंड में कुल मत प्रतिशत 67.73 प्रतिशत रहा।

## टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में शांति पूर्ण मतदान हुआ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में पांचवा चरण का मतदान शांति पूर्वक संपन्न कराया गया। मतदान कर्मी सुबह से ही तैयारी में जुटे थे सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ इस भीषण धूप में भी मतदाता अपने पर्ची और पहचान पत्र लेकर मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे घंटो चिलचिलाती गर्मी में मतदाता खड़ा होकर अपने मत का प्रयोग किया । कही सबंधित विभाग के द्वारा मतदाताओं के लिए छावनी की व्यवस्था थी तो कही नही देखा गया। बूथ नंबर 461, 462, 463 में वृद्ध विकलांग के लिए व्हील चेयर आवागमन के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं किया गया था। फिर भी मतदाता उठक बैठक करते लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपने परिवार सदस्यों और समाज सेवीयो के सहारे पहुंचकर मतदान किया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 54 बूथ है जिसमे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में पांच पंचायत टाटीझरिया, डहरभंगा, डूमर, धर्मपुर और बेडम पंचायत में कुल 33 बूथ और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के संसदीय क्षेत्र जो यह भी टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत खैरा, झरपो और भराजो पड़ता है जिसमे कुल 54 मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न हो गया। कुल मिलाकर 54 बूथ में लगभग 65% मत पड़े। जहां पुरुष और महिलाएं मतदाता मतदान केन्द्र में आए। जिनके चेहरे पर बहुत ही खुशी झलक रही थी ।आइए सुनते है नए मतदाता की जुबानी प्रिया कुमारी ,रानी कुमारी रूपा कुमारी ,आरती देवी ,मुस्कान कुमार ,बिपुल पंडा उजाला कुमारी शिल्पा कुमारी मंजू कुमारी खुशबू कुमारी ,अंजली कुमारी ,पूजा कुमारी ,उजाला कुमारी ने कहा कि वोट कैसे दिया जाता है मैने कभी पहले नही समझा आज पहली बार मतदान करके खुश हूं की लोकतंत्र का महा पर्व को आज समझे और मतदान किया हूं इधर टाटीझरिया बिडिओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज और थाना प्रभारी सुजीत कुमार अपने दल बल के साथ मतदान केंद्र में निरीक्षण करते देखे गए।

# उत्साह पर फीकी पड़ी तीखी धूप, बरही में 63.47 प्रतिशत हुआ मतदान

- उत्साह के आगे सूरज की तपिश बेअसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरही विधानसभा के बरही प्रखंड में 123 मतदान केंद्रों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी के बीच देश के पांचवे व राज्य के दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। प्रखंड प्रशासन द्वारा खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत बिरहोर टोला केवाल के बूथ को स्पेशल घोषित करते हुए विशेष रूप से सुसज्जित कर उनका उत्साह बढाने का काम किया गया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए अस्थाई शेड और शीतल पेयजल की भी व्यवस्था केंद्रों पर की गई थी। बरही के मदरसा कोनरा में विविपैट मशीन में खराबी की शिकायत मिलने पर बीडीओ ने तत्काल पहुंचकर उसे ठीक करवाया। चुनाव के लिए प्रखंड में एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया था, जिससे सजगतापूर्वक सभी मतदान केंद्रों पर नजर रखी जा रही थी। बरही प्रखण्ड में सुबह सात से 09 बजे तक (12.62 प्रतिशत) 13422 मतदाताओ ने मतदान किया। वहीं 09 से 11 बजे तक (29.71 प्रतिशत) 31597 मतदाताओं ने मतदान किया। 11 से 01 बजे तक (45.68 प्रतिशत) 48586 मतदाताओं ने मतदान किया। 01 से 03 बजे तक (57.95 प्रतिशत) 61632 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं 03 से 05 बजे तक (63.47 प्रतिशत) 67498 मतदाताओं ने मतदान किया। 37706 महिला (72 प्रतिशत) व 29792 पुरुष (55 प्रतिशत) मतदाताओं ने मतदान किया। बताते चलें कि बरही में 106354 मतदाताओं की संख्या है, जिसमें 51778 महिला व 54576 पुरुष है।

## बड़े उत्साह से पहली बार युवाओं ने मताधिकार का किया उपयोग

बरही प्रखंड के मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गई थी, मतदान केंद्र पर पहली बार मतदान करने वाले युवा काफी उत्साह के साथ मतदान किया। सुबह से ही युवा मतदाता मतदान करने के लिए कतार में लग गए। मतदान कर निकलने पर युवा मतदाताओं ने बताया कि हमलोगों को मतदान करने पर एक सुखद एहसास की अनुभूति हो रही है। हमने भी भारतीय संविधान में प्रदत्त मतदान के अधिकार का उपयोग किया। हमें इस बात की खुशी है कि अपने क्षेत्र का सांसद चुनने की प्रक्रिया में वह भी अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे है। मतदाताओं ने कहा कि हर एक व्यक्ति को मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए। मतदान में भाग लेने से ही देश के लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है।

## महिलाओं ने दिखाया दम, सबसे आगे हैं हम

एक तरफ तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा, झुलसा देने वाली गर्मी के बीच लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रही। इसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महिलाओं ने दिखा दिया कि हम में है दम सबसे आगे हैं हम, तो मतदान प्रारंभ होने से पहले ही अधिकांश मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए लंबी कतार लग गई, यहां तक कि शहरी क्षेत्र में पहुंचे लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## मनीष जायसवाल पहुंचे बरही मतदाताओं का बढ़ाया उत्साह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** लोकसभा चुनाव में अपना मतदान पूर्ण करने के बाद हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल बरही पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने ज्यादा से ज्यादा की संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर वोट देने की अपील लोगो से की। वही उन्होंने भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं से मुलाकात भी की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, राजकुमार केसरी, लखन सिह, कृपाल राम, गुरुदेव गुप्ता, रंजन केसरी, नंदन केसरी, दीनू प्रजापति, विक्की सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहें।

# झूठे वायदों एवं वादों से चुनाव को बचाना होगा

**ललित गर्ग**



कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडियाह्न गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है।

लोकसभा चुनाव के चार चरण पूरे हो गये हैं, पांचवें चरण की ओर बढ़ते हुए चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। तमाम राजनीतिक दलों में वास्तविकता से दूर झूठे, तथ्य-आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है।

आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है। आप ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

> पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें। झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडम्बना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतूके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरूआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में एक ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सपा प्रमुख ने दावा किया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 लोकसभा सीटें जीतेगा, और सिर्फ एक सीट पर ही मुकाबला है। ऐसे अतिश्योक्तिपूर्ण बयान कभी सच होते हुए नहीं देखें गये हैं। निश्चित ही चुनाव परिणाम भविष्य के गर्भ में है एवं इसकी 4 जून को घोषणा सभी के लिये आश्चर्यकारी एवं चमत्कृत करने वाली होगी। देश का अगला प्रधानमंत्री चुनने के लिए चार चरणों की वोटिंग पूरी हो चुकी है। लोकसभा की कुल 543 सीटों में 380 सीटों के लिए वोट डाले चुके हैं। इन चार चरणों की वोटिंग के बाद हर राजनीतिक दल हवा का रुख भांपने को कोशिश कर रहा है लेकिन उनका यह आकलन सत्य से परे हो, बिलकुल ही आधारहीन हो, इसे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये अनुकूल नहीं माना जा सकता। यहां सत्ताधारी भाजपा से लेकर विपक्षी कांग्रेस सभी अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन चार चरणों में 270 सीटें जीतने का दावा करते हुए 400 का टार्गेट आसानी से पूरा करने की बात कही, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है।

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो वायदें किये, उन्हें पूरा किया। 1990 के दशक और 21वीं शताब्दी के शुरूआती सालों में भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने के वादे के साथ सत्ता में आई एवं उसने मन्दिर बना दिया। भाजपा ने खुद को पार्टी विद डिफरेंस कहकर भी प्रचारित किया और जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने का वादा भी किया। उसने वह भी पूरा किया। पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास की जो रफ्तार पकड़ी है, उसे देश एवं दुनिया खुली आंखों से देख रही है। फिर भी चुनाव का समय मतदाताओं के जागने एवं विवेक से अपना मतदान करने की अपेक्षा करता है। लोकतंत्र में मतदाताओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे चुनाव के अवसर पर राजनीतिक दलों की परख करें।

झूठों एवं दुष्टों की एकजुटता ही जगत में कष्टों की वजह है एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का बड़ा कारण है। जब तक ईमानदार एकजुट नहीं होंगे, तब तक जगत की कोई समस्या हल नहीं होगी। और ईमानदारों का एकजुट न होना दुष्टों एवं झूठों का असली बल है। कभी-कभी ऊंचा उठने, सत्ता पाने और भौतिक उपलब्धियों की महत्वाकांक्षा राष्ट्र को यह सोचने-समझने का मौका ही नहीं देती कि कुछ पाने के लिए उसने कितना खो दिया?

और जब यह सोचने का मौका मिलता है तब पता चलता है कि वक्त बहुत आगे निकल गया और तब राष्ट्र अनिर्णय के ऊहापोह में दिग्भ्रमित हो जाता है। इस चुनाव को इस विम्बना से बचाना है।

## वोट नहीं करने वालों को मिले सजा: परेश रावल




वोट नहीं करने वालों को मिले सजा, परेश रावल के सुझाव पर बिफरे सोशल मीडिया यूजर्स, बोले- ...जबरदस्ती नहीं

परेश रावल का वोट नहीं देने वालों के लिए सजा का प्रावधान वाला बयान खूब वायरल हो रहा है. सोशल मीडिया पर रिएक्शन की बाढ़ आ गई है। कुछ यूजर्स इससे सहमत हैं, तो कुछ इस सुझाव पर नाराजगी जता रहे हैं।

देशभर में आज 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी एक्टर शाहरुख खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, फरहान अख्तर और तब्बू समेत कई फिल्मी सितारों ने वोटिंग की। अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे अभिनेता से नेता बने परेश रावल ने वोट डालने के बाद लोगों से भी अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का पालने करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि वोट नहीं देने वालों के लिए टैक्स में बढ़ोतरी या कोई और सजा का कुछ प्रावधान होना चाहिए। उनके इस बयान की हर तरफ चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर भी यूजर्स इसको लेकर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

वोट देने के बाद इस बात पर बुरी तरह भड़के धर्मेंद्र, उखड़ते हुए दिया जवाब, बोले- 'मुझसे कहलवाना चाहते हो...

परेश रावल ने कहा, आप ये कहोगे कि सरकार ये नहीं करती वो नहीं करती और आज आप मतदान नहीं करोगे, तो उसके लिए जिम्मेदार आप हो, जिसने मतदान नहीं किया वो जिम्मेदार है, सरकार जिम्मेदार नहीं है। जो लोग वोट नहीं करते, उनके लिए कुछ ना कुछ सजा का प्रावधान होना चाहिए, या तो उनका टैक्स बढ़ा हो, या कुछ और।।। कुछ ना कुछ तो सजा होनी चाहिए।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता एक्टर परेश रावल ने कहा कि सभी को मतदान करना चाहिए, इससे फर्क नहीं पड़ता कि गर्मी है या सर्दी। आप देश और भारत के विकास के लिए मतदान कर रहे हैं। कृपया याद रखें और वोट करने जरूर जाएं। उन्होंने कहा, ₹खराब राजनेता पैदा नहीं होते।...वे बनाए जाते हैं... उन लोगों के द्वारा, जो मतदान के दिन वोट करने के बजाय पिकनिक पर जाते हैं।

परेश रावल का ये बयान खूब वायरल हो रहा है। इसके बाद सोशल मीडिया पर रिएक्शन की बाढ़ आ गई है। कुछ यूजर्स इससे सहमत हैं, तो कुछ इस सुझाव पर नाराजगी जता रहे हैं।

एक यूजर ने एक्टर के सुझाव से सहमति जताते हुए कहा, ₹सभी बाद में सरकार को गाली देते हैं, जबकि वोट देने के दिन गायब हो जाते हैं।

वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, परेश रावल एकदम ठीक कह रहे हैं अपना वोट देकर सभी को अपनी पार्टी का समर्थन करना चाहिए।

वहीं एक अन्य ने इस पर तंज कसते हुए कहा, ₹परेश रावल अपनी पार्टी को जिताना चाहते हैं, इसलिए सबसे वोट डालने की अपील कर रहे हैं, सर आपके ज्ञान की किसी को जरूरत नहीं है।

एक और यूजर ने परेश रावल के सुझाव पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि ये डेमोक्रेटिक राइट्स है, लेकिन जबरदस्ती नहीं की जी सकती।

एक अन्य यूजर ने कहा, इनकी अपनी अलग ही दुनिया है। ये जरा बताएं कि इन्होंने वोट करने के लिए कितने जागरुकता अभियान चलाए। बस जनता को सजा दो और टैक्स वसूलो।

## एक ओर मोदी का रिपोर्ट कार्ड, दूसरी ओर टीएमसी का रेट कार्ड



**अभिनय आकाश**

एक ओर केंद्र में मोदी की रिपोर्ट कार्ड सरकार है, दूसरी ओर बंगाल में टीएमसी की 'रेट कार्ड' सरकार है। टीएमसी ने बंगाल में हर नौकरी का रेट कार्ड लगा रखा है। पैसा दो... नौकरी लो! मैंने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के शहजादे का एक वीडियो देखा है। 11-12 साल पुराने इस वीडियो में कांग्रेस के शहजादे खुलेआम कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा टीएमसी से बंगाल के लोगों को और बंगाल की पहचान को भी खतरा है। बंगाल में दंगे आम बात हो गई है। आदिवासी भाई बहनों की पहचान खत्म करने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन टीएमसी को अपने वोट बैंक की चिंता है। ये लोग घुसपैठियों को बुला बुलाकर बसा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हार सामने देख टीएमसी का आक्रोश चरम पर है। कल तक टीएमसी कांग्रेस को गाली दे रही थी और आज कह रहे हैं कि हम इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। लेकिन बंगाल के लोग जानते हैं कि कांग्रेस डूब चुका जहाज है।

एक ओर केंद्र में मोदी की रिपोर्ट कार्ड सरकार है, दूसरी ओर बंगाल में टीएमसी की 'रेट कार्ड' सरकार है। टीएमसी ने बंगाल में हर नौकरी का रेट कार्ड लगा रखा है। पैसा दो... नौकरी लो! मैंने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के शहजादे का एक वीडियो देखा है। 11-12 साल पुराने इस वीडियो में कांग्रेस के शहजादे खुलेआम कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देगी। यही कांग्रेस की सच्चाई है, जिसे कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम ने बरसों तक देशवासियों के सामने नहीं आने दिया। आज पांचवें चरण का मतदान लगभग पूरा होने को है। बंगाल में टीएमसी और पूरे देश में इंडी गठबंधन पहले पस्त थे, पांचवें चरण में ये परास्त हो चुके हैं। 4 जून को ये समाप्त होते दिखाई देंगे। इंडी गठबंधन के बिखरने का काउंटडाउन शुरू हो चुका है।

टीएमसी अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए सारी हदें पार कर रही है. लेकिन बंगाल की जनता टीएमसी को कड़ा जवाब देगी! पश्चिम बंगाल रामकृष्ण मिशन और हमारे संतों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। जिस इकोसिस्टम ने इन घोर संप्रदायवादी लोगों की चमड़ी बचाने का काम किया है, वो भी जरा कान खोलकर सुन लें। कांग्रेस के शहजादे खुलेआम कह रहे हैं- कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देगी।

## लड़ाई में कौन मारेगा बाजी? अबकी बार ओड़िसा में किस पार्टी की बनेगी सरकार?

**नीरज कुमार दुबे**

**ओडिशा** उन राज्यों में शुमार है जहां लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जा रहे हैं। पिछले 25 सालों से सत्ता में मौजूद बीजू जनता दल का प्रयास है कि छठी बार सरकार बना कर पिछले सभी राजनीतिक रिकॉर्ड तोड़ दिये जायें। लेकिन यह लक्ष्य आसान नहीं है क्योंकि भाजपा इस बार तगड़ी चुनौती पेश कर रही है। हम आपको याद दिला दें कि कुछ समय पहले तक भाजपा और बीजू जनता दल के बीच गठबंधन की सुगबुगाहट थी। चुनावों की तारीखों के ऐलान से पहले जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक सार्वजनिक मंचों पर एक दूसरे की तारीफ कर रहे थे उसको देखते हुए यह तय माना जा रहा था कि गठबंधन होकर रहेगा। कई केंद्रीय मंत्रियों ने भी इस बात के संकेत दे दिये थे लेकिन भाजपा की ओडिशा इकाई के विरोध के चलते पार्टी आलाकमान गठबंधन नहीं कर पाया।

भाजपा कई जगह बीजू जनता दल से आगे निकलती दिख रही है। हालांकि इसमें भाजपा से ज्यादा मोदी नाम का करिश्मा है। ओडिशा के लोगों को लगता है कि जिस तरह भाजपा के नेतृत्व वाली विभिन्न राज्य सरकारें अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं वैसा ही यहां भाजपा की सरकार बनने पर हो सकता है। ओडिशा के लोग कहते हैं कि यहां खनिज संसाधनों की भरमार है लेकिन राज्य में बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है। लोग कहते हैं कि ओडिशा में गरीबी सिर्फ आम लोगों को जकड़े हुए है जबकि सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े लोग बेहद अमीर हो गये हैं।

लेकिन यहां एक बात और है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री ने जिस तरह पिछले 25 सालों में बड़ी संख्या में लोगों को योजनाओं का लाभ दिया है उसके चलते एक बड़ा लाभार्थी वर्ग बना है जोकि हर हालत में बीजू जनता दल और नवीन पटनायक के साथ है। ओडिशा में बीजू जनता दल के अधिकांश समर्थक भी यह बात मान रहे हैं कि पार्टी के प्रति कुछ नाराजगी है लेकिन यह इतनी नहीं है कि सरकार चली जाये। बीजू जनता दल को लगता है कि भले पिछली बार से कुछ सीटें कम हो जायें लेकिन सरकार तो उसी की ही बनेगी। दरअसल इस बार नवीन पटनायक ने एक बड़ा वादा करते हुए कह दिया है कि यदि उपभोक्ता प्रति माह 200 यूनिट तक बिजली का उपभोग करते हैं तो जुलाई से उनका बिजली बिल नहीं आयेगा। इसके अलावा आम जनता को भी लगता है कि नवीन पटनायक चूंकि 78 वर्ष के हो चुके हैं तो संभव है कि वह आखिरी बार चुनाव लड़ रहे हों इसलिए वह उनको एक बार और वोट देना चाहते हैं। लोगों का कहना है कि यहां भाजपा सरकार में आयेगी लेकिन 2029 में क्योंकि एक बार और हम नवीन बाबू को जिताना चाहते हैं। वहीं भाजपा मोदी सरकार की गारंटियों के भरोसे है और उसे उम्मीद है कि मोदी का नेतृत्व, चुनावी संकल्प पत्र में किये गये वादे तथा हिंदुत्व से जुड़े मुद्दे ओडिशा में उसकी सरकार बनवाने और लोकसभा की कम से कम 17 सीटें जितवाने में सहायक होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह ओडिशा में काफी समय दे रहे हैं भाजपा अगली बार नहीं बल्कि इसी बार सत्ता में आने के लिए पूरी मेहनत कर रही है। कांग्रेस गायब है।

## कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है।

जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने नाइंसाफी के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से




घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है?

राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दशार्ता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए? नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं?

भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है? इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है।कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि राहुल भारत का प्रधानमंत्री बने। दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है।

स्पीड न्यूज



### पटमदा में शिरडी साईं ट्रस्ट ने किया अन्नदान

**जमशेदपुर।** शिरडी साईं चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन विजय मेहता के नेतृत्व में पटमदा ब्लॉक के डोगरा गल गांव में अन्नदान किया गया, जिसमें 94 परिवार के जरूरतमंद को बांटा गया। इस अन्नदान में हर परिवार को सात किग्रा चावल, एक किग्रा मसूर दाल, दो केला और एक पैकेट बिस्कुट बांटा गया। इसमें शरद चंद्रन, विजय वैद्यनाथ, एम गुप्ता, हीरा प्रसाद, अभिनय प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, एके गोपालन, पूरबी घोष, सौम्य सेन, रोहन कुमार, किरण मेहता, विजय मेहता भी थे।

### महिलाएं आज करेंगी तेजस्वी का स्वागत

**जमशेदपुर।** केबुल क्लब में यदुवंशी महिला समाज जमशेदपुर की महिला संगोष्ठी में समाज की 100 से अधिक महिलाएं सम्मिलित होकर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के स्वागत की रणनीति बनायी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 25 को वोटिंग करने के लिए जागरूकता फैलाना तथा समाज के मुख्य मुद्दों पर साथ देने वाले प्रत्याशी को समर्थन देना था। सभी महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि 25 को पहले मतदान फिर जलपान। पिंकी यादव ने कहा कि यादव समाज का एक मुख्य भवन शहर में नहीं है तथा ओबीसी का कास्ट सर्टिफिकेट नहीं बनता है। स्वीटी यादव ने कहा कि यादव समाज जागरूक है। हमारी संख्या इतनी है कि हमारा वोट जिसे मिलता है, उसी प्रत्याशी की जीत होती है। मौके पर प्रताप यादव, दीपक यादव, वीर मंच, सागर यादव, रुनु यादव, पप्पू यादव थे।

### राजद नेताओं ने किया महंती का अभिनंदन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में झामुमो प्रत्याशी समीर महंती को फूलों का विशाल माला पहना कर अभिनंदन करते राजद कार्यकर्ता और साथ में राजद के वरिष्ठ नेता डा गौतम सागर राणा। इस अवसर पर राणा ने कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को जमशेदपुर सीट पर जीताने के लिए राजद कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से मतदाताओं के बीच काम कर रहे हैं।

### समीर मोहंती को मिला मारवाड़ियों का साथ

**चाकुलिया।** जमशेदपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती को मारवाड़ी समाज ने समर्थन देने की घोषणा की है। चाकुलिया के अग्रसेन भवन (धर्मशाला) में दुर्गा प्रसाद लोधा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक के बाद, इस आशय की घोषणा की गई। इस बैठक के दौरान झारखंड सरकार तथा बहरागोड़ा विधायक के पिछले साढ़े चार साल के कार्यकाल पर चर्चा के बाद, मारवाड़ी समाज ने उन्हें जमशेदपुर लोकसभा सीट पर सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बताया।

### जमशेदपुर सीट पर 23 को बंद हो जायेगा प्रचार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार 23 मई की शाम पांच बजे समाप्त हो जायेगा। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक सिर्फ डोर-टू-डोर ही मतदाताओं से संपर्क कर पायेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जमशेदपुर की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा, जीतेंगे : बिद्युतबरण महतो

- जुगसलाई विधानसभा के कई मंडल क्षेत्रों का किया सघन दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद सह एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। सोमवार को सांसद बिद्युत महतो ने जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत कई मंडलों सघन दौरा कर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांगा। बिद्युत महतो ने जुगसलाई, घोड़ाबांधा, परसुडीह, गोविंदपुर में मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा-आजसू कार्यकताओं के संग जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा-एनडीए प्रत्याशी के रूप में आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

इस दौरान बिद्युत महतो ने जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत जुगसलाई बाजार, मेन रोड, चौक बाजार, स्टेशन रोड, गौशाला नाला रोड, एम ई स्कूल, नया बाजार रोड, गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत बारीगोड़ा, राहरगोड़ा, गदरा, यशोदानगर, गोविंदपुर हॉल्ट, गोविंदपुर बाजार, तीन तल्ला, चांदनी चौक एवं घोड़ाबांधा क्षेत्र अंतर्गत खरंगाझार, राधिकानगर, घोड़ाबांधा, मनपीटा, हुरलुंग, प्रकाश नगर समेत अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। अभियान के क्रम में कार्यकताओं ने भाजपा जिंदाबाद, एनडीए जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बिद्युत महतो जिंदाबाद एवं अबकी बार 400 पार जैसे नारों के संग लोगों से संवाद किया और उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार एवं सांसद बिद्युत महतो के उल्लेखनीय विकास कार्यों एवं प्रयासों पर पत्रक भेंटकर उन्हें जागरूक किया।

सांसद बिद्युत महतो ने लोगों से 25 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने और ईवीएम क्रम संख्या 2 पर बटन दबाकर भाजपा को समर्थन और आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने बारीगोड़ा (एल सी 138)और गोविंदपुर (एल सी 137) के आरओबी, सालगाझुड़ी के पास रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण हेतु शिलान्यास कार्य समेत अन्य प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जमशेदपुर के समुचित विकास को लेकर हमेशा से कटिबद्ध रही है। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में दशकों पुरानी मांग रेलवे ओवरब्रिज भाजपा सरकार के प्रयास स्वरूप पूरा हुआ। बिद्युत बरण महतो ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में एक कांग्रेस सरकार का मॉडल है और एक तरफ भाजपा सरकार का मॉडल। कांग्रेस के पांच-छह दशक के काम और नरेंद्र मोदी सरकार के दस साल के काम उनके 60 साल के कार्यों पर भारी है। श्री महतो ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के आधे से अधिक नेता बेल पर हैं या तो जेल में हैं।

## भाजपा के लिए डॉ दिनेशानंद ने बहरागोड़ा विस क्षेत्र में मांगा वोट

**जमशेदपुर।** पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने सोमवार को बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के मानुषमुड़िया, कालापाथर, उदाल गांवों में घर- घर जाकर लोगों से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के लिए वोट मांगा। डॉ गोस्वामी ने कहा कि किसानों की समृद्धि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं एवं युवाओं के उन्नयन के लिए मोदी संकल्पित हैं। पदयात्रा सह जन संपर्क अभियान में डॉ गोस्वामी के साथ पूर्व जिलापरिषद सदस्य अर्जुन पूर्ति, भाजपा बरसोल मंडल महामंत्री कमल कांत सिंह, जतिन बेरा, अश्विनी साधु, काली रंजन भोल, प्रणव कुमार जाना, रतिलाल राणा, केदार राणा, चिन्मय नायक, प्रबीर भोल, बिप्लब दे, पिंटू चंद, जगन्नाथ पोलाई, डुडुल कुंडू, मिठू मंडल, छोटो चंद, राजेश बेरा, सोमनाथ सिंह, राकेश बारिक, बीजू चंद, सम्राट चंद, सोमनाथ चंद आदि उपस्थित थे।



जन संपर्क करते डॉ दिनेशानंद गोस्वामी।

# आज गोपाल मैदान में रैली संबोधित करेंगे दिल्ली के सीएम केजरीवाल

- झामुमो सह इंडी प्रत्याशी समीर महंती के समर्थन में हो रही मेगा रैली
- सीएम चंपई, कल्पना सोरेन, भगवंत मान, डॉ अजय भी करेंगे संबोधित
- पीएम मोदी के सवालों का कड़ा जवाब देंगे इंडिया गठबंधन के नेता

खबर मन्त्र ब्यूरो




गोपाल मैदान में इंडी रैली के लिए बना भव्य पंडाल।



अरविंद केजरीवाल।



भगवंत मान।



चंपई सोरेन।



कल्पना सोरेन।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव 25 को होने हैं और यहां पर भारतीय जनता पार्टी और इंडिया गठबंधन समर्थित झामुम प्रत्याशी समीर मोहंती के बीच सीधा मुकाबला है। प्रधानमंत्री की रैली के बाद इंडिया गठबंधन की रैली गोपाल मैदान में मंगलवार को होने जा रही है। समझा जाता है कि इस रैली में बड़ी संख्या में समर्थकों का जुटान दिखा कर जमशेदपुर सीट पर झामुमो और इंडिया गठबंधन के नेता शक्ति प्रदर्शन करेंगे बल्कि मंच से पीएम मोदी के भाषण का जवाब भी देंगे।

गोपाल मैदान में दोपहर एक बजे से होने जा रही इस रैली को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवान सिंह मान, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव विशेष रूप से संबोधित करेंगे। इसके अलावा रैली को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पर सांसद डॉ अजय कुमार भी संबोधित करेंगे।

रैली में झामुमो कांग्रेस राजद और आप के तमाम नेता भाग लेंगे रैली के बारे में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता एवं महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि घाटशिला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में बने पंडाल की तुलना में तीन गुना बड़ा पंडाल इंडिया गठबंधन का गोपाल मैदान में बन रहा है और यहां प्रधानमंत्री की सभा से ज्यादा लोग उपस्थित दर्ज करायेंगे। इस रैली में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी तमाम इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता भाग लेंगे और झामुम की उम्मीदवार समीर महंती की जीत सुनिश्चित करने में योगदान देंगे।

## मां तुझे सलाम संस्था ने खासमहल में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** मां तुझे सलाम संस्था के द्वारा खासमहल के ग्रामीण इलाकों में लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान ने किया अभियान में संस्था के सदस्यों ने लोगों से मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की वही लोगों को भारत निर्वाचन की तरफ से मतदाता मार्गदर्शिका पुस्तक का वितरण किया गया। यह अभियान खासमहल के कई क्षेत्रों से होकर गुजरी संस्था के सदस्यों ने अपने हाथों में किताब लिये हुए थे। वहीं संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान ने सभी जमशेदपुर वासियों से अपील की है कि वह 25 मई को सुबह 7 बजे से 5 बजे तक अपने-अपने बूथों में जाकर अपना मत का प्रयोग करें और एक जिम्मेदार संसद को हम लोग सदन में भेजें ताकि हम लोगों की जन समस्याओं को सदन में आवाज उठा सके।

## बेमियादी हड़ताल पर गये आरडी रबर के सभी मजदूर, अरविंद सिंह का साथ मिला

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर अवस्थित आरडी रबर रिक्लेम कंपनी (भारत रबर) के मजदूरों ने प्रबंधन पर दुर्व्यवहार, वादाखिलाफी समेत शोषण का आरोप लगाते हुए बेमियादी हड़ताल शुरू कर दिया है। सोमवार को मजदूरों ने कोल्हान मजदूर यूनियन के संयोजक सह पूर्व विधायक अरविंद सिंह के नेतृत्व में कंपनी गेट पर धरना-प्रदर्शन कर प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। मजदूरों ने बताया कि जबतक उन्हें न्याय नहीं मिल जाती, तबतक कंपनी में उत्पादन बाधित रहेगा। प्रबंधन द्वारा मजदूरों का जमकर शोषण किया जा रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी से भी काफी कम मजदूरी दिया जाता है। जबकि अन्य कोई भी सुविधाएं नहीं दी जा रही है। मजदूरों ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दिन मजदूरों को छुट्टी दिए जाने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। कंपनी प्रबंधन ने छुट्टी देने के बजाय कामगारों को गाली गलौज करते हुए मजदूर मधुवा सोरेन, उदयकांत झा समेत अन्य लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया। इतना ही नहीं, मजदूर उदयकांत झा को चार्ज सीट थमा दिया गया इस मामले को लेकर मजदूरों ने कोल्हान मजदूर यूनियन के संयोजक सह ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह से गुहार लगाई। मजदूर यूनियन के महासचिव बसंत कुमार एवं बबुआ मिश्रा ने बताया कि कंपनी स्थाई और अस्थाई मजदूर के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। अस्थाई मजदूर को न्यूनतम मजदूरी, पीएफ और ईएसआई की सुविधा नहीं दी जाती।



मजदूरों के साथ कंपनी गेट पर नारेबाजी करते पूर्व विधायक व भाजपा नेता अरविंद सिंह।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के सदस्य इसीएचएस प्रभारी से मिले


खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर, ईसीएचएस से जुड़े पूर्व सैनिकों की समस्याओं को लेकर ओआइसी ईसीएचएस से मिले। पूर्व सैनिकों का काम सैन्य हितों की रक्षा के साथ-साथ, सेवानिवृत्ति आये नये साथियों के ईसीएचएस से जुड़ी वेलफेयर को भी ध्यान में रखना है। क्या ईसीएचएस के सभी जगहों पर जमशेदपुर जैसे ही हालात हैं क्या। फिर सैन्य हित और समाज हित में सैनिक होते हुए आवाज उठाने से हम पीछे नहीं हट सकते। इसी क्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के 50 सदस्य की टीम समस्या का समाधान हेतु ईसीएचएस पहुंच कर ओआइसी से दवा की अनुपलब्धता के बारे में भी चर्चा की। ईसीएचएस ओआइसी ने हमारे सामने ही एमएच से इस बारे में बात की और आश्वासन दिया कि 7 दिनों के अंदर इसे उपलब्ध कराने की कोशिश की जायेगी।

## भाजपा से निष्कासित डीडी त्रिपाठी के आवास पहुंचे सांसद विद्युतवरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित डीडी त्रिपाठी के खड़ंगाझाड़ आवास पहुंच सांसद विद्युत महतो ने संगठनहित में कार्य करने और भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करने का आग्रह किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि उनका लक्ष्य भाजपा की सोच में ही निहित है। उन्होंने सांसद विद्युतवरण महतो को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र में भाजपा पहले स्थान पर रहेगी। संगठन को लेकर उनके मन में कोई ग्लानि अथवा द्वेष कभी नहीं रहा। स्पष्ट कहा कि व्यक्तिगत कुंठा और किंचित परिस्थितिजन्य गलत साक्ष्य को आधार बनाकर उनपर कार्रवाई की गयी थी जो निहायत ही गैर सांगठनिक कार्य था। श्री त्रिपाठी ने कहा कि वे कतई निराश नहीं हैं और 5 वर्षों में भी उन्होंने संगठन के हित में सतत कार्य किया है।

# झूठों के सरदार हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता चुनाव में नकार रही है : डॉ अजय



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डॉ अजय कुमार। साथ में मंत्री दीपक बिरुआ, सुप्रियो भट्टाचार्य, मंगल कालिंदी व सबसे बायें समीर महंती।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जमशेदपुर के पूर्व सांसद डा अजय कुमार ने सोमवार को यहां एक होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में सिर्फ और सिर्फ झूठे वायदे किए हैं, और वे एक तरह से झूठों के सरदार हैं। जनता उनकी असलियत समझ गई है, और इस लोकसभा चुनाव में केंद्र से मोदी सरकार की बिदाई तय है।

एक सवाल पर डॉ अजय ने कहा कि धर्म के नाम पर आरक्षण के मामले में मोदी झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस धर्म के नाम पर आरक्षण की पक्षधर नहीं है बल्कि पिछड़े और अनूसुची वर्ग में आने वाले मुसलमानों को आरक्षण देने की बात की है। इस तरह का आरक्षण मोदी के मित्र चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी तमिलनाडु में और देवगौड़ा परिवार कर्नाटक में दे चुका है। मोदी उनका तो कभी विरोध नहीं करते। मोदी महंगाई, बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं करते? संवाददाता सम्मेलन में झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खूंटी और सिंहभूम सीट पर इंडी गठबंधन की जीत तय है।

## एक नजर में

### डीसी ने चाईबासा वज्रगृह का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने डीडीसी संदीप कुमार मीणा की उपस्थिति में महिला कॉलेज चाईबासा अवस्थित वज्रगृह का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने वज्रगृह एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण के क्रम में संलग्न पदाधिकारी को सभी मूलभूत कार्यों यथा स्थल मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग, सीटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य बिंदुओं को लेकर दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने पार्किंग की भी व्यवस्था को करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतगणना के पूर्व आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा पेयजल, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधाएं व मतगणना से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर कार्यों को ससमय पूर्ण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा सुरक्षा के तदर्थ पूरे परिसर में लगे सीसीटीवी के गतिविधियों को कंट्रोल रूम में जाकर देखा गया एवं 24 घंटे निगरानी करने का निर्देश दिया गया।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि का समर कैंप शुरू



**जमशेदपुर।** ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय समर कैंप का प्रातः 9 बजे कदमा स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर में शुभारंभ हुआ। मौके पर बिष्टुपुर स्थित चिन्मया मिशन स्कूल की प्रिंसिपल मिक्की सिंह, विनय भूषण सिन्हा, प्रकृति प्रेमी सह समाजसेवी विनीत सहाय, बहन शशि आचार्या की पावन उपस्थिति में कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलन कर शुरू हुआ। संस्था कदमा ब्रह्माकुमारी प्रभारी संजू बहन ने बताया कि बच्चों का आध्यात्मिक विधि से मनोरंजन भी हो कुछ आध्यात्मिक विचार सीखें। मन को एकाग्र स्थिर करें। मन को शांत करें। इसी बातों का ध्यान देते हुए बच्चों के लिए स्पेशल यह कैंप लगाया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृष्णा पब्लिक स्कूल की टीचर प्रतिमा बहन, लोयोला की टीचर सुधा बहन, मीनाक्षी बहन, अनिता बहन, जीवन प्रबंधन सलाहकार ज्योति बहन, संगीता झा, गोपाल भाई, दिनेश भाई के कुशल मार्गदर्शन का लाभ मिला। इस कैंप में 55 बच्चों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 22 मई तक चलेगा। इस कार्यक्रम के कुशल आयोजन में सलेंद् भाई, रागवेंद्र भाई, संजय पुष्पा बहन का विशेष योगदान रहा।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन



**जमशेदपुर।** भारतीय तरुण संघ के न्यासी मंडल और कार्यकारिणी समिति की एक बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ एमएस सिंह मानस की अध्यक्षता में संघ के कार्यालय में हुई। जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिये गये। बैठक में संघ के महासचिव केपी सिंह, सुनील सिंह, राजू भगत, सुषमा सिंह, सुषमा सिंह, संजय सिंह गुड्डू, रवींद्र राय, सुनील सिंह, रमेश राय भी थे। सर्वसम्मति से भारतीय तरुण संघ द्वारा संचालित आदर्श बाल मध्य एवं उच्च विद्यालय के लिए वर्तमान कार्यकाल की विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समाजसेवी नीरज सिंह संरक्षक होंगे जबकि सतीश जायसवाल को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष, अजीत सिंह और सुषमा सिंह को उपाध्यक्ष, सुनील सिंह और राजू भगत को सचिव, नीरू सिंह, रविन्द्र राय को सहायक सचिव और दीपक राय को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में रुद्रप्रताप पांडेय, वर्मा प्रसाद, सुभाष सिंह, देवी प्रसाद दास और अजय वर्मा को शामिल किया गया है। समिति में सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार और विधायक प्रतिनिधि प्रभात ठाकुर विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

### भोजपुरी नवगीत के हस्ताक्षर डॉ शाहाबादी को नमन




**जमशेदपुर।** भोजपुरी हिंदी कविता गीत नवगीत के यशस्वी रचनाकार स्वर्गीय डॉ परमेश्वर दूबे शाहाबादी जी की 43वीं पुण्यतिथि 20 मई को स्मृति गोष्ठी का आयोजन बिरसानगर स्थित साहित्यकार गंगा प्रसाद अरुण के आवास पर प्रातः 10 बजे से लकीर प्रकाशन के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित शहर के कवि, गीतकार और साहित्यकार लोगों ने सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर श्रद्धा सुमन के रुप में श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मृति गोष्ठी में डा अमर कुमार सिंह, गंगा प्रसाद अरुण, मनोकामना सिंह 'अजय', हरिहर राय चौहान, जयशंकर दूबे, संजय पाठक, जीतेश तिवारी, राजेश भोजपुरिया, कुमार हार्दिक, अभिनव कुमार इत्यादि उपस्थित हुए।

### नगर आगमन पर डॉ अजय कुमार का स्वागत



**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर के पूर्व सांसद सह तीन राज्य क्रमशः तमिलनाडु, पांडिचेरी और ओड़िशा के प्रभारी डॉ अजय कुमार का ओडिशा से जमशेदपुर सोनारी एयरपोर्ट में नगर आगमन हुआ। डॉ अजय के आगमन पर सोनारी हवाई अड्डे पर उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। वे कुछ महीने से राज्य से बाहर तीन राज्यों के चुनाव में व्यस्त थे। मौके पर प्रदेश महासचिव संजीव श्रीवास्तव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, प्रदेश उपाध्यक्ष रईस रिजवी छब्बन, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष बबलू झा भी थे।



# हैदराबाद के सामने होगी केकेआर की मजबूत चुनौती



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आइपीएल इतिहास में पहली बार तालिका में शीर्ष पर रहकर ग्रुप चरण का समापन किया। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम का सामना अब मंगलवार को क्वालिफायर-1 सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। केकेआर की टीम अब तक 13 बार आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंची है और टीम को आठ बार जीत मिली है, जबकि पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, टीम कभी क्वालिफायर-1 में नहीं हारी है। ऐसे में हैदराबाद के सामने केकेआर कड़ी चुनौती पेश कर सकता है।

### हैदराबाद-केकेआर को मिलेंगे दो मौके

ग्रुप चरण के बाद अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने का फायदा हैदराबाद और केकेआर को मिलेगा। दरअसल क्वालिफायर-1 खेलने वाली दोनों टीमों को फाइनल में पहुंचने के दो अवसर मिलते हैं। केकेआर और हैदराबाद के बीच क्वालिफायर-1 की विजेता टीम सीधे फाइनल में प्रवेश कर लेगी, जबकि हारने वाली टीम का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और राजस्थान रॉयल्स के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से होगा। आरसीबी और राजस्थान के बीच जो टीम हारेगी उसका सफर समाप्त हो जाएगा, जबकि जीतने वाली टीम को क्वालिफायर-1 की हारने वाली टीम से भिड़ना होगा।

### आइपीएल प्लेऑफ में ऐसा है केकेआर का रिकॉर्ड

कोलकाता की टीम का रिकॉर्ड प्लेऑफ में बेहतर है और दो बार खिताब जीत चुकी है। केकेआर की टीम 2021 में विषम परिस्थितियों से उबर कर फाइनल तक पहुंची थी जहां उसे फाइनल में केकेआर से हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर की टीम ने जहां क्वालिफायर-1 में कभी कोई मैच नहीं गवाए हैं, वहीं उसे दो बार एलिमिनिटर और दो बार क्वालिफायर-2 में हार का सामना करना पड़ा है। अब तक टीम दो बार क्वालिफायर-1 खेली है और दोनों ही बार फाइनल में पहुंचकर खिताब जीता है।

### केकेआर के प्लेऑफ में नतीजे

- 2011: मुंबई इंडियंस से एलिमिनेटर में चार विकेट से मिली हार। यह मुकाबला वानखेड़े स्टेडियम पर खेला गया था
- 2012: पुणे के एमसीए स्टेडियम पर खेले गए क्वालिफायर-1 मैच में दिल्ली कैपिटल्स (तब डेयरडेविल्स) को 18 रनों से हराया
- 2012: चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर खेले गए फाइनल मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच विकेट से हराकर पहली बार विजेता बनी
- 2014: कोलकाता के ईडन गार्डेंस पर खेले गए क्वालिफायर-1 मैच में पंजाब किंग्स को 32 रनों से हराया
- 2014: फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर दूसरी बार जीता खिताब
- 2016: दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुए एलिमिनेटर मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 22 रनों से मिली हार
- 2017: एलिमिनिटेर मैच में डकवर्थ लुइस नियम से सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया
- 2017: क्वालिफायर-2 में मुंबई इंडियंस ने छह विकेट से हराया
- 2018: ईडन गार्डेंस पर खेले गए एलिमिनेटर मैच में राजस्थान रॉयल्स को 25 रनों से हराया
- 2018: सनराइजर्स हैदराबाद ने क्वालिफायर-2 में 14 रनों से हराया
- 2021: एलिमिनेटर मैच में आरसीबी को चार विकेट से हराकर क्वालिफायर-2 में प्रवेश किया
- 2021: क्वालिफायर-2 में दिल्ली कैपिटल्स को तीन विकेट से मात दी
- 2021: चेन्नई सुपर किंग्स से फाइनल में 27 रनों से हार मिली

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 14 | 09 | 03 | 02 | 20 | +1.428 |
| हैदराबाद | 14 | 08 | 05 | 01 | 17 | +0.414 |
| राजस्थान | 14 | 08 | 05 | 01 | 17 | +0.273 |
| बेंगलुरु | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | +0.459 |
| चेन्नई | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | +0.392 |
| दिल्ली | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | -0.377 |
| लखनऊ | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | -0.667 |
| गुजरात | 14 | 05 | 07 | 02 | 12 | -1.063 |
| पंजाब | 14 | 05 | 09 | 00 | 10 | -0.353 |
| मुंबई | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 | -0.318 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 708 |
| गायकबाड | चेन्नई | 583 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| पराग | राजस्थान | 531 |
| साई | गुजरात | 527 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल | पंजाब | 24 |
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| अर्शदीप | पंजाब | 19 |
| वरूण | कोलकाता | 18 |
| देशपांडे | चेन्नई | 17 |

## एक दो शॉट लगाने पर मेरे चेहरे पर आयी मुस्कान: क्लासन

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बल्लेबाज हाइनरिक क्लासन ने कहा कि 26 गेंदों में 42 रनों की पारी में उन्होंने जब कुछ शॉट लगाए तब जाकर उनके चेहरे पर मुस्कान आई है। क्लासन ने रविवार को खेले गये मैच के बाद कहा, मैं पिछले कुछ समय से अच्छे से हिट नहीं कर पाया हूं। तो मैं नेट्स पर वापस गया और समस्या का पता लगाया और इससे मुझे मदद मिली। और आज मैंने एक या दो हिट लगाए जो मेरे चेहरे पर मुस्कान लाए।

## सिमंस होंगे पापुआ न्यू गिनी के विशेषज्ञ कोच

**पोर्ट मोरेस्बी।** वेस्टइंडीज की टीम के कोच रहे फिल सिमंस को जून में होने वाले टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट के लिए पापुआ न्यू गिनी ने विशेषज्ञ कोच नियुक्त किया हैं। क्रिकेट पीएनजी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सिमंस को स्थानीय परिस्थितियों के अच्छा अनुभव के कारण टीम का विशेषज्ञ कोच बनाया गया है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में किंग होंगे वेस्टइंडीज के कप्तान

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्टइंडीज ने रोवमैन पॉवेल की अनुपस्थिति में ब्रेंडन किंग को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम का कप्तान बनाया है। किंग नेपाल के हालिया दौरे पर वेस्टइंडीज ए का नेतृत्व करने की कतार में थे, लेकिन चोटिल होने के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था।

## रांची की सड़कों पर बाइक चलाते दिखे एमएस धोनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चेन्नई सुपर किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने अंतिम लीग मैच में हराकर आइपीएल 2024 के प्लेऑफ से बाहर कर दिया था। इस मैच में सीएसके को जब प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 5 गेंदों में 11 रन बनाने थे तब सीएसके के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी यश दयाल की गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद सीएसके के आरसीबी से ये मैच हार गई। इस हार के बाद धोनी को काफी मायूस देखा गया। उनकी आंखें नम दिखाई दीं। इस हार के बाद धोनी अगले ही दिन अपने घर रांची लौट आए।



अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में धोनी चेन्नई की सड़कों पर अकेल वाइक चलते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान धोनी ने सिर पर हेलमेट पहना हुआ है। इसके साथ ही धोनी ग्रीन कलर की टी शर्ट में नजर आ रहे हैं। तो वहीं, उन्होंने ब्लैक कलर की पैंट पहनी हुई है। इस दौरान धोनी अपनी यामा की बाइक पर तेज हवा की बीच चलते हुए नजर आ रहे हैं।

## बीसीसीआइ ने छह पूर्वोत्तर राज्यों में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमी की आधारशिला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने रविवार को नॉर्थ ईस्ट में इनडोर प्रशिक्षण सेंटर की आधारशिला रखी। इसमें विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और साल भर के प्रशिक्षण विकल्पों के लिए फिटनेस सेंटर शामिल होंगे और इससे अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम सहित छह राज्यों के क्रिकेटरों को लाभ होगा। इसके बाद बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'नार्थ ईस्ट में बीसीसीआइ की अत्याधुनिक इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं. 'छह राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम) के हमारे क्रिकेटरों को जल्द ही पूरे साल प्रशिक्षण सुविधा के लिए विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर से लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, यह मिजोरम में नए पवेलियन के लॉन्च के साथ, इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में बड़ा कदम है। इससे पहले, बीसीसीआई ने दिसंबर 2022 में अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड सिक्किम में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण सुविधा के निर्माण और वार्षिक रखरखाव के लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) जारी करने की घोषणा की थी। बीसीसीआइ कहा था, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण सुविधा के निर्माण के लिए बीसीसीआई निविदा प्रक्रिया के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थानों से बोलियां आमंत्रित करता है। बोली जमा करने की इच्छुक किसी भी पार्टी को आरएफपी खरीदना आवश्यक है. हालांकि, केवल आरएफपी में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और उसमें निर्धारित अन्य नियमों और शर्तों के अधीन बोली लगाने वाले ही पात्र होंगे। यह स्पष्ट किया गया है कि केवल आरएफपी खरीदने से ही कोई भी बोली लगाने का हकदार नहीं हो जाता।

## दीप्ति जीवनजी ने 400 मीटर टी20 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता



एजेंसी

**कोबे।** 20 वर्षीय दीप्ति जीवनजी ने सोमवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 में विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया और अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। दीप्ति ने 55.07 सेकंड का समय लेकर अमेरिकी ब्रीना क्लार्क के 55.12 सेकंड के पहले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में चैंपियनशिप के संस्करण के दौरान बनाया था। टी20 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जो बौद्धिक रूप से कमजोर हैं। तुर्की की आयसेल ओन्डर 55.19 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और इक्वाडोर की लिजानशेला अंगुलो 56.68 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले, पैरा एशियाई खेलों की चैंपियन ने रविवार को हीट में 56.18 सेकंड के एशियाई रिकॉर्ड समय के साथ महिलाओं की 400 मीटर टी20 के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। बाद में, योगेश कथुनिया ने पुरुषों के डिस्कस थ्रो F56 फाइनल में सीजन के सर्वश्रेष्ठ 41.80 अंक के साथ रजत पदक जीता।

तीसरे दिन, प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 फाइनल में कांस्य पदक जीता, जबकि निधाद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 में 1.99 मीटर के प्रभावशाली सीजन-सर्वश्रेष्ठ अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने अब तक चार पदक (1 स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य) जीते हैं।

## इंग्लैंड टीम ने पाक महिला को 34 रन से हराया और सीरीज 3-0 से जीती

**लीड्स।** डैनी व्याट 48 गेंदों में (87) और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड महिला की महिला टीम ने तीसरा टी-20 मैच में पाकिस्तान की महिला टीम को 34 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ इंग्लैंड की टीम ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट लिये 60 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिदरा अमीन (26) के रूप में पाकिस्तान का पहला विकेट गिरा। इसके बाद अगले ही ओवर में गुल फिरोजा भी (30) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद सदफ शमास (6) और मुनीबा अली(3) रन 10वें और 11वें ओवर में लगातार पाकिस्तान के चार विकेट गिरने के साथ ही उसके बल्लेबाज बैकफुट पर आ गये और इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे उनके रनों रफ्तार भी धीमी होती गई। कप्तान निदा डार और आलिया रियाज ने पारी को संभालने का प्रयास किया और मैच के अंत तक पिच पर टिकी रहीं।

## जल्दी विकेट लो और बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर करने से रोको : हरभजन सिंह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि आधुनिक क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी पर लगाम लगाने की कुंजी गेंदबाजों की विकेट लेने की क्षमता में निहित है। आइपीएल के 2024 के मौजूदा सीजन के बाद नियमित रूप से टीमों ने कई मौकों पर आसानी से 200 रन का आंकड़ा पार किया। भारत के लिए 103 टेस्ट, 236 वनडे और 28 टी20 मैच खेलने वाले हरभजन ने इस बात पर जोर दिया कि गेंदबाजों को रन देने की कीमत पर भी विकेट लेने का लक्ष्य रखना चाहिए। हरभजन ने कहा कि मेरा मानना है कि कोई भी गेंदबाज जो कहता है कि वह रन फ्लो को रोक सकता है, वह सच नहीं है। चाहे वह लसिथ मलिंगा हो या जसप्रीत बुमराह। विकेट लेने के लिए आपको अच्छी गेंदबाजी करने की जरूरत है। सबसे छोटे प्रारूप में विकेट लेना ही गेंदबाजों के लिए एकमात्र रास्ता है। यह सिर्फ कौशल के साथ ही आएगी। ऐसा नहीं है कि फुल टॉस गेंद फेंककर आपने विकेट ले लिया तो आगे से भी ऐसा ही करेंगे। आगे ऐसा नहीं होगा। फुल-टॉस गेंद एक विकेट लेने की तुलना में छह अधिक देगी। इकोनॉमी रेट तभी सुधरेगा जब आप विकेट के लिए प्रयास करेंगे। मुझे लगता है कि यही मानसिकता होनी चाहिए। जब भी मैं कोई भी प्रारूप, टी20, टेस्ट या वनडे खेलता हूं, तो मैं विकेट लेने की कोशिश करता हूं। उस प्रक्रिया में, भले ही आप 2-3 विकेट की कीमत पर कुछ रन भी दे दें। यही मानसिकता होनी चाहिए।पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने भी वनडे क्रिकेट में इस्तेमाल की जाने वाली दो नई गेंदों के मुद्दे पर कहा कि वनडे क्रिकेट में 2 नई गेंदें संभवतः एकदिवसीय क्रिकेट के लिए सबसे खराब चीज है। कल्पना कीजिए कि कितने फिंगर स्पिनर एकदिवसीय क्रिकेट खेलते हैं। एक नाथन लियोन हैं जिन्होंने 400 विकेट लिए हैं, एक आर. अश्विन हैं जिन्होंने 400 विकेट लिए हैं।

## लंदन जाएंगे धोनी कराएंगे इलाज, रिटायरमेंट पर फैसला चोट ठीक होने पर लेंगे !

**नयी दिल्ली।** अपने संन्यास को लेकर तेजी से उठ रहे सवालों के बीच भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मांसपेशियों में चोट के इलाज के लिए लंदन जाने की योजना बना रहे हैं। सीएसके सूत्रों ने कहा है कि धोनी ठीक होने के बाद अपनी भविष्य की रणनीति पर फैसला लेंगे। शनिवार को करो या मरो के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सीएसके इंडियन प्रीमियर लीग की प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। यह केवल तीसरी बार होगा जब 5 बार का चैंपियन आइपीएल प्लेऑफ में शामिल नहीं होगा। सूत्रों का कहना है कि धोनी अपनी मांसपेशियों की चोट की सर्जरी के लिए लंदन जा सकते हैं, जिसके कारण उन्हें आइपीएल के दौरान संघर्ष करना पड़ा। वह पूरी तरह से फिट नहीं हैं, लेकिन क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं और वह इलाज के बाद ही अपने भविष्य के बारे में फैसला करेंगे, जिससे उन्हें ठीक होने में 5 से 6 महीने लगेंगे। सीजन की शुरूआत में दर्शकों को तब झटका लगा था।

## निजता का उल्लंघन : रोहित के आरोप के बाद स्टार का रिप्लाई, निजी बातचीत का प्रसारण नहीं किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने सोमवार को रोहित शर्मा से जुड़ी किसी निजी बातचीत के ऑडियो का प्रसारण करने से इनकार किया। भारतीय कप्तान ने चैनल पर रिकॉर्डिंग रोकने के आग्रह के बावजूद उनकी निजता के उल्लंघन' का आरोप लगाया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रोहित और अपने सहायक कोच अभिषेक नायर से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है जिसमें भारतीय कप्तान को कथित तौर पर मुंबई इंडियन्स में अपने भविष्य पर विचार करते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो 11 मई को वायरल हो गया था। नाइट राइडर्स ने बाद में अपने सोशल मीडिया पेज से इस वीडियो को हटा दिया। रोहित को 16 मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले भी धवल कुलकर्णी से बात करते देखा जा सकता है। इस सलामी बल्लेबाज ने एक बार फिर कैमरों को अपनी तरफ देखकर प्रसारणकर्ता से ऑडियो बंद करने का आग्रह किया। रविवार को उन्होंने चैनल पर निजी बातचीत का प्रसारण करने का आरोप लगाया लेकिन स्टार ने बयान में आरोपों से इनकार किया है। चैनल ने कहा, वानखेड़े स्टेडियम में 16 मई को ट्रेनिंग सत्र के दौरान ली गई इस क्लिप में, जिसके लिए स्टार स्पोर्ट्स के पास आधिकारिक अनुमति थी, सीनियर खिलाड़ी को मैदान पर अपने दोस्तों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया। इस बातचीत का कोई ऑडियो रिकॉर्ड प्रसारित नहीं किया गया। उन्होंने कहा, क्लिप में केवल सीनियर खिलाड़ी को अपनी बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड नहीं करने का अनुरोध करते हुए दिखाया गया था जिसे स्टार स्पोर्ट्स के मैच से पूर्व की तैयारियों के सीधे प्रसारण में दिखाया गया और इसके अलावा इसकी कोई संपादकीय प्रासंगिकता नहीं थी। इस बातचीत के ऑडियो को नाइट राइडर्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया जिसके बाद मुंबई इंडियन्स के साथ रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी। विवाद के बाद नाइट राइडर्स ने इसे हटा दिया। रोहित ने रविवार को कहा, एक्सक्लूसिव सामग्री पाने की जरूरत और केवल व्यूज तथा जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास टूट जाएगा।

## भारतीय मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीम ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**बैंकॉक।** भारत की मिश्रित 4x400 रिले टीम ने सोमवार को एशियाई रिले चैंपियनशिप के उद्घाटन संस्करण में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन ब्रैकेट में प्रवेश करने के लक्ष्य से चूक गई। मोहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री दांडी, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट 14.12 सेकंड का समय लेकर रेस जीती। 3 मिनट 14.34 सेकंड का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड भारतीय टीम ने पिछले साल हांगझू एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर बनाया था। रिले रेस के चारों चरणों में भारत आगे चल रहा था. श्रीलंका 3:17.00 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि वियतनाम 3:18.45 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहा। सोमवार का समय विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में भारत को पहले के 23वें स्थान से 21वें स्थान पर पहुंचा देगा, जबकि लक्ष्य



15वें या 16वें स्थान पर होना था। इस प्रकार भारत ओलंपिक में जगह बनाने के लिए मुश्किल स्थिति में है क्योंकि पेरिस में मिश्रित 4X400 मीटर रिले स्पर्धा में केवल सोलह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस महीने की शुरूआत में नासाउ, बहामास में विश्व एथलेटिक्स रिले के दौरान 14 मिश्रित 4X400 मीटर टीमें पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं और 30 जून की क्वालीफिकेशन समय सीमा तक देशों के सर्वोत्तम समय के आधार पर केवल दो स्थान भरे जाने बाकी थे। चेक गणराज्य (3:11.98) और इटली (3:13.56) वर्तमान में रोड टू पेरिस सूची में 15वें और 16वें स्थान पर हैं, शीर्ष 14 टीमों से नीचे जिन्होंने बहामास में विश्व एथलेटिक्स रिले के दौरान पेरिस का टिकट बुक किया था, जहां भारत ने ग्रेड बनाने में असफल रहा था. सोमवार को यहां भारत का लक्ष्य कम से कम 3:13.56 से बेहतर प्रदर्शन कर 16वें स्थान पर रहना था, लेकिन देश ऐसा करने में असफल रहा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ 30 जून की समय सीमा से पहले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मिश्रित 4X400 मीटर रिले टीम भेजने पर विचार कर सकता है। भारत मंगलवार को दूसरे दिन पुरुषों और महिलाओं की 4X400 मीटर रिले दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेगा। बहामास में, राजेश रमेश, रूपल चौधरी, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्री दांडी की भारतीय मिश्रित 4X400 मीटर रिले चौकड़ी ने खराब दौड़ लगाई और पहले दौर के क्वालीफायर की हीट रेस में पेरिस कट बनाने में असफल रही. पुरुषों की 4X400 मीटर रिले दौड़ के दौरान रमेश के घायल होने के बाद भारतीय टीम दूसरे दौर की क्वालीफायर हीट रेस से बाहर हो गई। बाद में, पुरुष और महिला दोनों की 4X400 मीटर रिले टीमों ने दूसरे दौर की क्वालिफिकेशन हीट रेस के दौरान पेरिस कट हासिल किया।

## योगेश कथुनिया ने विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

एजेंसी

**कोबे (जापान)।** भारत के शीर्ष पैरा डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने सोमवार को विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में एफ56 वर्ग में रजत पदक हासिल किया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर इस टूनामेंट अपना बेस्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने इस स्पर्धा में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई है। कथुनिया ने 41.80 मीटर का थ्रो हासिल किया, जिससे वह ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस के बाद दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता। जबकि कांस्य पदक स्लोवाकिया के डुसान लैक्जो को मिला। वो गोल्ड मेडल जीतने से थोड़ा सा ही चूक गए अब वो थोड़ा बेहतरीन थ्रो करते तो शायद वो भारत को गोल्ड मेंडल दिला सकते थे। फाइनल में कथुनिया ने शानदार शुरूआत की, जो शुरूआत में 40.26 मीटर के थ्रो के साथ आगे रहे। हालांकि, क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने दूसरे प्रयास में 44.10 मीटर और चौथे प्रयास में 45.14 मीटर के साथ उनसे आगे निकल गए। कथुनिया ने लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार किया, जिसमें तीसरे प्रयास में 40.81 मीटर, पांचवें पर 41.34 मीटर और अंत में छठे प्रयास में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया। कथुनिया ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं और मैं अपने कोच को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे तैयारी करने में मदद की। फिलहाल, कुछ और चीजें हैं जिन पर मुझे काम करने की जरूरत है, जो मैं करूंगा। मैं क्लॉडनी और डूसन को भी उनके अद्भुत प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूं। अब, मेरा अगला फोकस पेरिस पैरालंपिक है। कथुनिया 2024 विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले चौथे भारतीय हैं।

# रमना बालिका उवि के टॉपर्स सम्मानित



सम्मानित छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बालिका उच्च विद्यालय में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर 10वीं में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनुप्रिया कुमारी ने प्रथम, सुहानी कुमारी ने द्वितीय तथा गौरवी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त की। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मदेव उरांव ने बताया कि दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 283 छात्राएं शामिल हुई थी। जिसमें 273 छात्राएं उतीर्ण हुई। वहीं नवीं बोर्ड परीक्षा में 306 छात्राओं में 305 छात्राएं उतीर्ण हुई। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं काफी मेहनती हैं। छात्राएं आज्ञाकारी और संस्कारी हैं। प्रभारी ने जोर देकर कहा कि विद्यालय में शिक्षा, संस्कार और अनुशासन हर हालत में कायम रहना चाहिए। इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विषय हिन्दी में सर्वाधिक छात्राओं द्वारा अत्यधिक अंक लाने पर हिन्दी शिक्षिका ममता कुमारी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षिका पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, ममता कुमारी गुप्ता, मोतीचंद राम आदि लोग उपस्थित थे।

# बिहार की 5 सीटों पर 52.60 % मतदान 80 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैंद

एजेंसी

**पटना।** बिहार की कुल 40 सीटों में पांचवें चरण की पांच सीटों सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर (सु) में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। सोमवार को हुए मतदान में 52.60 प्रतिशत वोट डाले गये। इस चरण में लगभग 56 प्रतिशत मतदाताओं ने 9436 मतदान केंद्रों पर वोट डाले। छह महिला और 74 पुरुष समेत कुल 80 उम्मीदवारों के भाग्य का निर्णय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में लॉक कर दिया।

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) एच. आर. श्रीनिवासन ने सोमवार को इन पांच संसदीय क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के बाद यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, साराण और हाजीपुर के 49 लाख 99 हजार 627 पुरुष, 45 लाख 11 हजार 259 महिला और 300 थर्ड जेंडर समेत कुल 95 लाख 11 हजार 186 मतदाताओं में से 55.85 प्रतिशत ने 9436 बूथों पर वोटिंग कर छह महिला और 74 पुरुष समेत कुल 80 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इन पांच लोकसभा सीटों पर 57.07 प्रतिशत मतदान हुआ था। यह इस बार इन पांच संसदीय क्षेत्रों में हुए मतदान से 1.22 प्रतिशत कम है।

**बोर्डर सील :** छठे चरण में चुनाव को लेकर सील किया जायेगा इंडो-नेपाल बार्डर। छठे चरण में पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण व शिवहर लोकसभा सीट के लिए 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर अगामी 23 मई से 25 मई तक भारत व नेपाल की सीमा को बंद किया जायेगा। साथ ही चुनाव के मद्देनजर भारत और नेपाल दोनो ओर सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों की ओर से चौकसी बरती जायेगी। फिलहाल नेपाल से भारत की ओर आने वाले दो पहिया व चारपहिया वाहनों के साथ पैदल यात्रियो की भी बारीकी से जांच की जा रही है।

## पीएम की चुनावी सभा के पूर्व 20 जिंदा कारतूस व आर्म्स के साथ एक गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** पीएम मोदी की चुनावी सभा से ठीक पहले मोतिहारी पुलिस ने एक अंतरजिला आर्म्स सप्लायर को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। छतौनी थाने के बरियारपुर जीरो माइल चौक के पास से उसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस कप्तान कान्तेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने उक्त कारवाई की है। एसपी ने बताया है कि उसके पास से 20 जिंदा कारतूस,यूएस मॉडल जैसा एक पिस्टल बरामद किया गया है।गिरफ्तार तस्कर बेगूसराय जिले के साहेब कमाल थाना क्षेत्र का निवासी मधुसूदन कुमार बताया गया है। पुलिस ने उससे पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उसके विरुद्ध साहेब कमाल थाने में 2007 में चोरी,मानसी थाना क्षेत्र में 2017 व बेगूसराय नगर थाने में वर्ष 2022 में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। इसके अलावे पुलिस उसके अन्य अपराधिक मामलों को खंगालने में जुटी है। छापेमारी टीम में एएसपी के अलावे छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार,एएसआई मुकेश कुमार,इन्द्रकांत कुमार,सिपाही राजेन्द्र कुमार,बिद्बु कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

## मोदी को फिर से बनाए पीएम: चौधरी

वहीं वाल्मीकिनगर लोक सभा चुनाव को ले सभी दलों के कार्यकर्ताओ ने अपने पार्टी को विजयी बनाने के लिए अपनी अपनी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में भवन निर्माण मंत्री डॉ अशोक चौधरी वाल्मीकिनगर लोक सभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान मतदाताओं को एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील की। पत्रकारो से बात करते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी जदयू के सुनील कुमार को भरपूर जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

## खबर एक नजर में

# रंका पुलिस ने पाइप चोर गिरोह को दबोचा, चार गिरफ्तार



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रंका।** रंका पुलिस ने रविवार की रात्रि छापामारी कर पाईप चोर गिरोह को दबोच लिया है। रंका पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पलामू जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ीबीर निवासी वाजुद्दीन अंसारी का पुत्र अयूब अंसारी, धनबार जिला अंतर्गत गोविंद्पुर था ने क्षेत्र के गोड़थपा निवासी सब्बा अहमद, मुर्गाबनी गांव निवासी मुमताज अंसारी व सज्जाद अंसारी का नाम शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 34 पीस डीआई पाइप लदा ट्रक नंबर जेएच 10 जेड 2735, एक बिना नंबर प्लेट काला रंग का न्यू स्कर्पियो एवं एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल नंबर जेएच 03 क्यू 4469 को जप्त कर लिया है। रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह ने सोमवार को रंका थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि रंका थाना क्षेत्र के हुरदाग में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। चोर इस योजना में लगने वाली पाइप चोरी कर ट्रक से ले जा रहे थे। इसकी गुप्त सूचना रंका पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छापामारी किया। छापामारी के दौरान रंका पुलिस को एक ट्रक में लदा हुआ तीन दर्जन डीआई पाइप जप्त कर लिया है। जबकि उसके चालक एवं खलासी सहित पाइप लोड करने में सहयोग करने वाले एक दर्जन मजदूर भागने में सफल रहे। एसडीपीओ ने बताया कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना में कार्य कर रहे राजगृही सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा हुरदाग के पास पाइप गिराया गया था। रविवार की देर रात्रि करीब 1:30 बजे चोरों ने पाइप को ट्रक में लोड कर लिया। तभी राजगृही सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत साइट इंचार्ज आनंद गोपाल को इसकी भनक लगी। साइट इंचार्ज ने रंका थाना प्रभारी को सूचना दी। इसके बाद एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार एसडीपीओ के नेतृत्व में रंका पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आदि पदाधिकारियों के साथ टीम गठित कर छापामारी की गई। छापामारी टीम में रंका थाना प्रभारी अनिल नायक, पुअनि अनिल कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## मनरेगा कार्य में जेसीबी चलाने पर मुखिया सहित नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत बलियारी पंचायत में मनरेगा के तहत कुआं की खुदाई प्रतिबंाित जेसीबी मशीन से कराए जाने के संदर्भ में पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव सहित नौ लोगों पर बीडीओ सह सीओ मोहम्मद आफताब आलम के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार 15 मई को कुआं खोदाई कर रहे जेसीबी मशीन को डीडीसी के निर्देश पर थाना पुलिस के द्वारा जप्त किया गया था। वहीं रविवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के जांच प्रतिवेदन के आलोक में बीडीओ सह सीओ मोहम्मद आफताब आलम के द्वारा संबंाित बलियारी पंचायत के मुखिया चंदा देवी, पंचायत सचिव संजीव ठाकुर, ग्राम रोजगार सेवक मनोज, जेसीबी मशीन के मालिक दीपक गुप्ता पिता रघुनाथ प्रसाद के साथ साथ 05 लाभुक ष्णा कुंवर, प्रियंका कुमारी, दिनेश दुबे,सोना देवी एवं श्यामा कुंवर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि बीडीओ के द्वारा दिए गए शिकायत पत्र के अनुसार नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पंचायत के जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की मांग



पंचायत की जमीन पर लगा अतिक्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के मकरी पंचायत के ग्रामीणों ने प्रभारी अंचलाधिकारी को आवेदन देकर पंचायत के जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने की मांग किया है। दिए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मकरी पंचायत भवन के समीप पंचायत का जमीन है जिसे कुछ दिन पूर्व नापी कराया गया था। लेकिन उस जमीन का सीमांकन अभी तक नहीं हो पाया है। गांव के ही सफीउल्ला शेख के द्वारा उक्त जमीन पर बाउंड्री कर अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रभारी अंचलाधिकारी से अतिक्रमण को रोकते हुए सीमांकन करने की मांग किया है। आवेदन देने वालो में प्रदीप विश्वकर्मा, बब्लू विश्वकर्मा, मुरारी विश्वकर्मा, दीपक यादव, सौरभ यादव, पिंटू कुमार, अखिलेश कुमार, लक्ष्मण विश्वकर्मा, सुशील विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिन्हा, सुनील विश्वकर्मा, रोहित कुमार लाल, सुशील कुमार लाल, अख्तर अंसारी, सोनु राम, प्रदीप राम आदि का नाम शामिल है।

# अनियमितता का मुखिया व ग्रामीणों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध करते मुखिया व अन्य

**धुरकी।** गढ़वा जिले का सबसे मशहूर व धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत अंतर्गत परासपानीकला गांव में पर्यटन स्थल सुखलदरी वाटर फॉल पहुंच पथ निर्माण में सड़क का ठेका लेने वाले ठेकेदार व पेटी कांटेक्टर ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण मे पीसीसी व कालीकरण कार्य में गुणवत्ता को ताख पर रखकर घोर अनियमितता बरता जा रहा है। जिसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने सोमवार को परासपानीकला गांव में जमकर विरोध कर कार्य को बंद करा दिया। यह सड़क अंबाखोरया धुरकी नगर उंटारी मुख्य पथ से परापानीकला गांव होते सुखलदरी वाटर फॉल तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से ग्रामीण कार्य विभाग गढ़वा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, उपमुखिया गीता देवी, राजकुमार विश्वकर्मा वार्ड सदस्य हिरा सिंह, शिवपुजन सिंह, अवध कुमार, प्रभु सिंह, शिवनाथ कोरवा, अनील साव, सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में परासपानीकला मुख्य बस्ती मे पीसीसी निर्माण मे सबसे घटिया स्तर का कंक्रीट गिट्टी डस्ट के साथ कम मात्रा मे सीमेंट व बालू का प्रयोग करते हुए पीसीसी ढलाई का कार्य मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। वहीं निम्न स्तर का सामग्री प्रयोग करने के बाद पीसीसी पथ निर्माण के बाद टुट जाएगा। जिससे पर्यटन स्थल पर जाने वाले पर्यटक और स्थानीय ग्रामीणो को परेशानी होगी। बीडीसी व मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि सुखलदरी वाटर फॉल तक जाने के लिए सड़क निर्माण कार्य को वे लोग अथक प्रयास से बनवा रहे हैं, लेकिन ठेकेदार और पेटी कांटेक्टर व ग्रामीण कार्य विभाग के जेई कमिशन बंटवारा करने के लिए सड़क की गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं। ग्रामीणो ने कहा कि यह सड़क हमारे गांव पंचायत और प्रखंड ही नही बल्कि जिले के सबसे मशहूर व पर्यटन स्थल का दर्जा प्राप्त कर चुके सुखलदरी वाटर फॉल तक जाने वाली मुख्य सड़क बन रही है, इसलिए इसके निर्माण कार्य मे विभागीय जेई और एई को अनुपस्थित रहना कमिशनखोरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जब जेई संजीव कुमार से पूछा गया तब उन्होने कहा कि सड़क का निर्माण खराब हो रहा है, तब ग्रामीण इसका विरोध करें और पीसीसी ढलाई को ग्रामीण अपने सामने कराएं। वहीं ग्रामीणो ने निम्न स्तर का डस्ट युक्त कंक्रीट गिटी से निर्माण कार्य नहीं करने के लिए ठेकेदार और मुंशी को निर्देश दिया है। वहीं इधर शिलापट्ट में उपरोक्त सड़क निर्माण योजना का नाम व प्राक्कलन तथा विभाग का नाम भी अंकित नहीं है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुजुर्ग किसान की मौत

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज में सोमवार की अहले अहले सुबह तेज बारिश के दौरान ठनका गिरने और इसकी चपेट में आने से एक 65 वर्षीय बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। मृतक गयानंद मल्लाह फारबिसगंज प्रखंड के परवाहा पंचायत स्थित वार्ड संख्या 13 बहरदार स्कूल टोला निवासी स्व. रघु मल्लाह का बेटा था। मुखिया प्रतिनिधि पुण्यानंद मंडल ने बताया कि सोमवार की अहले सुबह तेज आंधी के साथ हुई बारिश के दौरान मृतक किसान अपने घर के बगल स्थित खेत गया था। खेत में मक्का को बारिश से बचाने के लिए प्लास्टिक व त्रिपाल आदि से ढक कर वापस अपने घर लौट रहा था। इसी बीच ठनका की चपेट में आने से रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

## लड़की के शादी से इंकार करने पर लड़के ने थाने में लगाई फांसी

**नवादा।** नवादा जिले के परनडाबर थाना क्षेत्र के मझौलिया गांव में लड़का और लड़की के बीच विवाद हो गया। इसी बीच आपातकालीन पुलिस सेवा 112 की पुलिस ने सोमवार को मौके पर पहुंच कर दोनों को परनाडाबर थाना ले आयी। इसके बाद पुलिस के द्वारा दोनों को थाना के कंप्यूटर रूम में रखा गया। इसी दौरान अचानक युवक ने खिड़की में अपने ही गमछा से फांसी का फंदा बनाकर लटक कर आत्महत्या करने की कोशिश की। जैसे ही पुलिस वालों की नजर पड़ी, तुरंत उसे फंदे से उतारकर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए युवक को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल पावापुरी रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

## शैलेश झा ने किया 50वां रक्तदान

**सहरसा।** आजाद युवा विचार मंच के शैलेश कुमार झा ने रविवार की देर रात दो जरूरतमंदों के जीवन बचाने के लिये अपने 44 वर्ष के जीवन काल में 50वां रक्तदान पूरा किया। शैलेश कुमार झा ने कहा कि विगत तीन दिनों से नया नगर श्रींगारपूर निवासी भारती देवी को ए-प्लस रक्त की अत्यंत ही आवश्यकता थी। इस विषम परिस्थिति को देखते हुए रक्तदान के लिए तय समय से पूर्व उन्होंने 50वां रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि यह दिन मेरे जीवन के लिए बेहद खास रहेगा जब किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने के लिए रक्तदान का अर्धशतक पूरा किया। साथ ही कहा कि उन्होंने रक्तदान का आरंभ 1999 में एम्स दिल्ली से किया जब उनकी मां कैंसर बीमारी से ग्रसित होकर भर्ती थीं।

## मोतिहारी में अधिवक्ताओं ने किया मतदाता रैली का आयोजन

**पूर्वी चंपारण।** जिला अधिवक्ता विचार मंच के तत्वाधान में सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मंच के जिलाध्यक्ष सह विशेष लोक अभियोजक पॉस्को कुमार शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में निकली गयी मतदाता जागरूकता रैली न्यायालय परिसर में घूमकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। अधिवक्ताओं ने तख्ती पर लिखे वोट माई फ्यूचर, सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, पहले मतदान फिर जलपान आदि नारों के साथ आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किया। मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि मतदान का अधिकार हमें संविधान से मिला है। यह अधिकार सभी संवैधानिक अधिकारों से अधिक महत्वपूर्ण है। मतदान करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

## मलवे में दबकर ठेकेदार की मौत

**नवादा।** नवादा जिले के हिसुआ बाजार में सविता टॉकीज के पुराने भवन को तोड़ने के मामले में रविवार की शाम ठेकेदार वासुदेव विश्वकर्मा की छज्जा गिरने से दबकर मौत के मामले को साजिश के तहत हत्या बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे जांचकर नाकाम करने की मांग न्याय प्रिय लोगो ने नवादा के एसपी से की है। सिनेमा हॉल के खरीदने वाले मालिक फल व्यवसाई सुनील सिंह जब तोड़कर नया भवन बनाना चाहते थे, तो वासुदेव विश्वकर्मा ने संपर्क कर तोड़ने का ठेका ले लिया। उसने ही मजदूर बुलाकर पुराने भवन को तुड़वाने लगे।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

खबर मन्त्र संवाददाता



अजीत कष्यप की फाइल फोटो

**रंका।** थाना अंतर्गत गोदरमाना में बीती रात्रि भोला राम कश्यप के पुत्र अजीत कश्यप 21 वर्ष ने घर से 100 मीटर दूर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार बीती रात्रि अजीत घर से बाहर निकला, जो वापस नहीं लौटा। जिसके बाद परिजनों ने रात से ही खोजबीन शुरू किया। इस दौरान अजीत का शव उप स्वास्थ्य केंद्र गोदरमाना के समीप पेड़ पर लटका पाया गया। रंका पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

## छह साल के बालक के गले में फंसा रस्सी, हुई मौत

**अररिया।** जिले के कुसार्कांटा प्रखंड क्षेत्र के कुआड़ी पंचायत के कठफर वार्ड संख्या 09 में सोमवार को झूला झूलने के क्रम में रस्सी गले में फंस जाने के कारण एक बच्चे की मौत हो गयी। पेड़ की टहनी के सहारे झूला टांग कर बच्चे झूला झूल रहे थे। इसी क्रम में छह साल के बालक के गले में झूला का रस्सी लपटा गया। प्लास्टिक की रस्सी बच्चे के गले में लपटाने की खबर बच्चों ने परिजन को दी, जिसके बाद बच्चे को आनन फानन में कुसार्कांटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट

### प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर दोनों ने थाना में दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 स्थित मझिआंव कला गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इधर प्रथम पक्ष के वार्ड नंबर 5 निवासी मारुति नंदन सोनी ने थाना में लिखित आवेदन देकर गहेड़ी गांव निवासी ननकू मेहता, उनका पुत्र गुड्डू मेहता एवं उनकी पत्नी के द्वारा दरवाजे पर आकर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के साथ ही मारपीट करते हुए बाउंड्रीवाल को तोड़कर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। साथ ही आवेदन में कहा गया है लगभग 10:30 बजे शुरुआर टोला निवासी विजय सिंह के साथ मैं अपने घर पर बैठा था। इसी बीच उपरोक्त तीनों ने मेरे घर के दरवाजे के पास आते ही मुझे गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। पास पड़ोस के लोगों ने मुझे किसी प्रकार इन लोगों के चंगुल से छुड़ाया और साथ ही जान से मारने की धमकी देते रहा। वहीं दूसरी पक्ष के गहेड़ी गांव निवासी उदय कुमार मेहता उर्फ गुड्डू मेहता ने भी घायल अवस्था में थाना में आवेदन देकर मारुति नंदन सोनी, उनके पिता हरिशंकर सोनी एवं बड़ा भाई सोनू कुमार सोनी के ऊपर जमीनी विवाद में कंप्रोमाइज करने को लेकर घर बुलाकर मेरे मां, पिताजी को भद्दी भद्दी गालियां देते मारपीट करने लगा और इस दौरान बीच बचाव में माथा फोड़ने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही आवेदन में कहा गया है कि मारुति नंदन सोनी के द्वारा मेरे रैयत्ती जमीन में 27 गुना 5 फीट जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए जबरन बाउंड्री वल निर्माण कर दिया गया है। साथ ही आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जांचोंपरांत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं उदय कुमार मेहता को रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से एक दूसरे के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना में आवेदन दिया गया। लेकिन दोनों पक्षों के द्वारा आपस में कंप्रोमाइज करने को लेकर वार्तालाप हो रही है।

## हाईवा ओर सीएनजी ऑटो में टक्कर, दो की मौत तीन घायल

**भागलपुर।** जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक गांव के समीप एसएच 84 पर सोमवार को तेज रफ्तार हाइवा ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ई-रिक्शा पर सवार चाचा भतीजा की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। ई-रिक्शा के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके से हाईवे चालक हाइवा लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की सूचना पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि धोरैया थाना क्षेत्र के गौरा स्थित एक गांव में बारात गई थी। सुबह सीएनजी ई-रिक्शा से चाचा भतीजा और अन्य लोग घर लौट रहे थे। इसी दौरान मुर्गियाचक गांव के समीप तेज रफ्तार हाईवा ने टक्कर मार कर फरार हो गया। ई-रिक्शा को जब्त कर लिया गया है और पूछ-ताछ की जा रही है।

# 8 राज्यों की 49 सीटों पर 57.47 % वोटिंग

## बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े, मुंबई में उद्धव गुट के 3 कार्यकर्ता गिरफ्तार

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू के बीच सोमवार को आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर औसतन 57.47 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। पांचवें चरण में ओडिशा विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर भी मतदान कराया गया, जिसमें इन सीटों के 60.70 प्रतिशत मतदाताओं ने भाग लिया। आयोग द्वारा रात साढ़े सात बजे जारी आंकड़ों के अनुसार पांचवें चरण में पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर सर्वाधिक 73.00 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि सबसे धीमा मतदान महाराष्ट्र में हुआ, जहां मत प्रतिशत 49.01 है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मतदान कुल मिलाकर शांति पूर्ण रहा। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा कैंडिडेट्स और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई है। मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी एश्ट रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना के तीन कार्यकताओं को हिरासत में लिया है। उत्तर प्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान उप्फ्ब्रऋ के एक जवान की मौत हो गई।

उत्तर प्रदेश की 80 में से जिन 14 सीटों पर आज वोट डाले गये, उनमें मत प्रतिशत 57.79 रहा। जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों में से आज बारामुला सीट पर मतदान कराया गया, जहां केन्द्र शासित प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी के अनुसार 1984 के बाद सर्वाधिक 59.00 प्रतिशत मत पड़े। लद्दाख की एक मात्र सीट पर 67.01 प्रतिशत दर्ज किया गया।

इस तरह इन 49 सीटों पर 695 प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज हो गया है। पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव लड़ रहे, जिन प्रमुख प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य तय होना है, उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ), कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी (रायबरेली), केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी(अमेठी), पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर), जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला( बारामूला), लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान (हाजीपुर) और भारतीय जनता पार्टी के जुएल ओरांव (सुंदरगढ़) भी शामिल हैं। इसके अलावा इस चरण में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर , डॉ प्रवीण भारती, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य के भाग्य का ईवीएम में दर्ज हो गया।

इस चरण में उत्तर प्रदेश की जिन 14 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें मोहनलाल गंज (सुरक्षित), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (सु.), झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (सु.), बाराबंकी (सु.), फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा शामिल हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीटें सुरक्षित हैं।

महाराष्ट्र में धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, थाने, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर - मध्य, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई दक्षिण संसदीय सीटों पर मतदान होगा। बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव हुआ, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं। इसके अलावा ओडिशा में बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, झारखंड में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, पश्चिम बंगाल में बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग है। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक मात्र संसदीय सीट के लिये मतदान हुआ।

वर्ष 2019 के चुनाव में इन 49 सीटों में से 32 पर भाजपा, सात पर शिवसेना (अविभाजित) और चार पर तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशियों को सफलता मिली थी।

| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| बिहार | 52.69 |
| जम्मू-कश्मीर | 59.00 |
| झारखंड | 63.00 |
| लद्दाख | 67.15 |
| महाराष्ट्र | 49.04 |
| ओडिशा | 60.72 |
| उत्तर प्रदेश | 57.79 |
| पश्चिम बंगाल | 73.00 |

## ईरान में पांच दिन का राष्ट्रीय शोक मो. मोखबर होंगे अंतरिम राष्ट्रपति



**तेहरान (हि.स.)।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत पर देश में पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। उन्होंने मोहम्मद मोखबर को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने को मंजूरी दी है। दुनिया के प्रमुख नेताओं ने राइसी के निधन पर शोक जताया है। इनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर हादसे में निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर जारी अपने शोक संदेश में कहा है कि दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति डॉ. सैयद इब्राहिम राइसी के दुखद निधन से बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और विदेशमंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन व अन्य के निधन पर शोक संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति राइसी ने अपना संपूर्ण जीवन ईरान और इस्लाम की निरंतर सेवा में बिताया। राइसी ने अन्य सभी विचारों से ऊपर, लोगों की भलाई और संतुष्टि को प्राथमिकता दी, जो ईश्वर की संतुष्टि के बराबर है। खामेनेई ने कहा है कि ईरान ने एक ईमानदार, समर्पित और मूल्यवान सेवक खो दिया। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर का मलबा सुबह अजरबैजान की पहाड़ियों पर मिला। हेलीकॉप्टर में राष्ट्रपति के साथ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत नौ लोग सवार थे। रईसी 19 मई की सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने गए थे। लौटते वक्त अजरबैजान की सीमा के करीब ईरान के वरजेघन शहर में यह हादसा हुआ। उनका हेलीकॉप्टर रविवार शाम 7:30 बजे अजरबैजान के पास लापता हो गया था।

## आप को विदेशों से करोड़ों की अवैध फंडिंग, ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी पर विदेशी फंड को लेकर बड़ा खुलासा किया है। ईडी ने पार्टी पर विदेशी दानदाताओं से प्राप्त करीब 7 करोड़ रुपये के स्रोत छिपाने का आरोप लगाया है। इस मामले में ईडी ने सोमवार को एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी है। ईडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि आम आदमी पार्टी ने विदेशी फंड हासिल करने में एफसीआए का उल्लंघन किया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि आप ने 2014 और 2022 के बीच कनाडा, अमेरिका, मध्य पूर्व, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में स्थित विदेशी दानदाताओं से प्राप्त 7 करोड़ रुपये के स्रोत की पहचान छिपाई है। जांच एजेंसी ने आम आदमी पार्टी पर इस विदेश फंड को हासिल करने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस फंड को हासिल करने के लिए विदेशी दानदाताओं की पहचान और राष्ट्रीयता के साथ-साथ कई अन्य तथ्यों को छिपाने से आरोप ईडी ने अपनी रिपोर्ट में लगाए हैं।

# आदिवासियों के अधिकार मुसलमानों को देना चाहती है तृणमूल और कांग्रेस : मोदी

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के झारग्राम में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ममता की सरकार पर जमकर निशाना साधने के साथ-साथ कांग्रेस को भी निशाना बनाया। मोदी ने कहा कि इंडी एलायंस का मकसद आदिवासियों की जमीन छीन कर मुसलमानों को देना है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन को अपनी हार का एहसास हो गया है इसलिए मतदाताओं को धमकी दे रहे हैं। जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अपनी हार देखकर तृणमूल का गुस्सा चरम पर है। पश्चिम बंगाल की जनता उन्हें वोट नहीं दे रही है इसलिए वो भाजपा को गाली दे रहे हैं। वह अब राज्य की जनता को धमका रहे हैं। कल तक तृणमूल, कांग्रेस को गाली दे रही थी और अब तृणमूल कह रही है कि वे इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं। पश्चिम बंगाल के लोग



जानते हैं कि कांग्रेस डूबता जहाज है। एक बार फिर रामकृष्ण मिशन के खिलाफ ममता बनर्जी के बयान को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन का योगदान मेरे जीवन में बहुत बड़ा है। पूरा बंगाल जानता है किस तरह से मेरा जीवन मिशन की वजह से बदला है, रामकृष्ण मिशन का अपमान बंगाल बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस दोनों मिलकर आदिवासियों के अधिकारों को रोकना चाहते हैं। वे आदिवासियों को मिले हर एक अधिकार को खत्म कर मुसलमानों को देना चाहते हैं।

## कांग्रेस राज में सुबह की शुरूआत घोटाले और शाम का अंत आतंकी हमलों से होता था : योगी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के चुनावी समर में उतरे भाजपा के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नवीन जिंदल के पक्ष में न्यू अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली की। योगी ने कुरुक्षेत्र की धरा को प्रणाम किया, फिर बोले कि कमल के फूल पर बटन दबाकर 'अबकी बार-400 पार' और 'फिर एक बार मोदी सरकार' बनाना है। अयोध्या का जिक्र कर योगी ने कहा कि हमने रात-रात भर जगकर अयोध्या को अयोध्या बनाया है। योगी ने आगे कहा कि अब कोई दुश्मन हमारी सीमा में घुसपैठ नहीं कर सकता है। अब आतंकी विस्फोट नहीं होते, पहले हर जिले, क्षेत्र, प्रदेश में विस्फोट से निर्दोष मारे जाते थे। उन्होंने कहा



कि कांग्रेस शासन में सुबह की शुरूआत घोटाले और शाम होते-होते आतंकी वारदात की बड़ी खबरें आती थीं, लेकिन अब भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक के माध्यम से विश्व को अपनी ताकत का अहसास कराया है। हम शांति और सौहार्द के पक्षध? हैं, लेकिन शांति केवल बोलने से नहीं, ताकत से हासिल की जाती है। योगी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की शुरूआत और शाम का अंत भी झूठ से होता है। योगी ने कहा कि 25 करोड़ के उत्तर प्रदेश में पहले सरकार कमजोर और माफिया हावी थे। उनकी समानांतर हुकूमत चलती थी। आज हमने सभी अपराधियों व माफिया को जहन्नुम में पहुंचा दिया। उनका राम नाम सत्य हो गया। उप्र में आज 14 सीटों पर चुनाव हो रहा है। मुझे पता है कि सभी सीटें हमारे पास आनी हैं, इसलिए मैं हरियाणा प्रचार करने आया हूं। योगी आदित्यनाथ ने पंजाब में गैंगस्टर खड़े होकर फिर से गैंगवार कर रहे हैं। वहां लोग कह रहे हैं कि हालत खराब हो गए हैं। एक बार भाजपा को पंजाब में मौका दे दो, मैं माफिया को मिर्च का झोंका लगाकर ठीक कर दूंगा। योगी ने कहा कि ब्रह्म सरोवर में तिरंगा लहरा रहा है।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# हमारे घोषणा पत्र को लेकर भ्रम फैला रहे हैं नरेंद्र मोदी : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार चरणों के चुनाव में अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखला गए हैं और पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा सोमवार को यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी को दिल्ली की जनता से कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली के आम लोगों के साथ 10 साल से अन्याय हो रहा है और कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने के बाद यहां के लोगों के साथ हो रहे अन्याय को खत्म करेगी। श्री मोदी पर झूठ फैलाने का



आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, देश का राजा अगर झूठ बोल रहा है, तो वह वर्तमान के साथ आने वाले पीढ़ियों का भी नुकसान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार हमारे मेनिफेस्टो के बारे में झूठ फैला रहे हैं। आपको विपक्ष की निंदा करनी है तो कीजिए लेकिन अपना लेखा-जोखा भी दीजिए। मोदी को अपना रिपोर्ट कार्ड देश के सामने रखना ही चाहिए, लेकिन आपके पास जवाब नहीं है और आपने देश के 10 साल व्यर्थ कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी होने के कारण दिल्ली के मुद्दे राष्ट्रीय स्तर के होते हैं। अगर दिल्ली में श्रमिकों की स्थिति दयनीय है, तो ये पूरे देश का प्रतिबिंब है। हमारे नेता राहुल गांधी 'न्याय' शब्द का उपयोग करते हैं। यह मात्र एक शब्द नहीं बल्कि हमारे संविधान और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। उन्होंने कहा, राहुल जी 'भारत जोड़ो यात्रा' कर दिल्ली पहुंचे और यहां के लोगों से बातचीत की तथा हमारा घोषणा पत्र उसी का परिणाम है। मोदी सरकार ने बदले की भावना के कारण दिल्ली की बनी-बनाई व्यवस्था को बर्बाद करने की कोशिश की।

## कोटड़ी भट्टीकांड में बड़ा फैसला

# पॉक्सो कोर्ट ने दो भाइयों को सुनाई फांसी की सजा

एजेंसी

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा के कोटड़ी में नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर जिंदा ही कोयले की भट्टी में जलाने के मामले में कोर्ट ने आज दोनों दोषियों कालू और कान्हा को फांसी की सजा सुनाई है। दोनों दोषी सगे भाई हैं। शाहपुरा। जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में 2 अगस्त 2023 को अपने खेत पर बकरियां चराने गई नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर कोयले की भट्टी में जिंदा जलाने की घटना हुई थी। इस मामले में शनिवार को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट 2 ने दो आरोपियों को दोषी माना था और 7 आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया था। अब सोमवार को न्यायालय ने दोषी दोनों मुख्य आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। दोनों सगे भाई हैं। राज्य सरकार की ओर से नियुक्त विशेष लोक अभियोजक महावीर किसनावत ने कहा कि इस मामले में 9 आरोपियों की ट्रायल पॉक्सो कोर्ट में हुई थी। सरकार की ओर से 43 गवाहों के बयान पंजीबध करवाए गए। इस मामले में एक महिला गवाह ने अभियोजन साक्ष्य के खिलाफ बयान दिया, जिस पर किसनावत ने महिला गवाह को पक्ष द्रोही घोषित किया। इसका कारण ये था कि यह महिला गवाह प्रकरण के मुख्य अभियुक्त की सास थी।

# सेलिब्रिटीज ने किया मतदान, अक्षय ने पहली बार डाला वोट

एजेंसी









**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार के पास कनाडा की नागरिकता थी, इसलिए वे पिछले चुनावों में वोट नहीं दे सके थे। 15 अगस्त, 2023 को भारतीय नागरिकता मिलने के बाद उन्होंने आज लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया। पहली बार वोट डालने के बाद उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरा देश भारत विकसित और मजबूत हो। बॉलीवुड के बादशाह कहे जाने वाले शाहरुख खान ने अपने परिवार के साथ मतदान के अधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्र के बाहर खान परिवार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वह ब्लैक टी-शर्ट, जींस लुक में नजर आए। इस दौरान पत्नी गौरी खान के साथ बेटी सुहाना, आर्यन और अबराम भी नजर आए। शाहरुख की एक झलक पाने के लिए मतदान केंद्र के बाहर भीड़ जमा हो गई। रणवीर और दीपिका दोनों ने मुंबई में मतदान किया। उनके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रणवीर और दीपिका सफेद शर्ट और डेनिम पैंट में वोट करने पहुंचे। बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। फरहान अपनी बहन जोया अख्तर और मां हनी ईरानी के साथ वोट डालने पहुंचे। दिग्गज अभिनेत्री शोभा खोटे ने मुंबई के एक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन सेलिब्रिटीज के अलावा जान्हवी कपूर और सान्या मल्होत्रा ने पोलिंग स्टेशन जाकर वोट डाला।


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

श्रीलेदर्स नमन् करता है अपने संस्थापक को उनकी 34वीं पुण्यतिथि के अवसर पर



पूज्यनीय सुरेश चंद्र डे

स्वपनद्रष्टा • योद्धा • प्रेरणास्त्रोत

21.04.1911 – 21.05.1990

परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी!
परिवार जिसका मंदिर था, स्नेह जिसकी शक्ति थी
ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें!
आपका प्रेममय स्वभाव हमारे लिए प्रेरणादायक रहेगा!!

Sreeleathers